फोन:-4103333, 2362400 फैक्स:-0141-2373513 वर्ष: 73 संख्या: 317 प्रभात जयपुर, सोमवार 19 जून, 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 3.50 रु.

ARBIT




The Wright Brothers

Between 1904 & 05, the Wright Brothers developed their flying machine to make longer running and more aerodynamic flights with Flyer II

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

Earliest Days

The Wright Brothers made an aircraft for the United States military but that did not turn out to be a success.



*सर्वाधिक दुर्लभ पक्षियों में से एक है टाकही। उड़ने में असमर्थ इस पक्षी को ओरोकोनुई इकोसैंक्युअरी में नवजीवन मिला है। टाकही पक्षी सिर्फ न्यूज़ीलैंड में मिलते हैं, खासकर वहां की मर्चिसन पहाड़ियों, फिओर्डलैंड और गौलैण्ड डाउन्स व कहूरांगी नैशनल पार्क में। फ्लाइटलैस टाकही (साउथ आइलैंड टाकही) विश्व में रेल प्रजाति के सबसे बड़े पक्षी हैं। नॉर्थ आइलैंड टाकही दुर्भाग्य से लुप्त हो चुके हैं। न्यूज़ीलैंड के साउथ आइलैंड की जनजातियों, नाई ताहू, माओरी आदि के लिए टाकही का विशेष सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं पारम्परिक महत्व है। नाई ताहू जनजाति के लोग तो टाकही को ट्रैज़र मानते हैं, इसलिए वे स्वयं को इनका रक्षक कहते हैं और इनके संरक्षण के लिए काम करते हैं। टाकही हालांकि उड़ सकने वाले अपने दूर के रिश्तेदार ''पूको'' (पर्पल स्वॉम्प हैन) जैसे लगते हैं, लेकिन उनके मुकाबले टाकही बड़े व शोख रंगों के होते हैं। इनका वजन 2.3 किलोग्राम से 3.8 किलोग्राम तक होता है। इनकी लाल रंग की मजबूत टांगें, बड़ी और मजबूत लाल चोंच होती है। सिर, गर्दन और छाती पर गहरे नीले रंग के पंख होते हैं और कंधे ''पीकॉक ब्लू'' रंग के। पीठ व पंखों का रंग चमकदार फिरोज़ी से लेकर मूंगिया हरा तक होता है। टाकही वर्ष में एक बार प्रजनन करते हैं तथा एक बार में एक से दो बच्चों को जन्म देते हैं। जंगल में इनकी आयु 16-18 वर्ष तथा अभयारण्य में 20-22 साल होती है। घास के मैदानों में रहने वाले ये पक्षी टसैक और सैज प्रजाति की घास की पत्तियों का नीचे वाला स्टार्च युक्त भाग खाते हैं। बर्फ गिरने पर ये जंगल में चले जाते हैं तथा समर ग्रीन फर्न के भूमिगत डंठल (राइज़ोम) खाते हैं। वर्ष 2007 में स्टोट (परभक्षी जीव) प्लेग की वजह से मर्चिसन माउन्टेन्स में इनकी आबादी में 50 प्रतिशत की कमी आई थी। हिरण भी टसैक घास में चरना पसंद करते हैं, जिससे टसैक घास के विकास पर प्रभाव पड़ता है और इस तरह टाकही के भोजन व आवास पर प्रभाव पड़ता है। कभी साउथ आइलैंड में ये बड़ी तादाद में मिलते थे, पर, अवैध शिकार, परभक्षी जीवों, आवास विनाश व भोजन की प्रतिस्पर्धा से इनकी आबादी कम हो गई। लगभग 50 साल तक इन्हें लुप्त माना गया था, फिर, 1948 में इनकी दोबारा खोज हुई। एक फ़िज़ीशियन, ज्यॉफ्री ऑरबैल ने मर्चिसन पहाड़ियों के सूदूर घास के मैदानों में इन पक्षियों को देखा। इसके बाद न्यूज़ीलैंड का सबसे लम्बी अवधि तक चलने वाला संरक्षण कार्यक्रम शुरु हुआ। सत्तर साल चले इस कार्यक्रम में ऐसे कदम उठाए गए, जिससे टाकही कभी भी विलुप्त ना हों। आज टाकही की आबादी 400 से कुछ अधिक है और इन्हें ''नैशनली वल्नरेबल'' वर्ग में रखा गया है।*

# केजरीवाल का आरोप, मेरी सभा फ्लॉप करवाने के लिए कुर्सियां फिकवाई गईं

## केजरीवाल और भगवंत मान ने श्रीगंगानगर में जनसभा को संबोधित किया और मु.मंत्री अशोक गहलोत को निशाने पर लिया

- **यूथ कांग्रेस ने केजरीवाल और भगवंत मान को काले झंडे दिखाए। यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष करण सहारण के नेतृत्व में सुखाड़िया सर्किल के नजदीक विरोध-प्रदर्शन हुआ।**
- **केजरीवाल ने कहा कि, सचिन पायलट पूर्ववर्ती वसुंधरा राजे सरकार के भ्रष्टाचार की जांच की मांग करते-करते थक गये लेकिन मु.मंत्री गहलोत ने उनकी एक ना सूनी।**
- **आप पार्टी ने आरोप लगाया है कि, केजरीवाल के आने से पहले रामलीला मैदान में 15-20 लोग आए और कुर्सियां उठा-उठाकर फेंकी।**

श्रीगंगानगर, 18 जून। श्रीगंगानगर जिले में दिल्ली के सी.एम. अरविंद केजरीवाल और पंजाब के सी.एम. भगवंत मान को कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं के विरोध का सामना करना पड़ा। यूथ कांग्रेस ने केजरीवाल और मान को काले झंडे दिखाए। यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष करण सहारण के नेतृत्व में सुखाड़िया सर्किल के नजदीक विरोध-प्रदर्शन किया। पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। पुलिस सहारण और यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को पकड़ कर ले गई। भाजपा नेता संजय मूंदड़ा के नेतत्व में विरोध में नारे लगाए। मान पर केमिकल युक्त दूषित पानी पर नहीं रोकने का आरोप लगाया। बता दें केजरीवाल और मान ने आज पंजाब से सटे राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में जनसभा को संबोधित किया और सी.एम. अशोक गहलोत को निशाने पर लिया।

आप ने आरोप लगाया है कि केजरीवाल के आने से पहले रामलीला मैदान में 15-20 लोग आए और कुर्सियां उठा-उठाकर फेंकी। केजरीवाल का इशारा कांग्रेस की तरफ था। बता दें केजरीवाल और मान ने पंजाब से सटे श्रीगंगानगर जिले में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने केजरीवाल और भगवंत मान का विरोध किया। भाजपा नेता संजय मूंदड़ा के नेतत्व में विरोध में नारे लगाए। काले दूषित पानी को लेकर कार्यकर्ताओं ने किया विरोध-प्रदर्शन। आरोप लगाया कि पंजाब से नहरों के जरिए केमिकल युक्त दूषित पानी आ रहा है। पंजाब सरकार समस्या के निजात नहीं दिला रही है।

सी.एम. केजरीवाल ने कहा कि भाजपा-कांग्रेस ने मिलकर भ्रष्टाचार किया है। बेचारे सचिन पायलट कह-कह कर थक गये, लेकिन गहलोत कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। कहते हैं कि वसुंधरा मेरी बहन लगती है। अरविंद केजरीवाल ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे गंगानगर और स्टेडियम पर गहलोत साहब ने अपने होर्डिंग्स लगा रखे है। मैं गहलोत साहब से कहना चाहता हूं 5 साल काम कर लेते तो यह नीच हरकत नहीं करनी पड़ती। केजरीवाल के मुताबिक लोगों ने कहा कि सारे होर्डिंग गहलोत ने आपकों दिखाने के लिए लगा रखे है। केजरीवाल ने कहा कि हमारे आने से पहले यहां 15-20 लोग आ गए थे। कुर्सियां उठा-उठाकर फेंक रहे थे। ये तो डरपोक लोगों की हरकत है। ये तो कायर लोगों की हरकत है। अगर 5 साल काम कर लेते गहलोत साहब तो ये सब आप को करने की जरुरत नहीं पड़ती। आपका काम बोलता। केजरीवाल ने कहा कि गहलोत ने पांच साल काम नहीं किया। इसलिए केजरीवाल की रैली खराब करने की जरुरत पड़ रही है। अगर आप राजस्थान के लोगों के दिलों में बसते थे तो आज आराम से चेन की नींद सोए रए होते। गहलोत साहब रोज एक नया झुंझुनां थमा रहे है। केजरीवाल ने कहा कि सरकार में आने पर राजस्थान में आम आदमी पार्टी हर गांव में मोहल्ला क्लिनिक खुलवाएगी। हर घर में 300 यूनिट बिजली मुफ्त देगी।

सभा को संबोधित करते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा, गहलोत साहब ने हमारी रैली फेल करने के लिए काले झंडे लेकर लोगों को भेजा था। ये काले झंडे आम आदमी पार्टी के लिए घी का काम करते हैं। अकाली दल काले झंडे दिखाती थी, अब वे खुद अपना रंग भूल गए हैं। उल्लेखनीय है कि केजरीवाल पंजाब के रास्ते राजस्थान में पकड़ मजबूत बनाना चाहते हैं। यही वजह है कि पंजाब से सटे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'यूनिफॉर्म सिविल कोड का कड़ा विरोध तो करेंगे, लेकिन इसके लिए गलियों में नहीं उतरेंगे'

## जमीयत प्रमुख अरशद मदनी का यूनिफॉर्म सिविल कोड को लेकर यह बयान सामने आया

- **गौरतलब है कि, विधि आयोग ने गत 14 जून को एक नोटिफिकेशन जारी करके य.सी.सी. पर लोगों से सुझाव मांगें हैं।**
- **अशरफ मदनी ने कहा कि बीते 1300 साल से हमारा पर्सनल लॉ है। हम उस पर ही कायम रहेंगे, आजादी के बाद से किसी भी सरकार ने ऐसा नहीं किया और हमें यकीन है कि इसकी कोई जरूरत भी नहीं है।**

नई दिल्ली, 18 जून। यूनिफॉर्म सिविल कोड (यू.सी.सी.) यानी समान नागरिक संहिता को लेकर नए सिरे से परामर्श प्रक्रिया की शुरुआत हो चुकी है। अनुमान लगाया जा रहा है कि लोकसभा चुनाव 2024 से पहले यह देश में लागू हो सकता है। गौरतलब है कि, विधि आयोग ने गत 14 जून को एक नोटिफिकेशन जारी करके यू.सी.सी. पर लोगों से सुझाव मांगें हैं।

इस बीच जमीयत प्रमुख अरशद मदनी का यूनिफॉर्म सिविल कोड को लेकर बयान आया है। उनके इस बयान से साफ हो रहा है कि कि समान नागरिक संहिता को लेकर मुस्लिम धर्म गुरुओं का रवैया क्या रहने वाला है। मदनी ने रविवार को अपना रुख जाहिर करते हुए कहा कि वह यूनिफॉर्म सिविल कोड (यू.सी.सी.) का विरोध तो करेंगे, लेकिन इसके लिए गलियों में नहीं उतरेंगे।

अशरफ मदनी ने कहा कि बीते 1300 साल से हमारा पर्सनल लॉ है। हम उस पर ही कायम रहेंगे, लेकिन यू.सी.सी. का विरोध करने के लिए गलियों का रुख नहीं करेंगे। यूनिफॉर्म सिविल कोड पर उन्होंने आगे कहा कि आजादी के बाद से किसी भी सरकार ने ऐसा नहीं किया और हमें यकीन है कि इसकी कोई जरूरत भी नहीं है। मदनी ने कहा कि जितना अधिक विरोध प्रदर्शन होगा, हिंदू और मुस्लिम दूर हो जाएंगे और गलत इरादों वाले लोगों का मिशन पूरा होगा। गौरतलब है कि विधि आयोग द्वारा इस मुद्दे पर नए सिरे से विचार-विमर्श की मांग की गई है। इसकी विपक्षी दलों ने आलोचना की है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि पिछले विधि आयोग ने इस मुद्दे पर 2018 में एक परामर्श रिपोर्ट प्रकाशित की थी। साथ ही उन्होंने हैरानी जताई कि वर्तमान विधि आयोग ने यह स्पष्ट नहीं किया कि नए सिरे से परामर्श की जरूरत क्यों हैं।

इस बीच इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा खान ने कहा कि यू.सी.सी. लागू करना भाजपा के लिए चुनाव जीतने का महज एक टूल है। वहीं, ऑल इंडिया

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

क्या आपको कम सुनाई देता है।
कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
फ्री सुनाई की जाँच
TRIAL OF HEARING AID
CALL FOR APPOINTMENT
+91 94602 07080
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
www.perfecthearingsolutions.com

# गीता प्रेस को गांधी शांति पुरस्कार के लिए चुना गया

नई दिल्ली, 18 जून (वार्ता)। देश के प्रतिष्ठित प्रकाशकों में से एक गीता प्रेस, गोरखपुर को वर्ष 2021 के गांधी शांति पुरस्कार के लिए चुना गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में निर्णायक मंडल ने रविवार को विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से वर्ष 2021 के गांधी शांति पुरस्कार के लिए गीता प्रेस, गोरखपुर का चयन किया है। यह पुरस्कार गीता प्रेस, गोरखपुर को अहिंसक और अन्य गांधीवादी आदर्शों के माध्यम से सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्र में परिवर्तन लाने में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जा रहा है।

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में निर्णायक मंडल ने रविवार को विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से वर्ष 2021 के गांधी शांति पुरस्कार के लिए गीता प्रेस, गोरखपुर का चयन किया है।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अमेरिका का चीन प्रेम जागा, विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन बीजिंग पहुँचे

## अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि, उनकी इस यात्रा एवं वार्ता का मुख्य लक्ष्य दोनों देशों के रिश्ते को स्थिर करना है, जो बेहद तनावपूर्ण हो चुके हैं

- **बी.बी.सी. न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, ब्लिंकन जनवरी 2021 में राष्ट्रपति जो बाइडन के पदभार ग्रहण करने के बाद चीन का दौरा करने वाले सर्वोच्च रैंकिंग वाले पहले अमेरिकी सरकारी मंत्री अथवा अधिकारी हैं।**
- **बी.बी.सी. के अनुसार, अमेरिकी हवाई क्षेत्र में एक संदिग्ध चीनी जासूसी गुब्बारे की उड़ान के बाद ब्लिंकन की पिछली यात्रा स्थगित होने के लगभग पांच महीने बाद वे चीन पहुंचे हैं।**

बीजिंग, 18 जून (वार्ता)। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन चीन के अधिकारियों के साथ दो दिवसीय बैठक के लिए रविवार को बीजिंग पहुंचे।

बीबीसी न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक ब्लिंकन जनवरी 2021 में राष्ट्रपति जो बाइडेन के पदभार ग्रहण करने के बाद चीन का दौरा करने वाले सर्वोच्च रैंकिंग वाले पहले अमेरिकी सरकारी अधिकारी हैं।

अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि वार्ता का मुख्य लक्ष्य एक ऐसे रिश्ते को स्थिर करना है जो बेहद तनावपूर्ण हो गये हैं। बीबीसी के अनुसार अमेरिकी हवाई क्षेत्र में एक संदिग्ध चीनी जासूसी गुब्बारे की उड़ान के बाद ब्लिंकन की पिछली यात्रा स्थगित होने के लगभग पांच महीने बाद वह चीन पहुंचे हैं। अमेरिका इस यात्रा को लेकर बहुत आशावान नहीं है। दोनों ही देश स्पष्ट कर चुके हैं कि वे किसी भी बहुत महत्वपूर्ण मुद्दे के समाधान को लेकर उम्मीद नहीं करते हैं।

गौरतलब है कि चीन ने ताइवान के पास सैन्य अभ्यास किया है, जिसे चीन अपना अभिन्न अंग मानता है। अमेरिका ताइवान की लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित सरकार के साथ घनिष्ठ संबंध रखता है।

गौरतलब है कि बाइडन सरकार ने सत्ता में आते ही चीन विरोधी वैश्विक गठबंधन सहित कुछ ऐसे फैसले लिए हैं जिनके कारण दोनों देशों के आपसी सम्बंधों में भारी तनाव व्याप्त हो गया है।

# 'आदिपुरुष' के विवादित डायलॉग्स बदले जायेंगे

नई दिल्ली, 18 जून (वार्ता)। आदिपुरुष फिल्म के निर्माताओं फिल्म ने रविवार को घोषणा किया कि जनता और दर्शकों की राय को ध्यान में रखते हुए फिल्म के कुछ संवादों में बदलाव करने का निर्णय लिया गया है।

फिल्म की टीम ने एक वक्तव्य में कहा, निर्माता कुछ संवादों में बदलाव करने पर विचार कर रहे हैं, जिससे फिल्म का मूल सार बना रहे और अगले कुछ दिनों में सिनेमाघरों में भी ऐसा ही दिखाई देगा। यह निर्णय इस बात का प्रमाण है कि बॉक्स ऑफिस पर अबाध कमाई करने के बावजूद, टीम अपने दर्शकों के लिए प्रतिबद्ध है और कुछ भी दर्शकों की भावनाओं और सामाजिक सद्भाव से परे नहीं है।

- **आदिपुरुष फिल्म के निर्माताओं फिल्म ने घोषणा की कि, जनता और दर्शकों की राय को ध्यान में रखते हुए फिल्म के कुछ संवादों में बदलाव करने का निर्णय लिया गया है।**

इस फिल्म ने अपनी रिलीज के पहले ही दिन बंपर कमाई की और यह कमाई लगातार जारी है और इसने वैश्विक रूप से दो दिनों में कुल 240 करोड़ रुपये की कमाई की है। आदिपुरुष फिल्म का निर्देशन ओम राउत ने किया है। इस फिल्म में प्रभास ने राम, कृति सेनन ने सीता, सैफ अली खान ने रावण और देवदत्त नागा ने हनुमान की भूमिका निभाई है।

# नाबालिग पहलवान लड़की के पिता ने एक बार फिर अपना बयान बदला

## नाबालिग पहलवान के पिता ने भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह के ऊपर लगे अपने आरोप वापस लेने का दावा किया

- **गौरतलब है कि, पहलवान साक्षी मलिक ने गत 17 जून को ही आरोप लगाया है कि, नाबालिग को अपना बयान बदलने के लिए परिवार को धमकियां मिली थीं।**
- **नाबालिग के पिता से जब यह सवाल किया गया कि, क्या उन्होंने किसी के दबाव में आकर अपने बयान को बदला है? इस पर उन्होंने कहा कि, ऐसा करने के लिए उन्हें किसी ने मजबूर नहीं किया।**

नई दिल्ली, 18 जून। भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के ऊपर कार्रवाई की मांग कर रहे पहलवानों ने कई दिनों से झंडा बुलंद किया हुआ है। बीते दिनों नाबालिग पहलवान के पिता ने अपने बयान से पलटते हुए बृजभूषण के ऊपर लगे अपने आरोप वापस लेने का दावा किया। नाबालिग के पिता का कहना था कि उनकी बेटी ने गुस्से में आकर बृजभूषण के ऊपर आरोप लगाए थे। नाबालिग के पिता से जब यह सवाल किया गया कि क्या उन्होंने किसी के दबाव में आकर अपने बयान को बदला है? इस पर उन्होंने कहा कि ऐसा करने के लिए उन्हें किसी ने मजबूर नहीं किया।

उधर पहलवान साक्षी मलिक ने आरोप लगाया कि नाबालिग को अपना बयान बदलने के लिए परिवार को धमकियां मिली थीं। साक्षी मलिक के इस दावे का विरोध करते हुए कि नाबालिग पहलवान के पिता ने दृढ़ता से कहा कि उनके परिवार को कोई धमकी नहीं मिली है। नाबालिग पहलवान के पिता ने कहा, "हमें जो करना चाहिए था, हमने कर दिया है। हमारे परिवार को धमकियों के ऐसे दावों में कोई सच्चाई नहीं है।"

साक्षी मलिक ने पहले खुलासा किया कि नाबालिग पहलवान ने दो बार बयान दिए थे- पहले पुलिस को भारतीय दंड संहिता की धारा 161 के तहत, और बाद में, धारा 164 के तहत एक मजिस्ट्रेट के सामने। हालांकि, मलिक के मुताबिक, नाबालिग पहलवान ने अपने परिवार को कथित धमकियों के कारण अपने बयान में बदलाव किया।

मलिक की टिप्पणी दिल्ली पुलिस की उस सिफारिश के बाद आई है, जिसमें नाबालिग पहलवान की तरफ से बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दायर की गई शिकायत को सबूतों के अभाव में खारिज करने की सिफारिश की गई थी। डब्ल्यू.एफ.आई. प्रमुख के मामले में रद्द करने की रिपोर्ट पर दिल्ली की एक अदालत चार जुलाई को विचार करेगी।

उधर साक्षी मलिक, विनेश फोगट और बजरंग पुनिया सहित भारत के प्रमुख पहलवानों ने बृजभूषण शरण सिंह पर सात पहलवानों के खिलाफ यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए उनकी गिरफ्तारी की मांग की है, जिनमें से एक नाबालिग है। डब्ल्यू.एफ.आई. प्रमुख के खिलाफ कार्रवाई के संबंध में सरकार से आश्वासन मिलने के बाद पहलवानों ने अपना विरोध प्रदर्शन स्थगित कर दिया था।

# हिमाचल व उत्तर भारत में भूकम्प

शिमला, 18 जून (वार्ता)। हिमाचल प्रदेश सहित उत्तर भारत में एक बार फिर भूकम्प के झटके महसूस किए गए हैं। इस बार भी केंद्र जम्मू-कश्मीर ही रहा है। लेकिन यह झटके पांच दिन पहले आए भूकंप से कम थे। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.4 मापी गयी।

प्रभावित इलाकों में झटकों के बाद एक बार फिर लोगों में अफरातफरी मची और लोग अपने घरों से बाहर आ गए। इस बार इन झटकों का केंद्र मां वैष्णो देवी मंदिर के पास कटड़ा में रहा। नेशनल सेंटर ऑफ सिस्मोलॉजी इंडिया के अनुसार यह भूकंप रविवार तड़के 3.50 बजे आया।

- **हिमाचल प्रदेश सहित उत्तर भारत में एक बार फिर भूकम्प के झटके महसूस किए गए। इस बार भी भूकम्प का केंद्र जम्मू-कश्मीर ही था। रिक्टर पैमाने पर भूकम्प की तीव्रता 5.4 मापी गयी।**

रिक्टर स्केल पर इसका कंपन 4.1 मेग्नीट्यूड था। इसका केंद्र कटड़ा से 80 किमी पूर्व धरती में 11 किमी नीचे लेटीट्यूड 42.96 और लांगीट्यूड 75.79 था। जिसका असर जम्मू-कश्मीर के साथ-साथ पंजाब, हिमाचल और चंडीगढ़ में भी महसूस किया गया।

गत मंगलवार को ही जम्मू-कश्मीर के डोडा में 1:33 बजे 5.4 तीव्रता का भूकंप आया था। दिल्ली के अलावा पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में भूकंप के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

शारीरिक वीरता एक पाशविक प्रवृत्ति है। मनुष्य की असली वीरता तो मानसिक और नैतिक होती है। –अज्ञात

# यह स्थिति किसी टाइम बम जैसी है!

इन दिनों विख्यात पत्रिका 'लैंसेट' में प्रकाशित एक शोध अध्ययन की बहुत चर्चा है। इस शोध के अनुसार भारत में दस दशमलव दस करोड़ लोग डायबिटीज़ से ग्रस्त हैं। इसमें यह जानकारी और जोड़ ली जाए कि भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार भारत में तेरह दशमलव साठ करोड़ लोग प्री–डायबिटीज़ के साथ जी रहे हैं। जिस शोध अध्ययन की चर्चा है वह लगभग एक दशक तक चला और उसमें भारत के हर राज्य के बीस साल से ज़्यादा उम्र के एक लाख तेरह हज़ार लोगों ने हिस्सा लिया। यह शोध 'द लैंसेट डायबिटीज़ एण्ड एण्डोक्राइनोलॉजी' में प्रकाशित हुआ है और इसे भारत के हर राज्य को कवर करने वाला पहला शोध कहा जा रहा है। स्थिति की गंभीरता का अनुमान इससे भी लगाया जा सकता है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान तो यह था कि भारत में सात दशमलव सत्तर करोड़ लोग डायबिटीज़ से पीड़ित और लगभग ढाई करोड़ लोग प्री–डायबिटीज़ की स्थिति में होंगे। लेकिन असल स्थिति इससे बहुत ज़्यादा गम्भीर पाई गई है। स्थिति की भयावहता का अनुमान इस बात से भी लगाया जा सकता है कि इस शोध की प्रमुख लेखिका डॉ आरएम अंजना ने, जो डॉ. मोहन डायबिटीज़ स्पेशलिटी सेण्टर की निदेशक हैं, कहा है कि **यह स्थिति किसी टाइम बम जैसी है।** डॉ. अंजना ने अपनी बात को और अधिक स्पष्ट करते हुए कहा है कि अगर आप प्री–डायबिटीज़ की स्थिति में हैं तो हमारी आबादी में डायबिटीज़ होने की दर बहुत अधिक है। प्री–डायबिटीज़ की स्थिति में होने वाले साठ प्रतिशत लोगों को अगले पांच सालों में यह बीमारी हो ही जाती है। अभी भारत में पंद्रह प्रतिशत लोग प्री–डायबिटिक हैं, इससे यह समझा जा सकता है कि आगामी पांच सालों में हमारे यहां स्थिति कितनी विकट होने वाली है। इसलिए उन्होंने इस स्थिति को टाइम बम का नाम दिया है। इस शोध के अनुसार भारत में सर्वाधिक डायबिटीज़ गोवा में है।वहां छब्बीस दशमलव चालीस प्रतिशत अर्थात एक चौथाई से ज़्यादा आबादी इससे ग्रसित है। इससे कुछ ही कम (छब्बीस दशमलव तीस प्रतिशत) लोग पुडुचेरी में और उससे कुछ कम (पच्चीस दशमलव पचास प्रतिशत) केरल में डायबिटीज़ ग्रस्त हैं। इस शोध में यह भी चेतावनी दी गई है कि उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार और अरुणाचल प्रदेश में, जहां डायबिटीज़ का प्रसार कम था, अब इसके ज़्यादा फैलने की आशंका है। यह और जान लेना उचित होगा कि पूरी दुनिया में हर ग्यारह में से एक वयस्क डायबिटीज़ से प्रभावित है। डायबिटीज़ की भयावहता इस बात से भी समझी जानी चाहिए कि इसकी वजह से हृदयाघात, स्ट्रोक, अंधापन और किडनी फेल होने की आशंका बढ़ जाती है।

हमने लैंसेट पत्रिका की जिस शोध रिपोर्ट की चर्चा से अपनी बात प्रारम्भ की है उसमें यह भी बताया गया है कि भारत की कुल आबादी के ग्यारह दशमलव चालीस प्रतिशत लोग डायबिटिक हैं और साढ़े पैंतीस प्रतिशत लोग उच्च रक्तचाप से पीड़ित हैं। इण्डियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च व अन्य अनेक संस्थानों के सहयोग से मद्रास के डायबिटीज़ रिसर्च फाउण्डेशन द्वारा किए गए अध्ययन में यह भी पाया गया है कि भारत में मोटापे के शिकार लोगों की संख्या भी बढ़कर अट्ठाइस दशमलव साठ प्रतिशत हो गई है। इन तथ्यों की प्रासंगिकता यह है कि मोटापे की समस्या को डायबिटीज़ और रक्तचाप दोनों से जोड़ कर देखा जाता है। एक तरह से इन तीनों में गहरा आपसी रिश्ता है। इन रोगों को चिकित्सा विज्ञान की भाषा में नॉन कम्युनिकेबल डिज़ीज़ (एनसीडी) के नाम से भी जाना जाता है। असल में एनसीडी का प्रयोग उन रोगों के लिए किया जाता है जो संक्रमण के माध्यम से नहीं फैलते हैं। डायबिटीज़ और उच्च रक्तचाप इसी श्रेणी के रोग हैं। सारी दुनिया में इन रोगों को मृत्यु के प्रमुख कारक के रूप में देखा जाता है।

**दुनिया के अन्य अनेक देशों की ही तरह भारत में भी डायबिटीज़ और मोटापे के लिए तेज़ी से बदलती जा रही जीवन शैली को ज़िम्मेदार माना जाता है। जैसे-जैसे जीवन में सुख सुविधाओं के साधन बढ़े हैं, हमारा शारीरिक श्रम कम होता जा रहा है। हमारी आर्थिक स्थिति सुधरती है तो हम बहुत सारी यांत्रिक सुविधाओं का उपभोग करने लगते हैं जिनसे हमारा श्रम कम होता है और जिनके कारण हमारी गतिशीलता में कमी आती जाती है।**

दुनिया के अन्य अनेक देशों की ही तरह भारत में भी डायबिटीज़ और मोटापे के लिए तेज़ी से बदलती जा रही जीवन शैली को ज़िम्मेदार माना जाता है। जैसे–जैसे जीवन में सुख सुविधाओं के साधन बढ़े हैं, हमारा शारीरिक श्रम कम होता जा रहा है। हमारी आर्थिक स्थिति सुधरती है तो हम बहुत सारी यांत्रिक सुविधाओं का उपभोग करने लगते हैं जिनसे हमारा श्रम कम होता है और जिनके कारण हमारी गतिशीलता में कमी आती जाती है। पहले जहां हम छोटी–मोटी दूरियां पैदल चल कर पार कर लेते थे, अब उन्हीं दूरियों को पार करने के लिए अपनी हैसियत के अनुसार दोपहिया या चार पहिया वाहनों का इस्तेमाल करने लगे हैं। पहले हम एक दो मंज़िलें आसानी से चढ़ जाते थे, अब लिफ्ट या एस्केलेटर की तरफ भागते हैं। जीवन में व्यस्तताएं भी बढ़ती जा रही हैं इसलिए हम समय बचाने के लिए यंत्रों पर अधिक निर्भर होने लगे हैं। गांवों से निकल कर हम शहरों में आ गए हैं जहां जीवन उतना स्वास्थ्यप्रद नहीं रह गया है। प्रदूषण तो खूब है ही, दूरियां भी हैं जो हमारा समय खाती हैं। इन सबकी वजह से और काम के बढ़े हुए और अनियमित घण्टों की वजह से हमारा तनाव भी कई गुना ज़्यादा बढ़ गया है। हम अधिक सुविधापूर्ण या विलासिता भरी जीवन शैली की लालसा में सीमा से अधिक काम करने लगे हैं जो हमारा तनाव कई गुना बढ़ाता है। ज़्यादा अर्जित किए गए धन और प्रचार प्रसार से प्रभावित होकर हम सहज सुलभ और स्वास्थ्यप्रद खान–पान को छोड़कर हानिप्रद फास्टफूड की तरफ भाग रहे हैं, जो दिखने में भले ही आकर्षक हो, और थोड़ी देर के लिए हमें समाज के उच्च तबके का होने का मिथ्या संतोष भी दे दे, अंततः हमारे स्वास्थ्य के लिए घातक साबित होता है। मुक्त अर्थ व्यवस्था और भूमण्डलीकरण के फैलाव की वजह से पैकेज्ड और अत्यधिक हानिप्रद फास्टफूड शहरों की सीमाओं को लांघ कर छोटे कस्बों बल्कि गांवों तक जा पहुंचा है। जो लोग इनके ख़तरों से अनभिज्ञ हैं वे ही नहीं, जो उनसे परिचित हैं वे भी झूठी दिखावटी शान के मोह में पड़कर इनका उपभोग करके अपने स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने में पीछे नहीं रह रहे हैं। यही नहीं, बहु राष्ट्रीय निगमों और उनकी तर्ज़ पर विकसित हो रहे देशी उत्पादकों के उसी तरह के घातक खाद्य पदार्थों के बड़े बजट वाले प्रभावशाली विज्ञापनों से बच्चे इनकी तरफ आकर्षित होते हैं और मां–बाप, अगर वे समझदार हैं, न चाहते हुए भी उनकी मांग के दबाव में आकर उन्हें ये नुकसान दायक खाद्य पदार्थ सुलभ कराने से नहीं बच पाते हैं। मुनाफ़े की अंधी दौड़ का आलम यह है कि जो भारतीय कंपनियां विदेशी बहु राष्ट्रीय निगमों को बुरा भला कह कर अस्तित्व में आईं वे भी वैसे ही उत्पाद बना कर बेचने में उनकी प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। उन्हें भी लोगों की सेहत की नहीं अपने मुनाफ़े की परवाह है।

भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की जो हालत है उसे देखते हुए यह सम्भव नहीं लगता है कि एक आम आदमी नियमित रूप से अपनी स्वास्थ्य जांच के लिए किसी अस्पताल में जाए। वह तो अस्पताल में तब ही जाता है जब जाना अपरिहार्य हो जाता है। नियमित स्वास्थ्य जांच अभी तक हममें से अधिकांश लोगों के लिए बहुत दूर का सपना है, जबकि असल में एक ख़ास उम्र के बाद यह हम सबकी ज़रूरत है। सरकार की अपनी प्राथमिकताएं होती हैं और उसकी अपनी सीमाएं भी हैं। लेकिन इन सबके बावज़ूद अपनी सेहत की फिक्र करना हमारा अपना भी दायित्व है। बहुत सारी स्वास्थ्य जांचें हम स्वयं भी बहुत कम खर्च में कर सकते हैं। डायबिटीज़ की जांच, उच्च रक्तचाप की जांच, अपने वज़न पर नियंत्रण–ये सब ऐसे काम हैं जो हम किसी सरकारी या ग़ैर सरकारी किंतु महंगे अस्पताल में जाए बग़ैर भी कर सकते हैं। देश में अनगिनत सामाजिक धार्मिक संगठन और संस्थाएं हैं। वे इन सुविधाओं का और विस्तार कर सकते हैं। वैसे ये बहुत महंगी सुविधाएं भी नहीं हैं। इन सबके साथ सबसे बड़ी ज़रूरत है नागरिकों को उनके स्वास्थ्य के बारे में आधारभूत जानकारियां उपलब्ध कराने की। यह काम हमने बड़े पैमाने पर नहीं किया है, लेकिन इसे प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। और इसके लिए हमें सरकार का मुंह ताकने की ज़रूरत नहीं है। हमारे स्वयं सेवी संगठन भी इस काम के लिए आगे आ सकते हैं। वे लोगों को उनकी सेहत के प्रति जागरूक कर सकते हैं और उनके स्वास्थ्य की जांच की आधारभूत सुविधाएं सुलभ करा सकते हैं।

सारी बातों का सार यह कि डायबिटीज़ का ख़तरा बहुत तेज़ी से पैर पसार रहा है और अगर हम समय रहते नहीं चेते तो इसके दुष्परिणाम बहुत भयावह और त्रासद होने वाले हैं।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# नशीले पदार्थ नियंत्रण नीतियों पर पुनर्विचार की आवश्यकता है



डॉ. रामावतार शर्मा

भारत में जब एक प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता का बेटा शायद थोड़ी–सी नशीली दवाओं के साथ पकड़ा गया तो पूरे देश में राजनीतिक एवम् धार्मिक भूचाल आ गया था। सच क्या था आज तक सामने नहीं आया और इस मामले से संबंधित अफसर अब खुद कानून के घेरे में हैं। इन सब किस्सों के बीच कई तरह के सवाल उठते रहते हैं परंतु एक बात धूमिल हो जाती है कि कौन से और कितनी मात्रा में पदार्थों को कानूनी तौर पर व्यावसायिक माना जाए और किसी व्यक्ति को नशीले पदार्थों का सौदागर होने का दर्जा दिया जाए। नशीले पदार्थों पर नियंत्रण करने के अभी तक के सारे प्रयास विफल रहे हैं इसलिए इस क्षेत्र में कुछ नया सोच उपजना चाहिए जिससे जीवन तबाह करने वाले इन पदार्थों पर नियंत्रण संभव हो सके।

सन् 1971 में अमेरिका के राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने नशीले पदार्थों के व्यापार के विरुद्ध युद्ध की घोषणा की थी। आज कोई पचास वर्ष बाद हम अमेरिका की इस युद्ध नीति पर नजर डालें तो कई बातें स्पष्ट नजर आती है। पहली बात तो बताती है कि इस युद्ध में अमेरिका को विजय नहीं मिली है। नशीली दवाओं का व्यापार पहले की ही तरह फल फूल रहा है। आधी शताब्दी बीत जाने पर भी सामान्य लोगों के जीवन में स्वास्थ तथा रहन सहन के हालातों में कोई सकारात्मक परिवर्तन नजर नहीं आ रहा है। हुआ यह है कि लैटिन अमेरिका और संयुक्त राज्य अमेरिका दोनों ही स्थानों पर हजारों लोगों का जीवन तबाह हो गया। नशीली दवाओं के व्यापारी बर्बर अपराधी होते हैं इसलिए पुलिस और न्यायिक अधिकारियों के लिए उन पर हाथ डालना आसान नहीं रहता इसलिए कानून व्यवस्था ने उपभोक्ता जो कि स्वयं एक पीड़ित समूह है उस पर ही पूरा दबाव बनाना शुरू कर दिया।

इस दबाव में उपभोक्ताओं से ज्यादा तकलीफ उनके परिवारों को उठानी पड़ती है जिनसे पुलिस और अन्य सरकारी महकमों के अधिकारी धन वसूली करने लगे। इस तरह का व्यवहार विश्वयापी है परंतु लैटिन अमेरिका, केंद्रीय अफ्रीका और दक्षिण पूर्वी एशियन देशों में बहुत ज्यादा है। नशीले पदार्थों पर घोषित युद्ध से इनकी बिक्री तो कम नहीं हुई परंतु पुलिस और न्याय पालिका का कार्य काफी बढ़ गया और बड़े स्तर पर रिश्वतखोरी, चौथ वसूली और ब्लैक मेलिंग भी इन विभागों में प्रविष्ट हो गई। छुटभैये राजनेता भी इस बड़ी कमाई में घुस गए जिसकी वजह से निक्सन द्वारा घोषित यह युद्ध पूर्णतया असफल रहा है। सजा ज्यादातर मामलों में छोटे उपभोक्ताओं को ही मिलती हैं जबकि बड़े व्यापारियों का तो नाम तक पता नहीं चलता हालांकि हजारों करोड़ रूपये और डॉलर की नशीली खुराकें पकड़ी जाती हैं। दो–चार दिन हल्ला मचाया जाता है और फिर सबकुछ शांत हो जाता है।

2020 में अमेरिका में कोई 11 लाख लोग नशीले पदार्थों का उपयोग करने पर जेल भेजे गए परंतु इनमें से तकरीबन सभी लोग छोटे और शौकिया उपभोक्ता ही थे। वहां पकड़े गए लोगों में अधिकतर काले लोग थे जबकि गोरे जम कर नशा करते हैं परंतु पुलिस उनकी तरफ कम ही ध्यान देती है। अब हालात ये हो चले हैं कि जेल में बंद हर पांचवा कैदी नशीले पदार्थो का उपभोक्ता है। नशे की आदत का अपराधीकरण करने और इन पदार्थों को सिर्फ प्रशासनिक तरीकों से नियंत्रित करने के प्रयासों ने इन सब पदार्थों की खरीद–फरोख्त करने वाले लोगों के मुनाफे में बेतहाशा वृद्धि की है इसलिए पुलिस, प्रशासन और राजनेताओं को खरीदना या धमकाना इन लोगों के लिए मुश्किल नहीं है।

नशीले पदार्थों को हम नारकोटिक ब्यूरो या पुलिस द्वारा नियंत्रित नहीं कर सकते। यदि ऐसा होता तो आज दुनिया में कोई 27 करोड़ से भी कुछ अधिक लोग इन पदार्थों का सेवन नहीं कर रहे होते। दुनिया भर में हर साल पांच लाख से भी ज्यादा लोग नशीले पदार्थों की अत्यधिक खुराक लेने से मरते हैं और लाखों लोग एड्स आदि का शिकार होते हैं। ऐसे लोगों को न तो कानूनों द्वारा और ना ही कलंकित करके रास्ते पर लाया जा सकता है। नशे के विरुद्ध युद्ध की असफलता बताती है कि हमें कुछ अन्य रास्ते तलाश करने होंगे। सबसे पहले तो उन लोगों और खास कर युवा लोगों को इस रास्ते पर आने से रोकना होगा। यहां आवश्यकता सजा की नहीं है बल्कि संवेदना एवम् मनोवैज्ञानिक विश्लेषण को विकसित करने की है।

अमरीका सरकार की नशीले पदार्थो पर आक्रामक नीति के कारण वर्षों से जेलों में बंद हजारों लोगों को वहां के राष्ट्रपति जोए बाइडेन ने माफी जारी की है क्योंकि इन लोगों का एकमात्र अपराध अपने पास थोड़ी सी मात्रा में मारीजुआना या भांग का रखना था। पश्चिम के कई देशों में सामाजिक संगठन अपने नशीले पदार्थों के उपयोग विरोधी अभियान में अब मनोविज्ञान और आर्थिक स्थितियों से उत्पन्न प्रभावों को सम्मिलित कर रहे हैं।

आर्थिक, सामाजिक, मानसिक और नस्ल संबंधी सभी पक्षों को शामिल करने के बाद ही इस विषम समस्या से निपटा जा सकता है। एशिया के देशों में अभी भी तिरस्कार, दंड और कलंक के द्वारा ही नशीले पदार्थों के उपभोक्ताओं को संभाला जा रहा है तथा इन देशों की सरकारों का इस दिशा में कोई गंभीर सोच भी देखने में नहीं आता है।

सरकारों की इस दंड प्रधान नीति के कारण नशे का आदी व्यक्ति अलग थलग पड़ जाता है जिसके फलस्वरूप वह और अधिक नशा करने लगता है। चिकित्सा क्षेत्र में नशामुक्ति केंद्र बहुत ही रूखे, अपरिष्कृत और अप्रशिक्षित हैं जहां महज कुछ नींद की दवाओं के उपयोग के अलावा और कुछ नहीं किया जाता है। कई केंद्रों में तो ऐसे व्यक्तियों को पगलाए जानवरों की तरह रखा जाता है। नशे के विरुद्ध युद्ध में किसी की भी विजय संभव नहीं है।

यहां आवश्यकता बहुमुखी सोच और समर्पित लोगों की है जो व्यक्ति और उसके पूरे परिवार की स्थिति का विश्लेषण कर कई लोगों को इस दलदल से निकाल सकने में सक्षम हों। यहां एक बात को और भी याद रखना चाहिए कि मात्र नशीले पदार्थ का सेवन करने से किसी इंसान के मौलिक मानव अधिकार समाप्त नहीं हो जाते है। बदलते समय और सामाजिक बिखराव के दौर में वैकल्पिक विचारधारा ही इस समस्या को किसी हद तक रोक सकती है। सरकारों की अति आक्रामक और दंडात्मक नीति से इस धंधे से जुड़े लोगों के मुनाफे में बेतहाशा वृद्धि होने से यह अनैतिक व्यापार उल्टे ज्यादा फलता फूलता है इसलिए इस नीति का व्यापक विश्लेषण होना चाहिए।

**–डॉ. रामावतार शर्मा,**
**( चिकित्सक एवं लेखक )**

# गंगानगर में नहरों का पानी दूषित होने से कैंसर रोग फैल रहा है

- **श्रीगंगानगर में बड़ी संख्या में ऐसे कैंसर रोगी हैं, जो इसी नहरी पानी के कारण बीमारी का शिकार हुए हैं**
- **इलाके की इस परेशानी को रोकने के लिए श्रीगंगानगर के लोग आंदोलन कर रहे हैं**

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जिले में पंजाब से आने वाली नहरों में केमिकल युक्त गंदा पानी इलाके के लोगों को कैंसर जैसी भयानक बीमारी का दर्द दे रहा है। जिले के कई गांवों में ऐसे लोग हैं जिन्हें इसी गंदे पानी ने इस जानलेवा बीमारी का शिकार बनाया है।


श्रीगंगानगर में बड़ी संख्या में ऐसे कैंसर रोगी हैं, जो इसी नहरी पानी के कारण बीमारी का शिकार हुए हैं। इस पानी से कई अन्य बीमारियां भी पनपने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। पंजाब के अमृतसर और आस–पास के कई इलाकों में नहरों के किनारे फैक्ट्रियां लगी हैं। इनमें चमड़े और कई अन्य उत्पादों की फैक्ट्रियां भी हैं। इन फैक्ट्रियों से आने वाली गंदगी सीधे ही नहरों में बहा दी जाती है। श्रीगंगानगर का जिला प्रशासन इस बारे में कई बार पंजाब के सीएम और अन्य अधिकारियों से मिलता रहा है लेकिन अब तक इसका कोई समाधान नहीं हुआ है। शहर से सटे गांव साधुवाली में रहने वाली माधोदेवी के दो बेटे और बहू इस गंदे पानी के चलते कैंसर का शिकार हो चुके हैं। माधोदेवी बताती हैं कि इस गंदे पानी पर रोक लगना जरूरी है। इसी के कारण उनके बड़े बेटे गौरीशंकर को 2016 में कैंसर हो गया था। जिसके बाद 2020 में उसकी मौत हो गई। छोटा बेटा महेश 2018 में कैंसर का शिकार हुआ और 2021 में उसकी मौत हो गई। वहीं गौरीशंकर की पत्नी भगवती देवी 2014 में कैंसर का शिकार हुई और 2022 में उसकी मौत हो गई। इसी गांव में रहे हनुमान बरावड़ का कहना है कि उन्हें करीब ढाई साल से कैंसर है। वे बीकानेर और जयपुर में इलाज ले रहे हैं। वे बताते हैं कि पंजाब से आने वाली नहर उनके गांव के जरिए ही राजस्थान की सीमा में प्रवेश करती है। इलाके की इस परेशानी को रोकने के लिए श्रीगंगानगर के लोग आंदोलन कर रहे हैं। पंजाब के सीएम भगवंत मान के श्रीगंगानगर दौरे को देखते हुए इलाके के लोग इन दिनों जगह–जगह फ्लेक्स बोर्ड लगाकर हस्ताक्षर अभियान चला रहे हैं। यह फ्लेक्स पंजाब के सीएम मान को सौंपा जाएगा।

# राजगढ़ धाम पर तेज हवाओं और बारिश के बीच उमड़ा आस्था का सैलाब

- **हजारों श्रद्धालुओं ने अपने दोनों हाथ उठाकर स्वेच्छा से नशा मुक्ति का संकल्प लिया**
- **मुख्य उपासक चम्पालाल महाराज का 58वां जन्मदिवस आज**

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर जिले के सुप्रसिद्ध सर्वधर्म धार्मिक स्थल श्री मसाणिया भैरव धाम राजगढ़ पर रविवार को बिपरजॉय तूफान की तेज हवाओं और बारिश के बीच श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ पड़ी।

धाम के उपासक चम्पालाल महाराज ने सर्वप्रथम मंदिर परिसर में बाबा भैरव व माँ कालिका के साथ चक्की वाले बाबा तथा सर्वधर्म मनोकामनापूर्ण स्तम्भ की पूजा–अर्चना की। धाम पर चल रहे नशा मुक्ति महा अभियान के दौरान चम्पालाल महाराज के सानिध्य में हजारों श्रद्धालुओं को अपने दोनों हाथ उठाकर स्वेच्छा से नशा मुक्ति का संकल्प दिलवाया। धाम के प्रवक्ता अविनाश सेन ने बताया कि चम्पालाल महाराज का 58वाँ जन्मदिन भैरव भक्त मण्डल के सदस्य, श्रद्धालु और ग्रामवासी हर वर्ष की भाँति धूमधाम से मनाएंगे जिसके लिए सभी ने तैयारियाँ पूरी कर ली है। सरपंच संघ के सदस्य, जनप्रतिनिधि, भैरव भक्त मण्डल के सदस्य नसीराबाद से राजगढ़ धाम तक डी.जे. ढोल नगाड़ों के साथ विशाल वाहन रैली निकालेंगे। धाम पर हजारों श्रद्धालुओं ने सर्वधर्म मनोकामनापूर्ण स्तम्भ की परिक्रमा कर चमत्कारी चिमटी लेने के पश्चात मुख्य स्थान चक्की वाले बाबा के मंदिर पर राजा रानी कल्पवृक्ष के भी परिक्रमा की।



अजमेर जिले के श्री मसाणिया भैरव धाम राजगढ़ पर रविवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

# बिजली चोरों पर छापेमारी, 10 को पकड़ा


**डीग,** (निसं)। बिजली चोरों पर लगाम लगाने के लिए विद्युत निगम की टीम ने अब छापेमारी शुरू कर दी है।

सहायक अभियंता लोकेश सैनी के नेतृत्व में टीम की ओर से देर रात शहर के विभिन्न इलाकों में बिजली चोरों पर की गई छापेमारी से बिजली चोरी करने वालों में हड़कंप मच गया। इस दौरान सतर्कता दल ने विभिन्न कॉलोनी–मोहल्लों में पहुंचकर बिजली चोरी करते हुए 10 जनों को पकड़ा, जिन पर 2 लाख 50 हजार रुपए का जुर्माना निर्धारित किया है। टीम में कनिष्ठ अभियंता (सिटी) भूपेन्द्र इंदौलिया, कनिष्ठ अभियंता (ग्रामीण) आकाश त्रिमूर्ति, कनिष्ठ अभियंता जनूथर भीमसिंह सहित अन्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। रात करीब 12 बजे के करीब बिजली विभाग के टीम ने शहर के नीमघटा मौहल्ला, नई सडक, गोवर्धन मोड, मसानी मौहल्ला, भीम कॉलोनी में छापेमार कार्रवाई कर 10 लोगों को बिजली की चोरी करते रंगे हाथ पकड़ा।

# वानर की मौत के बाद बैकुंठी निकाली

**मसूदा** (निसं.)। एक बंदर की मौत पर ग्रामीणों ने बंदर के शव की बैकुंठी यात्रा निकाली और शव का वैदिक मंत्रों के साथ अंतिम संस्कार किया गया। कस्बे के ग्रामीणों ने बताया कि गावों में लोग बंदर को भगवान हनुमान जी का रूप मानते हैं। हिंदू धर्म की आस्था के अनुसार बंदर की मौत पर हिन्दू संस्कृति के अनुसार उसका अंतिम संस्कार विधि विधान के साथ किया।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 19 जून, 2023**

आषाढ़ मास, शुक्ल पक्ष, प्रतिपतदा तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2080, आर्दा नक्षत्र रात्रि 8:00 तक, वृद्धि योग रात्रि 1:04 तक, बव करण दिन 11:26 तक, चन्द्रमा मिथुन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य–मिथुन, चन्द्रमा–मिथुन, मंगल–कर्क, बुध–वृष, गुरू–मेष, शुक्र–कर्क, शनि–कुम्भ, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।

आज चन्द्र दर्शन, ऊत्तर श्रृंगोन्नति है। आज से गुप्त नवरात्रा आरम्भ होंगे। आज मनोरमा द्वितीया व्रत (बंगाल में) है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 7:10 तक, शुभ 9:03 से 10:45 तक, चर 2:00 से 3:03 तक, लाभ–अमृत 3:03 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 5:37, सूर्यास्त 7:19

### मेष
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी।

### वृष
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

### मिथुन
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

### कर्क
व्यक्तिगत परेशानियां दूर होने लगेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। स्वभाव की तेजी पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### सिंह
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के कारण बाहर जाना पड़ सकता है।

### कन्या
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।

### तुला
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### वृश्चिक
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### धनु
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है।

### मकर
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। नवीन व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

### कुंभ
अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है। अस्त–व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### मीन
घर–परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।

# चुनाव जीतने वाले, योग्य और सक्षम उम्मीदवारों को टिकट देगी भाजपा : डॉ. सतीश पूनिया

## राजेन्द्र राठौड़ ने कहा, ''कांग्रेस सरकार है जो शहीदों के परिजनों को अपमानित करने की राजनीति कर रही है''

- झुंझुनूं के जाखल में पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और उपनेता प्रतिपक्ष ने अमर शहीद अजय कुमार कुमावत के मूर्ति अनावरण समारोह में कहा, ''भारत की सेना दुनिया में सबसे बड़ी ताकत है''
- 'क्या 100 यूनिट बिजली, 500 रुपए का सिलेंडर उस अबला के आंसू पोंछ देंगे जिसके साथ बलात्कार हुआ, जिन परिवार के सदस्य की हत्या हुई'

**सीकर/झुंझुनूं/जयपुर।** राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ.सतीश पूनिया का सीकर और झुंझुनूं में विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं एवं आमजन ने भव्य स्वागत-अभिनंदन कर आशीर्वाद दिया। नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया, पूर्व मंत्री प्रेम सिंह बाजोर, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हरिराम रणवां, झुंझुनू जिला अध्यक्ष पवन मवांडिया, सीकर जिला अध्यक्ष इंदिरा चौधरी इत्यादि नवलगढ़ क्षेत्र में जाखल गांव में अमर शहीद अजय कुमार कुमावत की मूर्ति अनावरण समारोह में सम्मिलित हुये।

मूर्ति अनावरण समारोह को संबोधित करते हुये डॉ.पूनिया ने कहा कि, मुझे यह कहते हुये गौरव की अनुभूति है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र तो है ही, लेकिन यह लोकतंत्र की जननी भी है। मुझसे कोई पूछे कि इस लोकतंत्र की ताकत क्या है, मैं निसंकोच कहूंगा कि भारत की सेना, जय हिंद की सेना यह दुनिया में भारत की सबसे बड़ी ताकत है। जो देश के भीतर भी लड़ती है और हर देश के बाहर भी लड़ती है। मुझे सौभाग्य मिला उन कारगिल शहीदों की अंत्येष्टियों में जाने का, जब शहीदों के शव आते थे और एक भी सैनिक ऐसा नहीं था जिसकी पीठ पर गोली हो, हर सैनिक की छाती पर गोली होती थी, एक बड़ी शहादत इस शेखावाटी ने दी है। आप अंदाजा लगा सकते हो कि इस तिरंगे में कितनी जान है, तिरंगे में कितनी ताकत है, जहां पर तिरंगा जलाया जाता था, सेना आतंकवादियों से लड़ती थी, जाखल की चौपालों पर चर्चा होती थी कि कोई माई का लाल पैदा जो इन तिरंगा जलाने वालों का इलाज करेगा, कश्मीर के लाल चौक पर शान से तिरंगा फहराया जाता है, जो तिरंगे को जलाते थे। उन्हीं की छाती पर तिरंगा गाड़कर और 370 को खत्म करके भारत के योग्य नेतृत्व ने सेना और तिरंगे को सम्मान दिया।

इससे पहले सतीश पूनियां ने सीकर सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत में कहा कि, कांग्रेस सरकार के शासन में राजस्थान की बात करूं तो बीती रात में एक सम्मेलन से आ रहा था, इसी दौरान मैंने एक खबर पढ़ी कि पेपर फिर से निरस्त हो गए, राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार की करतूतों और काले कारनामों में सबसे कलंकित इतिहास में कोई बात लिखी जाएगी तो वह राजस्थान के बेरोजगारों के सपने तोड़ने की लिखी जाएगी, इतने बड़े पैमाने पर पहले कभी पेपर लीक नहीं हुए।

मीडिया के सवाल के जवाब में सतीश पूनिया ने कहा कि पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा कहते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केवल मन की बात करते हैं लेकिन काम की बात नहीं करते, तो मैं उनको कहना चाहता हूं कि वह आंखों पर पट्टी बांधे हुए हैं और कान में रुई ठूसे हुए हैं। उनको यदि देश में बदलाव नहीं दिखता है तो उनको उदारता से एक अच्छे राजनेता की तरह इस हकीकत को स्वीकार कर लेना चाहिए कि कांग्रेस पार्टी ने 55 साल राज किया, लेकिन उज्जवला योजना, बैंक के खाता खोलना जैसे काम नहीं कर पाए।

गहलोत सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर सतीश पूनियां ने कहा कि 100 यूनिट बिजली फ्री, 500 रुपए का गैस सिलेंडर या इससे जुड़े अन्य तमाम मुद्दे क्या उस अबला के आंसू पोंछ देंगे जिसके साथ बलात्कार हुआ है, जिन परिवार के सदस्य की हत्या हुई है, जिनके घर का चिराग बुझ रहा है, क्या 500 रुपए का सिलेंडर जिंदगी लौटा देगा, राजस्थान का सबसे बड़ा मुद्दा कानून व्यवस्था से जुड़ा हुआ है। राजस्थान में सत्ता के बदलाव के लिए जो कारक होंगे वह कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, किसानों की कर्जमाफी होंगे, जो कांग्रेस की हार के कारण बनेंगे।

मीडिया के सवाल के जवाब में टिकट वितरण पर सतीश पूनिया ने कहा, पार्टी चुनाव जीतने वाले, योग्य और सक्षम उम्मीदवारों को टिकट देगी। चुनाव हमेशा जीतने के लिए लड़ा जाता है, चुनाव जीतने में पार्टी की रिपोर्ट के हिसाब से जो सक्षम होगा उसे ही संगठन टिकट देगा। उन्होंने कहा कि, बीते दिनों जब राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा चल रही थी उस दौरान मैंने एक दृश्य देखा था कि कश्मीर के लाल चौक पर प्रियंका गांधी और राहुल गांधी तिरंगा फहरा रहे थे, यह वही जगह थी जहां कांग्रेस के शासन में नसीब नहीं था कि वहां तिरंगा फहराया जा सके या फिर आइस स्पोर्ट्स खेले जाएं, यह सब मोदी सरकार के शासन में संभव हुआ है। पूनियां ने कहा कि अलगाववाद, उग्रवाद बहुत लंबी समस्या है, बहुत हद तक भारत की मोदी सरकार ने इसे नियंत्रित कर दिया है।

नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस सरकार के राज में प्रदेश में शहीदों की वीरांगनाएं तक सुरक्षित नहीं है। मंजू जाट पत्नी शहीद रोहिताश लाम्बा, मधुबाला मीणा पत्नी शहीद हेमराज मीणा और सुंदरी देवी पत्नी शहीद जीतराम गुर्जर ने जब सरकार द्वारा उनसे किये गये वादे को पूरा करने की मांग को लेकर धरना दिया तो सरकार ने ना केवल उनके साथ दुर्व्यवहार किया बल्कि संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल ने विधानसभा में वीरांगनाओं के नाते पर जाने की शर्मनाक बात तक कह डाली।

राठौड़ ने कहा कि एक तरफ कांग्रेस सरकार है जो शहीदों के परिजनों को अपमानित करने की राजनीति कर रही है वहीं दूसरी ओर केन्द्र सरकार है जो शहीदों के शौर्य व पराक्रम के सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं कर रही है।

# फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर अरविंद जागा सम्मानित




**जयपुर, (का.सं.)।** राजधानी के जगतपुरा स्थित डॉ अरविंद जागा फिजियोथैरेपी क्लीनिक के निदेशक डॉ. अरविंद जागा को जयपुर की जगन्नाथ यूनिवर्सिटी द्वारा जयपुर जिले में फिजियोथेरेपी चिकित्सा क्षेत्र में अच्छा कार्य करने पर रिनोवेड क्लीनीसियन सम्मान से सम्मानित किया गया। डॉ. अरविंद जागा को यह सम्मान क्षेत्र में लगातार फिजियोथेरेपी चिकित्सा पद्धति द्वारा बहुत से मरीजों का इलाज करने पर और फिजियोथेरेपी के महत्व को उजागर करने पर दिया गया। डॉक्टर जागा क्षेत्र के जाने-माने न्यूरो फिजियोथैरेपिस्ट है। इस मौके पर एमजीयू यूनिवर्सिटी के प्रिंसिपल डॉ. अजीत साहरण, जगन्नाथ यूनिवर्सिटी क्रे प्रिंसिपल डॉक्टर कपिला जैन और हनुमागढ़ के डॉक्टर राम सिहाग , डॉक्टर ध्रुव तनेजा आदि फिजियोथेरेपिस्ट उपस्थित थे। डॉ.अरविन्द ने फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में काफी प्रशंसनीय कार्य किया है। उन्होंने सैकड़ों लोग जो दैनिक कार्यों को अपने शरीर से पूरा नहीं कर पाते थे,उन्हें उचित इलाज देकर आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया है।

# बच्चों की दुनिया से निकली रंग बिरंगी कहानियों ने जीता दिल

- जूनियर्स ने मंच पर दिखाया अभिनय कौशल
- कैंप में तैयार 12 लघु नाटकों का मंचन

**जयपुर, (का.सं.)।** जवाहर कला केन्द्र में 15 मई से जारी जूनियर समर कैंप समापन की ओर है। कैंप में 700 से अधिक बच्चों ने 14 विधाओं में प्रशिक्षण लिया। 5 से 18 साल के 300 से अधिक बच्चों ने थिएटर में रुझान दिखाया। इस कार्यशाला में बच्चों ने न केवल अभिनय की बारीकियां सीखी बल्कि उनकी पर्सनालिटी में डेवलपमेन्ट भी हुआ। रविवार, 18 जून को रंगायन के मंच पर प्रतिभागी बच्चों द्वारा तैयार 12 नाटकों का मंचन हुआ। ये नाटक बच्चों और उनके प्रशिक्षकों की महीने भर की मेहनत की कहानी बयां कर गए। रंगकर्म के मार्ग पर प्रशस्त इन बच्चों ने अपनी दुनिया से निकली कहानियों से विभिन्न मुद्दे उठाये। इनमें से 10 नाटकों का मंचन 19 और 20 जून को भी होगा।



जवाहर कला केन्द्र में रविवार को रंगायन मंच पर प्रतिभागी बच्चों द्वारा तैयार 12 नाटकों का मंचन किया गया।

छोटे हाबू ग्रुप के बच्चे हाबू का खज़ाना लेकर मंच पर पहुंचे। बुज़ुर्ग दंपति बच्चों को खजाने की कहानी सुनाता है। खज़ाना ढूंढने निकले बच्चों को किताबें मिलती हैं। बच्चों के लिए ये किताबें ज्ञान के साथ-साथ मनोरंजन का भी खज़ाना बनकर उभरती हैं। समुन्द्र सिंह मकराना, चन्द्रिका जाजू और रिया बंसल इस ठ्ठुप के इंस्ट्रक्टर रहे। इसके बाद धूम धड़ाका ग्रुप बचपन नाटक में मासूमियत भरे रंगों से दुनिया रंगता हैं। इसमें बड़ों की इच्छाओं के बोझ तले दबे बच्चों को सपनों में जद्दोजहद करते दिखाया गया है। ये बच्चे सूरज से टुकड़ा तोड़कर अपनी दुनिया बनाते हैं और उसमें खो जाते हैं। आसिफ शेर अली खान, उज्जवल प्रकाश मिश्रा ने इन्हें प्रशिक्षण दिया। ग्रुप मधुमखियां नाटक बज़्ज़ के जरिये जिओ और जीने दो का सन्देश दे जाता हैं। पूजा हाड़ा, निष्ठा लता, वर्तिका बालानी इनकी इंस्ट्रक्टर रहीं। करंट ग्रुप के बच्चों ने नीबू मिर्ची नाटक में अंधविश्वास के खिलाफ अलख जगाई। पवन शर्मा, ओम प्रकाश सैनी, श्रेया अरोड़ा ने इन्हें ट्रेनिंग दी।

ताला ग्रुप ने शिकारी कौन नाटक में जंगल की कहानी को साकार करते हुए जीवों पर दया करने का सन्देश दिया। वृतिका धाभाई, कल्पना मौर्य, रेनू सनाढ्य इनकी इंस्ट्रक्टर रहीं। चित्राथ मिश्रा और विकास पटवा के ग्रुप मीनारें ने हास्य नाटक हर संडे में महिलाओं की निजी स्वतंत्र की जरुरत पर प्रकाश डाला। आयुषी दीक्षित व आरिफ खान के ग्रुप तिजोरी का नाटक पोल में झोल आपसी मदद का महत्व समझा गया। सियाप्पा ग्रुप ने स्वप्न संसार सजाया। इस नाटक में आभासी और वास्तविक दुनिया का आमना सामना दिखाया गया। ऋषिकेश शर्मा, स्मृति चोपड़ा, सोमेश सोढा इस ग्रुप के इंस्ट्रक्टर रहे।

## वन्य जीवों के संरक्षण के लिये 9 करोड़ रुपए स्वीकृत

**जयपुर, (का.सं.)।** राज्य सरकार वन एवं वन्य जीवों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य के तीन स्थानों पर वन्य जीव संरक्षण के लिए विकास कार्यों हेतु 9 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं।

उक्त राशि से पालीघाट सवाई माधोपुर (राष्ट्रीय चम्बल घड़ियाल अभयारण्य) में घड़ियालों के संरक्षण के लिए 2 करोड़ रुपए, खींचन जोधपुर में कुरजां संरक्षण के लिए 2 करोड़ रुपए एवं राष्ट्रीय मरू उद्यान में गोड़ावन संरक्षण के लिए 5 करोड़ रुपए के विकास कार्य करवाए जाएंगे।

# सांसद डाँगी ने अंतर्राष्ट्रीय व्यापारिक संबंधों को ओर अधिक मज़बूत करने पर जोर दिया

- संसदीय प्रतिनिधि मंडल का ब्राज़ील एवं उरुग्वे दौरा
- 21 संस्थानों के प्रतिनिधियों से की मुलाकात

**जयपुर, (का.सं.)।** दक्षिण अमेरिका के उरुग्वे की राजधानी मोंटेवीडियो में भारतीय संसदीय प्रतिनिधि मण्डल में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रतिनिधित्व करते हुए सांसद नीरज डाँगी ने उरुग्वे 21 संस्थानों के प्रतिनिधियों और अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक मामलों के सामान्य निदेशालय के साथ बैठक में अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक एवं व्यापारिक संबंधों को ओर अधिक मज़बूत करने पर जोर दिया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक संबंधों पर राष्ट्रीय विकास निगम की ओर से भारत के प्रतिनिधि मण्डल हेतु उरुग्वे द्वारा प्रजेंटेशन भी प्रस्तुत किया गया।

राज्य सभा सांसद नीरज डाँगी ने बताया कि संसदीय प्रतिनिधि मंडल द्वारा उरुग्वे में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के वरिष्ठ प्रबंधकों के साथ जमशेदजी टाटा बिल्डिंग में आयोजित बैठक में हिस्सा लिया। इस बैठक में भारतीय कम्पनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के भारत व उरुग्वे के बीच आर्थिक एवं व्यापारिक संबंधों पर विस्तृत चर्चा की गई और इन संबंधों को आर्थिक रूप से ओर मजबूत करने पर कदम उठाया जाना आवश्यक बताया।

# जम्मू से कन्याकुमारी तक फैले मंदिरों और तीर्थ स्थानों पर डॉक्यूमेंट्री बनाने की घोषणा

**जयपुर।** जीएम फाउंडेशन का प्रोडक्शन हाउस ग्लोबल मिडास कैपिटल (जीएमसी) जम्मू से कन्याकुमारी तक विभिन्न मंदिरों और तीर्थ स्थानों पर डॉक्यूमेंट्री बना रहा है। इसका मकसद इन धार्मिक स्थलों के बारे में लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करना है, ताकि वे उनके बारे में जानें और उन स्थानों की यात्रा करें।

जीएमसी ने इससे पहले भी हिमाचल प्रदेश, दिल्ली-एनसीआर और मथुरा-वृंदावन में शक्तिपीठों को कवर करने वाली ऐसी 20 से अधिक डॉक्यूमेंट्री बनाई हैं, जिनमें हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा में स्थित मां बगलामुखी मंदिर, शक्तिपीठ श्री बज्रेश्वरी देवी मंदिर, श्री कालीनाथ कालेश्वर महादेव मंदिर, श्री चामुंडा देवी मंदिर, शक्तिपीठ माता ज्वाला देवी मंदिर, शिव मंदिर बाबा बैजनाथ धाम को कवर किया गया है। वहीं दिल्ली-एनसीआर के वृत्तिचत्रों में 108 फीट हनुमान मंदिर, इस्कॉन मंदिर और कात्यायनी मंदिर शामिल हैं। मथुरा-वृंदावन के वृत्तिचत्रों में श्री रास विहारी मंदिर, नंदगांव, श्री लाड़ली जी महाराज मंदिर, श्री गोवर्धन परिक्रमा, निधिवन और निकुंजवन, चंद्र सरोवर, श्री यमुनाजी मंदिर, श्री द्वारिकाधीश मंदिर, श्री ध्रुवनारायण मंदिर, लवनासुर गुफा, श्री नाथ जी मंदिर मधुवन और श्रीकृष्ण जन्मभूमि शामिल हैं। ये सभी वृत्तिचत्र ग्लोबल मिडास फाउंडेशन एनजीओ के यूट्यूब चैनल पर 'मंदिर और तीर्थ दर्शन धार्मिक कार्यक्रम' समर्पित प्लेलिस्ट के रूप में भी उपलब्ध हैं। आगे चलकर भारत के अन्य शक्तिपीठों पर चार धाम मंदिर पर, वैष्णो देवी मंदिर, अमरनाथ मंदिर इत्यादी पर डॉक्यूमेंट्री बनाने का कार्य चल रहा है।

# राजस्थान किसान महोत्सव का समापन

**जयपुर, (का.सं.)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार ने खेती और किसान को प्राथमिकता देते हुए नीतियां और कार्यक्रम बनाए है। कृषकों और पशुपालकों को समृद्ध और खुशहाल बनाना राज्य सरकार का ध्येय है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए 12 कृषि मिशन शुरू किए गए हैं और प्रत्येक बिन्दु पर योजना बनाकर कार्य किया जा रहा है।

गहलोत रविवार को तीन दिवसीय राजस्थान किसान महोत्सव के समापन सत्र को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसानों की तरक्की से ही प्रदेश की तरक्की होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने किसानों की ऋण माफी का वादा पूरा किया। 21 लाख किसानों का 15 हजार करोड़ रुपये का कर्जमाफ किया गया। गहलोत ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा दिए गए कर्ज की माफी के लिए भी केंद्र सरकार को पत्र लिखा, मगर इस दिशा में कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया।

## स्टाम्प ड्यूटी में छूट की अवधि बढ़ी

**जयपुर, (का.सं.)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना के तहत दिए जाने वाले ऋण के दस्तावेजों पर स्टाम्प ड्यूटी में छूट की अवधि 31 मार्च, 2024 तक बढ़ा दी है। पहले यह अवधि 31 मार्च, 2023 तक थी।

उल्लेखनीय है कि इस योजना के तहत स्ट्रीट वेण्डर्स तथा अनौपचारिक क्षेत्र में आवश्यक सेवाएं उपलब्ध करवाने वाले लोगों को 50,000 रुपए तक का ऋण उपलब्ध करवाया जाता है।

# व्यंग्य संग्रह 'पुस्तक मेले में खोई भाषा' का विमोचन



देश के वरिष्ठ व्यंग्यकार डॉ. प्रेम जनमेजय ने जयपुर के व्यंग्यकार प्रभात गोस्वामी की पुस्तक 'पुस्तक मेले में खोई भाषा' का लोकार्पण किया।

**जयपुर, (का.सं.)।** देश के वरिष्ठ व्यंग्यकार और व्यंग्य यात्रा पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ. प्रेम जनमेजय ने कहा कि व्यंग्य को हास्य की वैशाखियों की ज़रूरत नहीं। यह विधा समाज में व्याप्त विसंगतियों के विरुद्ध एक कारगर हथियार है।

डॉ. जनमेजय जयपुर के व्यंग्यकार प्रभात गोस्वामी के चौथे व्यंग्य संग्रह ' पुस्तक मेले में खोई भाषा' के लोकार्पण अवसर पर नोएडा स्थित इंडिया नेटबुक्स के कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विचार प्रकट कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रभात गोस्वामी की भाषा चमत्कृत करती है। गोस्वामी ने बहुत कम समय में अपनी जर्मीन तैयार कर ली है।

लोकार्पण कार्यक्रम में वरिष्ठ व्यंग्यकार,समालोचक प्रोफ़ेसर राजेश कुमार ने कहा कि व्यंग्य की भाषा को समझते और महसूस करते हुए प्रभात ने सूक्ष्म से सूक्ष्म विषयों को आधार बनाकर व्यंग्य लिखे हैं। यही वजह है कि वह तीव्रता के साथ पाठकों को अपनी ओर खींचने का प्रयास कर रहे हैं। कार्यक्रम में युवा पीढ़ी के सक्रिय व्यंग्यकार,कवि और राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के संपादक डॉ. लालित्य ललित ने कहा गोस्वामी की भाषा अचानक बल्ले पर आती हुई गेंद के सामान है, जिसे साधने में उनकी वर्षों साधना दिखाई पड़ती है।

पुस्तक के लेखक एवं व्यंग्यकार प्रभात गोस्वामी ने वेब संपर्क के ज़रिए सभी का आभार ज्ञापित किया। इंडिया नेटबुक्स प्रकाशन से प्रकाशित इस व्यंग्य संग्रह में कुल 44 व्यंग्य रचनाएँ शामिल की गईं हैं।

लोकार्पण कार्यक्रम में डॉ. मनोरमा कुमार, कथाकार राजेश्वरी मंडोरा,सूर्योदय सहित साहित्यप्रेमी उपस्थित थे।

# प्रदेश में एक नया संक्रमित मिला

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** प्रदेश में रविवार को केवल एक ही नया करोना संक्रमित मिला है। हालांकि इस दौरान किसी भी मरीज के रिकवर नहीं होने फिलहाल 15 एक्टिव केस बचे हुए हैं।

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में जयपुर में मात्र एक ही नया संक्रमित मिला है। इससे पहले शनिवार को राज्य में पांच रोगी पाए गए थे। राज्य में आज 1180 कोविड जांच की गई है।

प्रदेश में रविवार को कोई भी मरीज ठीक नहीं हुआ है। राज्य में फिलहाल 15 संक्रमितों का इलाज चल रहा है। इनमें जयपुर व उदयपुर में 6-6, भरतपुर में 2 और बीकानेर में 1 एक्टिव केस मौजूद है।

प्रदेश में रविवार को भी करोना से किसी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि अब तक राज्य में इस बीमारी से 9735 लोगों की मृत्यु हो चुकी है।

# मुख्यमंत्री जेके लोन अस्पताल में कैंसर पीड़ित बच्चे से मिले

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत रविवार को जयपुर में जेके लोन अस्पताल पहुंचकर वहां भर्ती पांच वर्षीय कैंसर पीड़ित बालक दिव्यांशु से मिले और उसकी कुशलक्षेम पूछी।

उल्लेखनीय है कि गहलोत के सीकर प्रवास के दौरान बालक दिव्यांशु ने पत्र लिखकर 18 जून को अपने जन्मदिन पर मुख्यमंत्री से मिलने की इच्छा जताई थी। गहलोत ने दिव्यांशु के परिजनों से उसके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली तथा उन्हें ढाढस बंधाया। उन्होंने चिकित्सकों को उसकी उचित देखभाल करने के दिशा-निर्देश दिए तथा उसके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर का भी निरीक्षण किया और थेलेसीमिया पीड़ित बच्चों से मुलाकाल की। गहलोत ने अस्पताल की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने टवीट कर बताया कि सीकर के दौरे पर मुझे दिव्यांशु का एक भावुक पत्र मिला। इस पत्र में कैंसर पीड़ित बालक दिव्यांशु ने अपनी भावनाएं लिखीं और मेरे साथ जन्मदिन मनाने की इच्छा जाहिर की।

**सार्वजनिक सूचना**

बस्सी केन्द्रीय बुनकर सहकारी संघ लिमिटेड, बस्सी के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि राजस्थान राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकरण द्वारा घोषित बस्सी केन्द्रीय बुनकर सहकारी संघ लिमिटेड बस्सी के संचालक मंडल सदस्य एवं पदाधिकारियों के निर्वाचन हेतु श्री मुकेश सिंह निरीक्षक (कार्यकारी) कार्यलय राजस्थान राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकरण को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। निर्वाचन प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रमानुसार दिनांक 19.06.2023 से प्रारंभ होकर दिनांक 05.07.2023 तक सम्पन्न होगी। निर्वाचन से संबंधित अधिक जानकारी संघ कार्यालय ग्राम जीता वाला तहसील बस्सी जिला जयपुर से प्राप्त की जा सकती है।


**मुकेश सिंह**
निर्वाचन अधिकारी एवं निरीक्षक
बस्सी केन्द्रीय बुनकर सहकारी संघ लिमिटेड, बस्सी

# रविंद्र मंच पर आज होगा 'स्पंदन 2023' का आयोजन

**जयपुर, (का.प्र.)।** निदेशालय महिला अधिकारिता विभाग , शिक्षा विभाग एवं एजुकेट गर्ल्स के साझा पहल से आयोजित 'स्पंदन 2023' (समर कैंप ग्रीष्मकालीन) का समापन 19 जून को रविंद्र मंच रंगायन पर भव्य समारोह के बीच होगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि मंत्री ममता भूपेश, महिला एवं बाल विकास विभाग रहेंगी एवं अन्य महिला अधिकारिता एवं शिक्षा विभाग के शीर्ष अधिकारियों के साथ साथ 1000 बच्चों के माता -पिता होंगे।

एजुकेट गर्ल्स के राजस्थान लीड सुनील शेखर शर्मा ने बताया कि स्पंदन (ग्रीष्मकालीन शिविर) ने बालक बालिकाओं को एक सीखने-सिखाने का एक मंच प्रदान किया है। विगत एक माह से शहर के 7 राजकीय विद्यालयों में संचालित इन ग्रीष्मकालीन शिविरों में सरकारी और निजी विद्यालयों के 2 हजार से भी अधिक छात्र छात्राओं ने अपना पंजीकरण कराते हुए भागीदारी सुनिश्चित की है। इन शिविरों में ट्यूटर सपोर्ट, लाइब्रेरी, सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण, स्पोकन इंग्लिश, डांस, योगा, विभिन्न पेंटिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, पुस्तकालय उपयोग, गीत ओरिगेमी, क्विल्लिंग, लिप्पन आर्ट, डिजिटल लिटरेसी , संगीत, आधारभूत हिंदी, गणित पर समझ के साथ प्रारम्भिक व्यावसायिक प्रशिक्षण जैसे ड्रेस् डिजाइन, ब्यूटिशियन, इत्यादि जैसी बहुत सी गतिविधियों का आयोजन होगा।

नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# "बिपरजॉय" तूफान से जालोर जिले में बाढ़ के हालात

## जालोर जिले में मूसलाधार बारिश से नदी-नाले उफान पर, रेलवे व बस सेवा पूर्णता बंद

**जालोर,** (कासं)। जालोर में बीपरजॉय चक्रवाती तूफान से जालौर जिले में बाढ़ के हालात बने हुये हैं। वहीं मूसलाधार बारिश से जिले के नदी-नाले पूरे उफान पर है। जालौर जिले से अन्य जिलों का आवागमन अवरुद्ध हो गया। जालौर में बाढ़ के हालात बनने से रेलवे व बस सेवा पूर्णता बंद है। एनडीआरएफ व एसडीआरएफकी टीम सहित सहित पूरा प्रशासनिक अमला बाढ़ बचाव राहत कार्य में लगा हुआ है।

जालौर में गत दो दिन से बीपरजॉय चक्रवाती तूफान के चलते

■ **निचली बस्तियों व भराव क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया**



जालोर के भीनमाल में बाढ़ में फंसे लोगों को एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीम ने निकाला।

मूसलाधार बारिश व तेज हवा चलने से जालौर जिले के नदी नाले व बांध ओवरफ्लो हो चुके हैं। वहीं जालौर जिला मुख्यालय की लेटा जवाई नदी में पानी पूरे उफान के साथ बहता हुआ नजर आया। मूसलाधार बारिश के चलते जालौर शहर के निचले इलाकों में पानी भर गया। वही जालौर शहर के सुन्देलाव तालाब में पानी की आवक होने से तालाब लबालब भरा हुआ नजर आया। मूसलाधार बारिश से बागरा मोदरा रेल मार्ग पर रेल की पटरियों के नीचे से रेत खिसक जाने से पटरियां अधरझूल में झूलती नजर आई। वहीं कुलथाना नदी में पानी की आवक होने से जोधपुर-जालौर मार्ग भी पूर्णतया अवरूद्ध हो गया। जवाई नदी के पुलिये से पानी ऊपर गुजरने से आहोर मार्ग बंद रहा। जालौर जिले के सांचौर, रानीवाड़ा, जसवंतपुरा में शनिवार व रविवार सुबह तक मूसलाधार बारिश होने से कई कॉलोनियां जलमग्न हो गई। वहीं सांचौर में बाढ़ के हालात बन गए। शनिवार रात्रि को तेज बारिश व तेज हवा के चलते कई जगह पेड़ धराशाही हो गए। वहीं कई जगह विद्युत पोल गिरने से विद्युत आपूर्ति पूर्णता ठप हो गई।

रविवार को भीनमाल उपखण्ड क्षेत्र के निम्बली नाड़ी क्षेत्र में 20 महिलाएं तथा 15 बच्चों सहित कुल 41 लोगों को निचले इलाकों में पानी का भराव हो जाने से एसडीआरएफ, पुलिस एवं प्रशासन की टीमों द्वारा बचाव कार्य करते हुए लोगों को सुरक्षित स्थलों पर पहुंचाया गया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत पांचला में भराव क्षेत्र में फंसे हुए लोगों को रेस्क्यू किया गया तथा पांचला बांध के समीप रह रहे 10 परिवारों को प्रशासन द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सुरक्षित आश्रय स्थलों पर पहुंचाया गया। प्रशासन द्वारा रविवार को अनखोल नदी के किनारे बैठे 3 भील परिवारों को सुरक्षित पहुंचाकर उनके भोजन व पेयजल की व्यवस्था की गई। लेटा-रतनपुरा के बीच नदी के टापू पर फंसे 3 लोगों को एसडीआरएफ टीम द्वारा सुरक्षित बाहर निकाला गया।

# जोधपुर में तीन दिन से हो रही बरसात से जनजीवन अस्त-व्यस्त



जोधपुर में हो रही बारिश के चलते शहर में हर जगह पानी भरा हुआ नजर आया।

**जोधपुर,** (कासं)। बिपरजॉय चक्रवात तूफान के कारण जोधपुर शहर में पिछले तीन दिनों से बारिश जारी है। लगातार चलने वाली बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। कई सड़कें तालाब बन चुकी है। जोधपुर शहर में शुक्रवार को शुरू हुई बरसात शनिवार को पूरे दिन व पूरी रात चलती रही। रविवार को भी यह क्रम जारी रहा।

पिछले 36 घंटे से भी ज्यादा समय से लगातार कहीं धीमी तो कहीं तेज बारिश का दौर जारी है। लगातार कई घंटों से जारी बारिश के कारण आज कई व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। रविवार के अवकाश के चलते सरकारी विभाग पहले से ही बंद हैं। शहर के बाजार में दुकानें बंद थी। बाड़मेर और सिरोही जिले के कुछ हिस्सों में तबाही मचाने के बाद यह तूफान की रफ्तार जोधपुर पहुंचते-पहुंचते धीमी हो गई है। तूफान से ज्यादा बारिश ने अपना असर दिखाया है। जोधपुर शहर में पिछले 48 घंटों से रुक-रुककर हो रही बारिश के कारण प्रमुख सड़कों पर कई फीट तक पानी भर गया है।

ड्रेनेज सिस्टम की कमी के कारण कई प्रमुख सड़कों पर भी पानी भर गया है। महामंदिर रेलवे स्टेशन के सामने सड़क 3 फीट पानी में डूबी हुई रही। जिला प्रशासन ने सिविल डिफेंस की टीमों को निचली बस्तियों में तैनात कर दिया है।

जिला कलेक्टर हिमांशु गुप्ता ने चक्रवाती तूफान बिपरजॉय और वर्षा की वजह से संभावित असर का आंकलन करने रविवार को शहर के विभिन्न हिस्सों का दौरा किया और जानकारी ली और इस बारे में अधिकारियों से जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने इस दौरान नटिया बस्ती में जल भराव से प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए वहां जल भराव को देखा तथा नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मड पम्प द्वारा जल निकासी का पूर्ण कार्य सुनिश्चित कराएं। जिला कलेक्टर ने सारण नगर पुलिया तथा बीजेएस के रूप नगर में भी निरीक्षण किया व जानकारी ली। जिला कलक्टर ने लोगों से कहा कि प्रशासन हर दृष्टि से मुस्तैद है और हरसंभव सहायता के लिए प्रयासरत है।

## चूरू में मूसलाधार बारिश हुई

**चूरू,** (कासं)। बाडमेर के रास्ते राजस्थान में प्रवेश करने वाले बिपरजॉय तूफान ने आज चूरू में आकर दम तोड़ दिया। आज यहां दोपहर दो बजे के लगभग मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। चूरू में किसी भी प्रकार से नहीं लग रहा था कि यहां कोई तूफान आया है। ऐसे में मौसम के जानकारों ने कहा कि बिपरजॉय तूफान ने यहां दम तोड़ दिया है। मौसम विभाग के अनुसार चूरू में आज 2.8 एमएम बारिश हुई है। आज यहां न्यूनतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 33.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। यहां हुई हल्की बारिश के बाद मौसम सुहावना बन गया है। फसल को भी फायदा ही होगा।

## धोरीमन्ना के कई गांवों में मूसलाधार बरसात

**धोरीमन्ना,** (नि.सं.)। बाड़मेर जिले के धोरीमन्ना क्षेत्र के कई गांवों में मूसलाधार एवं तेज हवा के साथ तेजी से बरसात का दौर जोरों पर है। धोरीमन्ना मुख्य चौराहे पर पानी पानी हो गया। नदी जैसा हालात हो गया। 4 दिनों से बिपरजॉय तूफान ने तांडव मचाया है। कई गांवों में पानी भरा हुआ है। शाम चार बजे के बाद फिर से मूसलधार बारिश तेजी से दौर शुरू हो गया। धोरीमन्ना बाजार में एवं एनएसआई बनी सर्विस लाइन में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए। जगह जगह एनएसआई रोड के ऊपर पानी भरा पड़ा है। यातायात एवं छोटे-बड़े बाइक एवं राहगीर चलने में बड़ी परेशानियां से परेशान है। एनएसआई अधिकारियों का इतनी बड़ी समस्या पर कोई ध्यान नहीं है। पुलिस थाना धोरीमन्ना के पास बने हुए ब्रिज के पास सर्विस लाइन हाल ही बनाई लेकिन बड़े-बड़े गड्ढे हो गए। धोरीमन्ना मुख्य चौराहे के पास कई समय से पानी का भराव हो रहा है। वहां पानी भरा हुआ रहता है। ब्रिज के पास सर्विस लाइन कई बार अधिकारियों को अवगत कराने पर कोई परवाह नहीं है।

## पुष्कर सरोवर में पानी की आवक, बाइकें बही

**पुष्कर,** (निसं.)। पुष्कर में शनिवार रात्रि से बरसात का दौर जारी रहने से अब हालात धीरे धीरे विकट होते जा रहे है। लगातार बरसात होने से पुष्कर की निचली बस्तियां जलमग्न हो गई है।परिक्रमा मार्ग पर दिनेश पाराशर की दुकान के सामने वर्षों पुराना विशाल बरगद का पेड़ जड़ सहित गिर गया तथा बरगद का पेड़ गिरने से बिजली के तार और खंबे टूट गए। बिपरजाय चक्रवती तूफान का रेड अलर्ट घोषित होने के बाद भी प्रशासन ने नही उठाए कोई ठोस कदम प्रशासन और नगरपालिका की लापरवाही का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। वहीं पुष्कर होटल हेरिटेज के पीछे एक मोर को कमल और भरत सहित अन्य लोगों ने बचा लिया। नदी के बहाव में आए चार युवकों को मोटरसाइकिल सहित कमल और भरत ने बचा लिया बिपरजोय की वजह से पवित्र पुष्कर सरोवर में पानी की भारी आवक रही।

# पाली जिले में तूफान व बरसात से कई नदियां उफान पर

## सुमेरपुर में 367 मिमी, रानी में 349, देसूरी में 345 और बाली में 338 मिमी बारिश दर्ज



पाली जिले में एनडीआरफ, एसडीआरएफ व ग्रामीणों की मदद से लोगों को रेस्क्यू किया।



पाली शहर में जंगी बड़ा के निकट फैक्ट्री की कच्ची दीवार गिरने से कई वाहन दब गए।

**पाली,** (निसं)। चक्रवाती तूफान बिपरजॉय का पाली जिले में व्यापक असर देखने को मिला। शनिवार रात से जिले में तेज अंधड़ के साथ बारिश शुरू हुई जो रविवार दोपहर बाद तक जारी रही। इस दौरान सुमेरपुर ब्लॉक में सर्वाधिक 367 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। वहीं रानी में 349, देसूरी में 345 और बाली में 338 मिमी बारिश हुई।

जिला कलेक्टर नमित मेहता एवं पुलिस अधीक्षक गगनदीप सिंगला लगातार हालात पर नजर रखे रहे। प्रशासन की मुस्तेदी के चलते देसूरी, सुमेरपुर, बाली क्षेत्रों में नदी-नालों के बीच पानी में घिरे 30 से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाला गया। वहीं सुमेरपुर के पावा गांव में फंसे 6 लोगों को निकालने के लिए वायु सेना की मदद ली जा रही है। सुमेरपुर के ही धना गांव में भी 2 लोगों को रेस्क्यू करने के प्रयास जारी हैं। पाली में जबरदस्त बारिश आंधी तूफान से आधा दर्जन नदियां चली, पेड़ विद्युत खंभा गिरे पिछले दो दिन से जिले में आंधी-तूफान व बरसात आने से जिले में कई नदियां उफान पर है। पाली की जोजावर क्षेत्र, रोहट क्षेत्र गड़वाड़ा के पास नदी, बाता नदी चल पड़ी,

■ **देसूरी, सुमेरपुर, बाली क्षेत्रों में 30 से अधिक लोगों को रेस्क्यू किया**

जिससे पाली के हेमावास बांध में भी पानी आना शुरू हो गया। जिले में कई जगह पर सैकड़ों पेड़ व विद्युत पोल गिर गए जिससे पाली शहर में भी 18 घंटे लाइट बंद रही। रविवार शाम 6 बजे विद्युत सप्लाई की गई। पाली शहर में जंगी बड़ा के निकट एक फैक्ट्री की कच्ची दीवार गिरने से एक कार वह चार पांच वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। शहर के नगर परिषद के सामने टैगोर नगर सिंधी कॉलोनी क्षेत्र में पेड़ गिर। रविवार को सुबह से लेकर तीन बजे तक जोरदार तीव्र गति से बारिश हुई।

जिला कलेक्टर ने बताया कि चक्रवाती तूफान के चलते सुमेरपुर, देसूरी, बाली और पाली क्षेत्र में सर्वाधिक बारिश हुई। देसूरी, सुमेरपुर और बाली क्षेत्र में 30 से अधिक लोगों को प्रशासन की टीम ने एनडीआरफ, एसडीआरएफ और ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू किया। भारी बारिश के चलते नदी नाले उफान पर रहे। इस बीच देसूरी उपखण्ड क्षेत्र के करणवा गांव में ट्रैक्टर में सवार एक ही परिवार के 6 लोग तेज बहाव के बीच नदी पार करने के प्रयास में फंस गए। परिवार में 2-3 साल की बालिका भी शामिल थी। सूचना मिलते ही उपखण्ड अधिकारी देवयानी, तहसीलदार, प्रधान आदि टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत कर सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। उधर सेन्दरली गांव में भी खेत के चारों ओर पानी भरने से एक ही परिवार के 3 लोग फंस गए थे। प्रशासन की टीम ने ग्रामीणों की मदद से उन्हें सुरक्षित निकाला। इसी प्रकार बाली ब्लॉक के भीटवड़ा में भी पानी के बीच फसे लोगों को लाइफ जैकेट, रस्से और ट्यूब आदि की मदद से रेस्क्यू किया गया।

सुमेरपुर क्षेत्र के पावा गांव में 6 लोग तेज बहाव के बीच फसे हुए हैं। सूचना पर स्थानीय प्रशासन और एनडीआरफ की टीम मौके पर पहुंची। काफी प्रयासों के बाद भी सफलता नहीं मिलने पर जिला कलेक्टर मेहता ने वायु सेना की मदद मांगी है। देर रात तक रेस्क्यू ऑपरेशन जारी था। इसी प्रकार धना गांव में भी बहाव में फंसे 2 लोगों को निकालने के लिए प्रशासन और एनडीआरफ की टीम प्रयासरत है।

## गंगापुरसिटी में दिखा तूफान का असर

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। बिपरजॉय तूफान गुजरात के बाद अब राजस्थान के जिलों में अपना असर दिखा रहा है। शहर सहित आसपास के क्षेत्र में शनिवार रात को बिगड़ा मौसम का मिजाज रविवार को भी पटरी पर नहीं लौट पाया।

रविवार सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और सूरज और बादलों के बीच आंख मिचौली का खेल चलता रहा। इस बीच कई बार रुक-रुक कर हल्की हल्की बूंदाबांदी होती रही। सुबह जब लोगों की नींद खुली तो आसमान में बादल छाए हुए थे और तेज ठंडी हवाएं चल रही थी। सूरज के दर्शन नहीं होने के कारण सूरज और बादलों के बीच आंख मिचौली का खेल चलता रहा। इस बीच रुक-रुक कर हल्की-हल्की बूंदाबांदी भी होती रही। लोगों को बिपरजॉय चक्रवात से मौसम बदलने का एहसास हो गया। इससे पहले शनिवार शाम करीब 7 बजे एक बार फिर मौसम बदल गया और आसमान में बादल छा गए बादलों को देखकर लोगों को मौसम के बदलने का एहसास हो गया। आसपास के क्षेत्र में लोग चक्रवात बिपरजॉय के कारण मौसम में आए बदलाव को इसका कारण मान रहे थे। रात करीब 8 बजे बाद तेज हवाएं चलने लगी और बूंदाबांदी का दौर शुरू हो गया। करीब दस मिनट तक तेज गति से बारिश होती रही। वहीं, बिजली कटौती के कारण कोढ में खाज की स्थिति पैदा हो गई। साथ ही आसमान में बिजलियां कडकती रही।

## मनरेगा मजदूरों से मारपीट, तीन घायल

**डीग,** (निसं)। सदर थाना क्षेत्र के गांव अऊ के पास मनरेगा में कार्य कर रहे मजदूरों के साथ कुछ उमरी गांव के लोगों ने मारपीट के दौरान 3 लोगों को चोटे आई है। जिनमें से एक व्यक्ति की हालत गंभीर होने के चलते प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

घायल वीरेंद्र नगला फौजदार, घायल नाहर सिंह, घायल जोगिंदर को जिला अस्पताल रेफर किया है। अऊ गांव के सरपंच इंद्रपाल सिंह ने बताया कि हमारे गांव की लोग मनरेगा में कार्य कर रहे थे तो अचानक गांव उमरा के कुछ लोग अपने हाथों में लाठी-डंडे लेकर आए और मनरेगा में कार्य कर रहे

■ **घायलों का अस्पताल में उपचार कराया**

लोगों पर बरसाना शुरू कर दिया। जिसमें 3 लोग घायल हो गए हैं तीनों का इलाज डीग अस्पताल में जारी है। हमने सदर थाना पुलिस को सूचना दे दी हैं। सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। सरपंच इंद्रपाल ने बताया जिन लोगों ने मारपीट की थी व नरेगा के कर्मचारियों से मिसट्रोल को छुड़ाकर ले गए हैं। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी है कि मामला क्या है किस बात को लेकर झगड़ा हुआ है अभी तक झगड़े के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।

# जे.ई.ई.-एडवांस्ड, 2023 में हैदराबाद के वी.सी. रेड्डी ऑल इंडिया टॉपर

## गर्ल्स केटेगरी में हैदराबाद जोन से छात्रा नयाकांति नाग भव्यश्री ऑल इंडिया टॉपर रही

**कोटा,** (निसं)। आईआईटी गोवाहाटी द्वारा रविवार को घोषित जेईई-एडवांस्ड, 2023 रिजल्ट में हैदराबाद के छात्र वाविलाला चिदविलास रेड्डी ऑल इंडिया टॉपर रहे। उसे 360 में से 341 अंक प्राप्त हुये हैं। गर्ल्स केटेगरी में हैदराबाद जोन से छात्रा नयाकांति नाग भव्यश्री ऑल इंडिया टॉपर रही। उसने 360 में से 298 अंक प्राप्त किये है। देशभर के कोचिंग संस्थानों एवं परीक्षार्थियों द्वारा रिजल्ट देखने का क्रम जारी है। इस वर्ष 4 जून को देश के 221 शहरों के परीक्षा केंद्रों पर कुल 1,80,371 परीक्षार्थियों ने जेईई-एडवांस्ड परीक्षा दी थी, जिसमें से 43,773 क्लालिफाई घोषित किये गये। इनमें 36,204 छात्र एवं 7,509 छात्रायें हैं। इस वर्ष कुल परीक्षार्थियों की संख्या पिछले वर्ष से 24,834 अधिक होने से 3061 परीक्षार्थी अधिक सफल हुये हैं। हालांकि रिजल्ट 24.26 प्रतिशत रहा, जबकि गत वर्ष रिजल्ट 26.17 प्रतिशत था। इस वर्ष जेईई-मेन से कुल 1.93 लाख विद्यार्थी जेईई-एडवांस्ड के लिये क्वालिफाई किये गये थे, जिसमें से 1,80,371 लाख स्टूडेंट्स ने ही यह परीक्षा दी। ज्वाइंट सीट एलोकेशन कमेटी (जोसा) द्वारा ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया सोमवार 19 जून से प्रारंभ कर दी जायेगी। जेईई-एडवांस्ड में क्वालिफाई 43,773 विद्यार्थियों को देश की 23 आईआईटी की 16,598 (2022 के अनुसार) से अधिक सीटों पर प्रवेश दिये जायेंगे। जेईई-एडवांस्ड के स्कोर से 23 आईआईटी, 32 एनआईटी, 26 त्रिपल आईटी, 35 केंद्र वित्त

■ **कुल 1,80,372 परीक्षार्थियों में से 43,773 क्वालिफाई हुये**

■ **इस वर्ष रिजल्ट 24.26 प्रतिशत रहा, जबकि गत वर्ष रिजल्ट 26.17 प्रतिशत था**

पोषित संस्थानों सहित 117 संस्थानों के विभिन्न कोर्सेस में प्रवेश मिलेंगे।

**7509 बेटियां क्वालिफाई:-** 23 आईआईटी की 3276 सीटें (20.06 प्रतिशत) गर्ल्स के लिये सुपर न्यूमरेरी आधार पर आरक्षित हैं। गत वर्ष 35,124 में से 6516 गर्ल्स जेईई-एडवांस्ड में चयनित हुई थी। इस वर्ष 7509 गर्ल्स सफल रही जो गत वर्ष से 993 अधिक हैं।

**यह रही कटऑफ:-** जेईई-एडवांस्ड,2023 में सामान्य वर्ग की कुल कटऑफ 23.89 प्रतिशत व विषयवार 6.83 प्रतिशत रही। ओबीसी एवं सामान्य ईडब्ल्यूएस वर्ग में कटऑफ 21.50 प्रतिशत व विषयवार 6.15 प्रतिशत रही। एससी, एसटी व दिव्यांग वर्ग की कटऑफ 11.95 प्रतिशत व विषयवार 3.42 प्रतिशत है। रिजल्ट के अनुसार, इस वर्ष सामान्य वर्ग को 360 में से 86, ओबीसी व ईडब्ल्यूएस को 77, एससी, एसटी व दिव्यांग वर्ग को 43 अंकों पर काउसंलिंग के लिये क्वालिफाई घोषित किया गया है।

**हैदराबाद जोन से सर्वाधिक सलेक्शन:-** इस प्रवेश परीक्षा में आईआईटी के 7 जोन में हैदराबाद जोन से सर्वाधिक 10,432 स्टूडेंट्स, दिल्ली जोन से 9,290, मुंबई जोन से 7957,खडगपुर जोन से 4618, कानपुर जोन से 4582, रूडकी जोन से 4499, गुवाहाटी जोन से 2395 स्टूडेंट्स क्वालिफाई हुये हैं।

**टॉप-10 में 6 हैदराबाद जोन से:-** वीसी रेड्डी, आईआईटी हैदराबाद जोन, रमेश सूर्य थेजा आईआईटी हैदराबाद जोन, ऋषि कालरा, आईआईटी रूड़की जोन, राघव गोयल आईआईटी रूड़की जोन, ए.वेंकट शिवराम, आईआईटी हैदराबाद जोन, प्रभाव खंडेलवाल, आईआईटी दिल्ली जोन, बी.अभिनव चौधरी, आईआईटी हैदराबाद जोन, मलय केडिया, आईआईटी दिल्ली जोन एनबी रेड्डी, आईआईटी हैदराबाद जोन, वाई वेकट मनेंद्र रेड्डी, आईआईटी हैदराबाद से टॉप 10 रैंक बनाने में सफल रहे हैं।

# 'ज्ञान मत दो, काम करो.....टैंडर के वर्क ऑर्डर पर साइन करो, नहीं तो यहां से रवाना हो जाओ'

## हैरिटेज निगम के अति. आयुक्त राजेन्द्र वर्मा को लताड़ते हुए महापौर मुनेश का वीडियो वायरल

-कार्यालय संवाददाता-


हैरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर और उनके समर्थक पार्षद रविवार को भी धरने पर बैठे रहे।

- राजेन्द्र वर्मा पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए मेयर व करीब 50 पार्षद पिछले 46 घंटे से धरने पर बैठे
- मुख्यमंत्री गहलोत और उनके सचिव कुलदीप रांका को पत्र लिखकर मेयर समेत तमाम पार्षदों ने इस्तीफे की पेशकश की
- मजेदार बात यह है कि हैरिटेज निगम में पिछले 46 घंटे से चल रही कांग्रेस मेयर-पार्षदों व अफसरों की खींचतान को खत्म करवाने के लिए अभी कोई आगे नहीं आ रहा
- वायरल वीडियो पर मुनेश गुर्जर ने कहा कि ''नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त ने मेरे साथ बदतमीजी की थी। वह बोल रहे थे कि फाइल पर मैं ही साइन कर दूं। जिस पर मैंने उनसे कहा था, आप मुझे मत समझाएं। कुछ लोगों ने आधा अधूरा वीडियो काट-कर पार्षदों के धरने को कमजोर करने की कोशिश की है।''

**जयपुर** । हैरिटेज निगम के अतिरिक्त आयुक्त राजेन्द्र वर्मा पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए उन्हें सस्पैंड करने की मांग को लेकर कांग्रेस महापौर मुनेश गुर्जर और उनके 50 समर्थक पार्षद पिछले 46 घंटे से धरने पर बैठे है। अब मेयर मुनेश गुर्जर का एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें वह अतिरिक्त आयुक्त राजेन्द्र वर्मा को पार्षदों के साथ घेरकर लताड़ती हुई नजर आ रही है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो शुक्रवार का है। इस वीडियो में मुनेश गुर्जर, अतिरिक्त आयुक्त वर्मा से कह रही है, आप हमें ज्ञान मत दो..काम करो। हमें ज्ञान नहीं चाहिए। इसके बाद मुनेश कहती है कि या तो इस पर (टैंडर के वर्क ऑर्डर) पर साइन करें या फिर यहां से रवाना हों। इसके बाद महापौर मुनेश अपने कर्मचारियों को राजेंद्र वर्मा के खिलाफ मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उनके सचिव कुलदीप रांका को पत्र लिखने के लिए कहती हैं।

इसके बाद वहां मौजूद पार्षद, ''राजेंद्र वर्मा चोर हैं'' के नारे लगाते हुए उनके खिलाफ प्रदर्शन करने लग जाते हैं। इस दौरान एक पार्षद कहती है कि राजेंद्र वर्मा ने पैसे खा लिए हैं, इसलिए वह इस फाइल पर साइन नहीं कर रहे। इसके बाद पीछे से आवाज आती है कि इनके तो रोडवेज विभाग में ही खून मुंह गया था। वह आदत अब तक नहीं छूटी है। उधर मेयर मुनेश गुर्जर का आरोप है कि 'बिपरजॉय' चक्रवाती तूफान और मानसून को देखते हुए बाढ़ नियंत्रण का काम तत्काल शुरू होना था, लेकिन टैंडर की फाइल को अतिरिक्त आयुक्त ने पिछले 15 दिन से अटका रखा है। काम जल्द शुरू करवाने के बजाय टैंडर की तारीख 3 दिन बढ़ा दी। इसके अलावा हैरिटेज निगम की प्रथम बोर्ड मीटिंग में प्रत्येक पार्षद को 5-5 बीट कर्मचारी देने का फैसला हुआ था, जिसके टैंडर हो चुके, लेकिन फर्म को वर्कऑर्डर देने के बजाय राजेन्द्र वर्मा इस फाइल पर कुंडली मारकर बैठे हैं। वीडियो पर मुनेश गुर्जर ने कहा कि नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त ने मेरे साथ बदतमीजी की थी। वह बोल रहे थे कि फाइल पर मैं ही साइन कर दूं। जिस पर मैंने उनसे कहा था, आप मुझे मत समझाएं। कुछ लोगों ने आधा अधूरा वीडियो काट-कर पार्षदों के धरने को कमजोर करने की कोशिश की है। जो किसी भी सूरत में कमजोर नहीं होगा। बल्कि, अब हम और ज्यादा पुरजोर तरीके से अतिरिक्त आयुक्त के खिलाफ अपनी आवाज को बुलंद करेंगे।

मजेदार बात यह है कि घटना के करीब 46 घंटे बाद भी कांग्रेसी पार्षद नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त राजेन्द्र वर्मा को निलंबित करने की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं, लेकिन कांग्रेस के मंत्री व विधायकों ने इस प्रकरण से दूरी बना रखी है।

उधर महापौर मुनेश ने कहा कि, हम अपनी जायज मांगों को लेकर धरना दे रहे हैं, सत्य की नाव डगमग हो सकती है, डूब नहीं सकती। हमें पूरा विश्वास है कि सरकार हमारी मांग को पूरा करेगी।

मुनेश गुर्जर ने कहा कि नगर निगम के 50 पार्षदों ने अपना मांग पत्र, इस्तीफा दोनों मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कुलदीप रांका तक पहुंचा दिए हैं हमें पूरा विश्वास है कि जल्द ही राजेंद्र वर्मा को उसके किए की सजा मिलेगी, सरकार उसे निलंबित करेगी। अगर ऐसा नहीं हुआ तो हम नगर निगम के बोर्ड और पार्षद पद को त्याग देंगे। जब पार्षद बनकर ही हम जनता की लडाई नहीं लड़ सकेंगे, फिर यह पद और नाम किस काम का है।

सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसी पार्षदों के धरना छोड़कर जाने पर मुनेश गुर्जर ने कहा कि ''वह भी दिल से हमारे साथ हैं। उन्होंने भी राजेंद्र वर्मा के खिलाफ धरने में हमारे साथ बैठ कर विरोध किया था। किसी कारणवश वह फिलहाल हमारे साथ नहीं हैं। लेकिन, उनका पूरा समर्थन आज भी हमारे साथ है।''

# हत्या का फरार आरोपी एक साल बाद गिरफ्तार

**जयपुर** । सांगानेर थाना पुलिस ने हत्या के मामले में फरार चल रहे इनामी बदमाश को दबोच लिया। आरोपी एक साल से फरार चल रहा था और उसकी गिरफ्तारी पर 2500 रुपए का इनाम घोषित था।

डीसीपी (पूर्व) ज्ञानचन्द्र यादव ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी जोगेन्द्र उर्फ भुल्ली सलेमपुर दौसा हाल रघुनाथपुरा रिंग रोड चौराहे के पास मुहाना का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में परिवादी रमेश कुमार बैरवा ने थाने में मामला दर्ज करवाया। जिसमें बताया कि संजय उर्फ बाबा और अक्षय चौधरी सहित सात लोगों ने उसके भाई मुकेश बैरवा का अपहरण करके ले गए और उसकी हत्या कर बीलवा के पास पटक गए। पुलिस ने बताया कि आरोपी जोगेन्द्र एक साल से फरार चल रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए ढाई हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। आरोपी को पकडने के लिए थानाधिकारी महेन्द्र सिंह, हैड कांस्टेबल सूरजमल, कांस्टेबल केदारमल और मुकेश के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। टीम ने मुखबिर से सूचना मिलने के बाद कार्रवाई करते हुए आरोपी जोगेन्द्र उर्फ भुल्ली को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब यह पता लगा रही है कि उसने एक साल तक फरारी कहां कहां काटी। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।


## सार-समाचार

### निःशुल्क नेत्र जांच व चश्मों का वितरण



**जयपुर** । किशनपोल विधानसभा स्थित वार्ड 74 बंजी ठोलीयों की धर्मशाला जोहरी बाजार में गोल्डन आई हॉस्पिटल के सौजन्य से निशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। डॉक्टर और समस्त टीम का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। पार्षद कुसुम यादव ने बताया कि शिविर में क्षेत्र के 300 मरीजों ने पंजीकरण कराकर निशुल्क नेत्रों की जांच कराई। मोतियाबिंद रोग से ग्रसित 10 लोगों का ऑपरेशन के लिए चयन हुआ। मरीजों को 160 निशुल्क चश्में, दवाई आदि भी बांटी। इस प्रकार के कैंपों का आयोजन आगे भी किया जायेगा। इस दौरान पूर्व पार्षद एवं चेयरमैन अजय यादव,व्यापार मंडल अध्यक्ष गुलाबचंद श्रीमाल प्रभात शर्मा नरेश विजयवर्गीय राकेश यादव संजय यादव पिंकू शर्मा अक्षय यादव सुभाष सेन सियाशरण शर्मा विष्णु मीणा मनीष बिवाल संपत बिसला सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

### जिपमेट-2023 के परिणाम घोषित



**जयपुर**, (का.सं.)। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने ज्वाइंट इंटीग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट एडमिशन टेस्ट (जिपमेट-2023) का रिजल्ट घोषित कर दिया है। आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, कुल 8712 उम्मीदवारों ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था, जिनमें से 7398 परीक्षा में शामिल हुए। ''पात्र उम्मीदवारों की पात्रता मानदंड, स्व-घोषणा, विभिन्न दस्तावेजों आदि को आईआईएम बोधगया और आईआईएम जम्मू द्वारा निर्दिष्ट मापदंडों के अनुसार सत्यापित किया जाएगा। बता दें कि जिपमेट 2023 का आयोजन 28 मई, को देश भर के 69 शहरों के 80 केंद्रों में कंप्यूटर आधारित परीक्षा में किया गया था। टाइम जयपुर के हृदय खंडेलवाल ने 100 परसेंट रहते प्राप्त की है। इसी के साथ यति भंसाली ने 99.6 परसेंट रहते एवं अनन्या गोयल 99.02 प्रतिशत प्राप्त कर न सिर्फ संस्थान का अपितु पूरे राज्य का नाम रोशन किया है।

### हवालात में आत्महत्या का प्रयास

**जयपुर** (कासं)। वैशाली नगर थाने में एक बदमाश ने आत्महत्या करने का प्रयास किया है। बताया जा रहा है कि बदमाश ने हवालात में नुकीली चीज से हाथ और गले पर चोट पहुंचाकर खुद को घायल कर लिया। जिसे पुलिसकर्मियों ने हवालात से बाहर निकालकर अस्पताल में इलाज करवाया। पुलिस ने बदमाश के खिलाफ आत्महत्या करने का प्रयास करने का मामला दर्ज कर आरोपी बदमाश को कोर्ट में पेश किया गया। जहां उसे जेल भेज दिया गया। जांच अधिकारी एएसआई सुनील कुमार ने बताया कि गत दिनों चेन स्नेचर सोहेल उर्फ़ भल्ला (25) और इसके साथी को गिरफ्तार किया था। आरोपी स्मैकची है। आरोपित सोहेल ने हवालात के बाहर तैनात सिपाही से स्मैक मांगी और कहा कि यदि स्मैक नहीं मिली तो वह आत्महत्या कर लेगा। इसके बाद सोहेल ने हवालात के अंदर से ही लोहे के सरियों से खुद को घायल कर लिया। इस पर सोहेल को अस्पताल ले जाकर इलाल करवाया गया। इसके बाद उसे कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया गया। वहीं आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### सिंधी बाल संस्कार शिविर संपन्न

**जयपुर** (कासं)। पूज्य सिंधी पंचायत सेक्टर 5-8 मालवीय नगर व भारतीय सिंधू सभा के तत्वावधान में 7 जून से चल रहे बाल संस्कार शिविर का समापन रविवार को हुआ। भारतीय सिंधू सभा के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल वाधवानी के मुख्य आतिथ्य में हुए इस शिविर में बच्चों को 12 दिन तक सिंधी भाषा का ज्ञान दिया गया। समापन समारोह में बच्चों ने शिविर में जो सीखा, उसकी प्रस्तुतियां दी। पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष धर्मदास खीमनानी व महासचिव टीकमदास टिलवानी ने बताया कि शिविर में 60 से ज्यादा बच्चे मौजूद रहे। बच्चों में सिंधी भाषा के विकास में अध्यापिका किरण होतवानी और जितेश रेवानी का विशेष योगदान रहा। शिविर में प्रत्येक दिन बच्चों को पौष्टिक आहार भी दिया गया। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव नवल किशोर गुरनानी, जिलाध्यक्ष संतोष कुमार हिलयानी, सलाहकार होतचंद खेमचंदानी मौजूद रहे। संस्था से जुड़े गिरीश लालवानी ने बताया कि यह शिविर हमारी मातृभाषा सिंधी का प्रचार करने के लिए लगाया गया था।

### तिहाड़ जेल से मोबाइल स्नेचर गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। आदर्श नगर थाना पुलिस ने दिल्ली की तिहाड़ जेल से दो मोबाइल स्नेचर को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। जिनके पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया आरोपित राहुल सिंह और जस्सी निवासी गणेशपुरी गलता गेट को गिरफ्तार किया गया हैं। आरोपी स्मैकची है, जो कि नशा पूर्ति के लिए वारदातों को अंजाम देते हैं। आरोपित जयपुर में वारदात करने के बाद दिल्ली जाकर वारदात करते हैं। फ़िलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

### मंदिर में चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। जवाहर सर्किल पुलिस ने मंदिर में चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी सुरेंद्र सैनी ने बताया आरोपित शाहिद (20) और महेंद्र (25) मनोहरपुरा कच्ची बस्ती जगतपुरा को गिरफ्तार किया गया हैं। आरोपी गत दिनों मंदिर में सेंध लगा कर दानपात्र चुरा ले गए थे, जिसे बरामद कर लिया गया है। आरोपित नशेड़ी किस्म के युवक है, जो नशापूर्ति के लिए वारदात करते हैं।

### दिव्य श्री हनुमान कथा 20 से

**जयपुर** । आर.पी.ए. रोड स्थित संजय कॉलोनी द्वारिकापुरी के श्री राधा कृष्ण मनकामेश्वर मंदिर में संगीतमय दिव्य श्री हनुमान कथा का आयोजन 20.06.2023 मंगलवार से 24.06.2023 शनिवार तक दोपहर 3 से 6 बजे तक होगा। आयोजक महेश अग्रवाल ने बताया कि कथावाचक धनश्रीराम मधुरमय वाणी से शलोको के माध्यम से कथावाचन करेंगे।

# 'हैरिटेज निगम के फर्नीचर घोटाले की जांच को एक साल बाद भी मंजूरी नहीं'

- मुख्यमंत्री कार्यालय और ए.सी.बी. में महापौर मुनेश गुर्जर, तत्कालीन आयुक्त अवधेश मीणा व अधिशाषी अभियंता के.एल.मीणा के खिलाफ शिकायत दी थी : यूनुस चौपदार

**जयपुर** (कासं)। हैरिटेज निगम में हुए तथाकथित फर्नीचर घोटाले की जांच को 1 साल बाद भी सरकार ने मंजूरी नहीं दी है। ताज्जुब की बात यह है कि मुख्यमंत्री कार्यालय और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ए.सी.बी.) में सामाजिक कार्यकर्ता यूनूस चौपदार ने महापौर मुनेश गुर्जर, तत्कालीन आयुक्त अवधेश मीणा और अधिशाषी अभियंता के.एल. मीणा के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी। ए.सी.बी. ने 17-ए के तहत राज्य सरकार से जांच के लिए मंजूरी मांगी थी, लेकिन कांग्रेस महापौर के हैरिटेज निगम का यह मामला पूरी तरह से दबा दिया गया। जबकि स्वायत्त शासन विभाग ने गत 5 अगस्त 2022 को स्थानीय निकाय विभाग के उपनिदेशक क्षेत्रीय को भी पत्र लिखकर इस संबंध में मंजूरी मांगी थी।

यूनूस चौंपदार ने आरोप लगाया कि महापौर मुनेश गुर्जर अब अधिकारियों पर भ्रष्टाचार और अभद्रता के आरोप लगाकर धरना दे रही है, लेकिन उन्होंने करोड़ों रुपये के फर्नीचर घोटाले को लेकर कभी धरना क्यों नहीं दिया। आखिर इस घोटाले की फाइल अधिशाषी अभियंता मुख्यालय ने ऐसी कौनसी अलमारी में दबा रखी है, जो ढूंढने से भी नहीं मिल रही। महापौर व अधिशाषी अभियंता इस घोटाले की जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक क्यों नहीं करते। मैं महापौर व एक्सईन मुख्यालय को चुनौती देता हूं कि मिडिया के सामने मेरी शिकायत पर की गई जांच की फाईल सार्वजनिक करे, फिर जनहित के मुद्दों पर धरने का ढोंग करे।

# फिल्मी स्टाइल में युवक का अपहरण

- बजाज नगर इलाके में बदमाशों ने बीच रोड पर कार रुकवाई और पीटते हुए गाड़ी में पटक कर ले गए
- पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए 3 बदमाशों को गिरफ्तार कर युवक को सुरक्षित छुड़वाया

**जयपुर** । राजधानी के बजाज नगर इलाके में फिल्मी स्टाइल में बदमाशों ने एक युवक का अपहरण कर लिया। बीच रोड पर उसकी कार को रुकवाकर पहले तोड़फोड़ की, फिर मारपीट कर उसे कार में पटक कर ले गए। हालांकि तुरंत हरकत में आई पुलिस ने तीन अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार कर युवक को छुड़वा लिया।

बताया जा रहा है कि 17 जून की रात को बजाज नगर के मानसिंहपुरा में किडनैपिंग की वारदात हुई। दो स्विफ्ट कारों में आए बदमाशों ने अचानक पीड़ित की कार के आगे गाड़ियां लगा दी। घबराकर युवक ने कार रोकी तो देखा कि दोनों गाड़ियों में हाथ में लाठी-डंडे लिए युवक उसकी कार की तरफ बढ़ रहे है। जिसके बाद बदमाशों ने युवक की कार में तोड़फोड़ करते हुए उसे नीचे उतारकर पीटने लगे। बदमाश उसे अपनी कार में पटक कर ले गए। वारदात स्थल पर मौजूद लोगों ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर नाकाबंदी करवाई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार के रजिस्ट्रेशन नंबर और बदमाशों की पहचान की गई और दबिश देकर तीनों बदमाशों को पकड़ लिया। बदमाशों से वारदात में उपयोग ली गई कारें भी जब्त कर ली। पूछताछ में सामने आया है कि आपसी झगड़े और लेन-देन को लेकर बदमाशों ने यह वारदात की। डीसीपी ज्ञानचंद यादव ने बताया कि आरोपी रोहित कुमार यादव उर्फ मोनू (25) निवासी नीमराना अलवर हाल पिलर नंबर-110 श्याम नगर, सुनील कुमार चैची (24) निवासी नीमकाथाना सीकर हाल त्रिवेणी नगर मानसरोवर और बलकेश कसाना (23) निवासी रिद्धी-सिद्धी मानसरोवर को गिरफ्तार किया है।

# पुलिस ने 864 बदमाशों के ठिकानों पर दबिश दी

- आर्म्स एक्ट, चेन स्नैचर, गैंग और मादक पदाथों की तस्करी में लिप्त 120 आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर** । जयपुर पुलिस ने रविवार को 864 बदमाशों के ठिकानों पर दबिश दी, जिनमें से 120 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस कमिश्नर आनंद श्रीवास्तव के निर्देश पर यह कार्रवाई ऑपरेशन आर्म्स एक्ट, चैन स्नैचर, गैंग, (मादक पदार्थों की तस्करी) एनडीपीएस में अपराध कर चुके बदमाशों के ठिकाने पर की गई। पुलिस ने 158 बदमाशों को हिरासत में लेकर थाने ले जाकर पूछताछ की, उनसे बरामद अवैध शराब, हथियार व वाहन जब्त किए।

एडिशनल पुलिस कमिश्नर कैलाश चंद बिश्नोई ने बताया कि शहर में समय-समय पर बदमाशों के ठिकाने पर दबिश दी जा रही हैं। जिससे अधिकांश बदमाशों ने बदमाशी का रास्ता बदल लिया है, लेकिन उसके बाद भी कुछ लोग हैं, जो सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। ऐसे में चारों जिलों के डीसीपी को अपने इलाके के एक सर्किल में यह ऑपरेशन करने निर्देश दिए गए। जिस पर आज सुबह 5 बजे से डीएसटी और सीएसटी की टीमों ने बदमाशों के घरों पर दबिश देना शुरू किया। बिश्नोई ने बताया कि ईस्ट जिले में सांगानेर सर्किल में सर्च ऑपरेशन कराया गया। जहां से पुलिस ने 20 के बदमाशों को गिरफ्तार किया हैं। जिन से ज्यादा वाहन चोर हैं। वैस्ट जिला पुलिस ने झोटवाड़ा सर्किल में सर्च कराया जिस में पुलिस ने 51 बदमाशों को गिरफ्तार किया हैं। जिस में लूट, स्नैचिंग के बदमाश शामिल हैं।

नॉर्थ जिले में पुलिस ने शास्त्री नगर सर्किल में सर्च कराया, इस दौरान पुलिस ने 45 से अधिक बदमशों को गिरफ्तार किया जिनके पास से शराब और नशे की कई खेप मिली। वहीं साउथ जिले में मानसरोवर सर्किल में पुलिस ने सर्च कराया इस दौरान पुलिस ने 40 से अधिक बदमाशों को गिरफ्तार किया।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

**जयपुर** । माणक चौक थाना इलाके में शादी का झांसा देकर एक युवती से कई सालों तक देह शोषण का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि जमवारामगढ़ क्षेत्र निवासी 29 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज करवाया है कि वह साल 2016 में इलाके स्थित मकान में किराए से कमरा लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। इस दौरान रोशन लाल शर्मा से जान पहचान हुई। आरोप है रोशन ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया और अब तक देहशोषण करता आ रहा है। अब उसने शादी से इंकार कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वहीं सांगानेर इलाके में एक विवाहिता से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया इलाके निवासी एक विवाहिता ने इस्तगासे के जरिए मामला दर्ज करवाया है कि कुछ दिन पहले वह घर पर अकेली थी। इस दौरान पुखराज मीणा घर आया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

# दिनभर लगी 'सावन की झड़ी'




**चक्रवाती तूफान 'बिपरजॉय' के प्रभाव से रविवार को राजधानी जयपुर में दिनभर रिमझिम बारिश का दौर चला। अलसुबह से लेकर देर शाम तक 'सावन की झड़ी' लगी रही, इस कारण तापमान में भी करीब 10 डिग्री तक गिरावट नजर आई। मौसम केन्द्र जयपुर ने सोमवार को जयपुर में येलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही जिले में भारी बारिश, मेघ गर्जन और वज्रपात तथा 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना जताई है। इसके अगले दो दिन भी मेघ गर्जन व वज्रपात के साथ तेज हवाएं चलने की चेतावनी दी है।**

# हाईटेंशन लाइन के नीचे पार्षद कार्यालय बनाने का विरोध

## रजनी विहार और आसपास की कॉलोनियों के सैकड़ों लोगों ने निर्माणस्थल पर धरना देकर नारेबाजी की



पृथ्वीराज नगर क्षेत्र के दशहरा मैदान में हाईटेंशन विद्युत लाइन के नीचे पार्षद कार्यालय बनाने के विरोध में रविवार को सैकड़ों लोगों ने प्रदर्शन किया।

- पार्षद कार्यालय की आड़ में हाईटेंशन लाइन के नीचे अटकी दुकानों के निर्माण की राह खोलना चाहता है निगम प्रशासन : एडवोकेट घनश्याम सिंह

**जयपुर** (कासं)। पूर्व मेयर शील धाबाई के वार्ड 60 में ग्रेटर निगम प्रशासन हाईटेंशन विद्युत लाइन के नीचे अवैध तरीके से पार्षद कार्यालय बनाने में जुटा है। रविवार को रजनी विहार समेत आसपास की कॉलोनियों के सैकड़ों लोगों ने दशहरा मैदान में बन रहे पार्षद कार्यालय के बाहर एकत्रित होकर नारेबाजी की।

पृथ्वीराज नगर जन अधिकार संघर्ष समिति के अध्यक्ष एडवोकेट घनश्याम सिंह ने कहा कि, भले ही जेडीए व नगर निगम के अधिकारी इस निर्माण को सही बताकर क्लीन चिट देने में जुटे हैं, लेकिन राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम के अधिशाषी अभियंता रमेश चंद्र ने इसे पूरी तरह से अवैध बता दिया है।

उन्होंने जेडीए के मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी को पत्र लिखकर कहा है कि 132 केवी की इस हाईटेंशन लाइन के नीचे बन रहा पार्षद कार्यालय पूरी तरह से असुरक्षित और अवैध है, इसलिए इस निर्माण को रोका जाये। इसके बावजूद जेडीए व नगर निगम के अधिकारी इस पर कार्रवाई नहीं कर रहे है।

घनश्याम सिंह ने बताया कि हाईटेंशन विद्युत लाइन के नीचे की जमीन को ग्रीन कॉरिडोर रखा जाता है। जहां कोई भी निर्माण नहीं हो सकता। इसके बावजूद ग्रेटर निगम प्रशासन ने यहां वार्ड 60 की पार्षद शील धाबाई के लिए कार्यालय बनाना शुरू कर दिया। इसकी आड़ में यहां हाईटेंशन विद्युत लाइन के कारण अटकी 34 दुकानों के निर्माण की राह खोलने की तैयारी है। जब तक यह अवैध निर्माण नहीं हटाया जाता, तब तक लगातार विरोध जताएंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य अशोक शर्मा ने कहा कि जेडीए और नगर निगम प्रशासन को आगाह किया है कि आने वाले एक दो दिन में यदि काम को नहीं रोका गया तो निगम कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा तथा जयपुर विकास प्राधिकरण में शिकायत दर्ज करवाई जाएगी। धरने-प्रदर्शन के दौरान रजनी विहार विकास समिति के अध्यक्ष राहुल शर्मा, पूर्व तहसीलदार कैलाश गहलोत, अशोक गौतम, गोपाल शर्मा, मोनिका दुबे, मंजू शर्मा व पम्मी शर्मा मौजूद थे।



## World Martini Day

Martini has been enjoyed as an alcoholic gin and vermouth cocktail for many decades and is now one of the most famous cocktails in the world. It can be served in a variety of ways, such as with ice (on the rocks), garnished with an olive, or with a twist of lemon. Martini is served in bars around the world and is easy to make and enjoy at home. A great idea for celebrating World Martini Day is to have a group of friends round to enjoy the drink.



*With this issue we are introducing a new format that showcases the works of many Jaipur artists and professionals we think should be brought to the attention of our readers. We start with the works of Nihal Mathur and his unique stamp presentations. He tells the Story of Flight by arranging his stamps in historically sequential order to tell the tale. There are in all 38 presentations that takes the reader from the beginning made by the early pioneers and ends with modern aircrafts today.*

*-Editor*




Concept and Design by Nihal Mathur
Computer Graphics by Bharat Kumawat



**Nihal Mathur,** *Filmmaker, Writer*

After graduating from Delhi University, Nihal Mathur led a career of an inveterate freelancer who continually moved from one project to another almost all his life. He worked in film / television for over 30 years producing and directing documentaries for both NGO & corporate sectors. He also worked with foreign networks in roles as diverse as researcher & line producer. He also had the opportunity to work with foreign feature films, TV serials, commercial and ad films. Besides film & television, Nihal has also worked as a photojournalist, contributing to various newspapers and magazines in India and abroad. The focus of his stories has largely been on history, art, culture and wildlife. He has been an avid photographer whose pictures have been printed in calendars, posters, brochures and mounted in exhibitions. He has written professionally for many clients. He took early retirement from professional jobs and went to Todgarh Raoli Wildlife Sanctuary where he lived abutting the forest for 3 years working with people on projects related to wildlife conservation, biodiversity & empowerment of the local people. He started Ecopanions Society, an initiative to communicate the importance of ecology, the story of resources and the lessons in sustainability to all age groups and people. With mounting health issues, he is now in retirement sorting out his humongous collection of stamps into different themes and presenting them as pieces of wall art. The most significant thing about Nihal is that he lived with his Guru for twenty years, before he passed away.

# The Wright Brothers




After winning a coin toss, Orville became the first brother to get airborne while Wilbur ran behind him on the sands of Kitty Hawk, North Carolina.

## Earliest Days

First flight in history was recorded when a heavier-than-air machine lifted off, powered by its on-board engine. That distinction went to the Wright Brothers - Orville & Wilbur, from Kansas, USA, who in 1903 took off in their Flyer I biplane that used a 9 kilowatt gasoline engine that powered the propellers for a 12 second flight for a total distance of 120 feet at Kitty Hawk, North Carolina. Well, this was the record that gave Wright Brothers the title of inventor of "heavier-than-air" powered flying machine - the Airplane. Between 1904 & 05, the Wright Brothers developed their flying machine to make longer running and more aerodynamic flights with Flyer II, followed by the first truly practical fixed wing aircraft, the Flyer III. Very early on in their experimentation with glider, they had realized the key to sustained flight was control. This they achieved with the creation of a 'three-axis' control system which enabled them to steer the aircraft effectively and maintain its equilibrium. The Brothers formed a Wright Company which was incorporated in 1909 and they set up a factory and a flying school in Dayton. They made an aircraft for the United States military but that did not turn out to be a success resulting in many deaths but the Brothers refused to see the fault in their design, instead blamed the pilots. They lost the contact because essentially the Wright Brothers were not businessmen. They were inventors and their craft launched the aviation industry worldwide.

# 'आर.पी.एस.सी. की पवित्रता को भी कांग्रेस सरकार ने तार-तार कर दिया है'

## दो बार बसपा को निगलने वालों के मुंह से हॉर्स ट्रेडिंग पर उपदेश अच्छा नहीं लगताः नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़

**झुंझुनूं, (निंस)।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ झुंझुनूं जिले के दौरे पर है। झुंझुनूं के बिसाऊ और झुंझुनूं शहर पहुंचने पर राठौड़ का स्वागत किया गया। झुंझुनूं में पूर्व प्रधान गिरधारी खीचड़ की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं ने राठौड़ का स्वागत किया। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए राठौड़ ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दो-दो बार बसपा को निगलने वाले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत हॉर्स ट्रेडिंग पर उपदेश दे रहे हैं जो गले नहीं उतर रहा है। उन्होंने कहा कि आर.पी.एस.सी. की पवित्रता को भी इस सरकार ने तार-तार कर दिया है। एसओजी की रिपोर्ट पर दो और परीक्षा निरस्त कर मेधावी युवाओं के सपनों को तोड़ने जैसा काम सरकार ने किया है।



नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने प्रेसवार्ता की।

उन्होंने कहा कि एसआई परीक्षा के कन्वीनर बाबूलाल कटारा थे। जो अब जेल में है। पेपर सेट से लेकर साक्षात्कार तक सबमें के कन्वीनर बाबूलाल कटारा थे। इसलिए ना केवल एसआई, बल्कि हर परीक्षा संदेह के घेरे में है। प्रदेश का नौजवान इस सरकार को बख्शेगा नहीं। उन्होंने कहा कि यदि सरकार पाक साफ है तो अब आगे आकर सभी परीक्षाओं की जांच ज्यूडीशली, सीबीआई या फिर एनआईए को दे देनी चाहिए। आरपीएससी के लोगों ने नौकरियों को लूटने का षड़यंत्र किया है। उन्होंने किसी नाम लिए बगैर एक बार फिर गोविंद डोटासरा पर निशाना साधा और कहा कि केवल ये परीक्षाएं ही नहीं। पूर्व की आरएएस परीक्षा भी इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। एक रसूखदार के

■ नेता प्रतिपक्ष राठौड़ झुंझुनूं दौरे पर रहे, शहर में हुआ स्वागत

परिवार के सारे के सारे सदस्य एक ही परीक्षा में इतने मेधावी हो गए कि सभी आरएएस बन गए। उन्होंने महंगाई राहत कैंपों के जरिए भाषण पिलाने का आरोप लगाया और कहा कि सरकारी धन का दुरूपयोग हो रहा है। साथ ही उन्होंने पीसीसी सचिवों की रोकी गई लिस्ट पर टिप्पणी करते हुए कहा कि इससे स्पष्ट होता है कि कांग्रेस सरकार में बंदरबांट और भ्रष्टाचार किस सीमा तक पहुंच गया है। जिसके चलते पीसीसी सचिवों की सूची केंद्रीय नेतृत्व को रोकनी पड़ी है। इस मौके पर चूरू के पूर्व जिला प्रमुख हरलाल सहारण, भाजपा नेता केके जानूं, पूर्व पार्षद कुलदीप पूनियां, टिल्लू ठेकेदार, भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश गजराज आदि मौजूद थे।

# पुलिस हिरासत से छूटे पी.सी.सी. सदस्य का निकाला जुलूस

## जनसंवाद कार्यकर्ता सम्मेलन में उठी स्थानीय की मांग



पीसीसी सदस्य घासीलाल चौधरी का समर्थकों ने खुली जीप में बैठाकर वाहनों के काफिले के साथ विशाल जूलूस निकाला।

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा के चहुमुंखी विकास सहित आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर प्रमुख समाजसेवी भामाशाह व पीसीसी सदस्य के आव्हान पर आयोजित जनसंवाद कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे हजारों कार्यकर्ताओं की भीड़ को अनुमति नहीं होने की बात कहते हुए वीर सांवरकर सर्किल के पास रोकने को लेकर पुलिस व कार्यकर्ता आमने-सामने हो गये। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर कांग्रेस पीसीसी सदस्य सहित पांच जनों को गिरफ्तार किया।

आगामी विधानसभा चुनाव 2023 से पहले मालपुरा विधानसभा क्षेत्रवासियों से क्षेत्र के चहुमुंखी विकास एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि के अभाव में विकास से पिछड़ रहे मालपुरा के अस्तित्व को बचाने के लिए गैर राजनैतिक मंच व बैनर से समाजसेवी भामाशाह घासीलाल चौधरी कुहाडा द्वारा रविवार को घाटी रोड नसियां के बालाजी परिसर में

■ चार थानों की पुलिस की मौजूदगी में भाजपा विधायक का हजारों लोगों ने पुतला जलाया

■ सभा की अनुमति नहीं मिलने पर पुलिस व कार्यकर्ता आमने-सामने हुए

जनसंवाद कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर आयोजकों की ओर से बीते एक पखवाडे से सम्पूर्ण विधानसभा क्षेत्र में की जा रही नुक्कड सभाएं व जनसम्पर्क सहित जगह-जगह चस्पा प्रचार के चलते रविवार को हजारों की संख्या में आमजन कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा।

सांवरकर सर्किल पर जुटी भारी भीड़ कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना हुई तो पुलिस प्रशासन ने काफिले में शामिल डीजे को बंद करवा दिया तो भीड़ का गुस्सा फूट पड़ा। जयपुर भीलवाडा स्टेट हाईवे पर भारी भीड़ जमा हो गई। गिरफ्तारी की खबर गांवों में आग की तरह फैल गई। देखते ही देखते हजारों की संख्या में भीड़ थाने के सामने जमा होकर नारेबाजी कर धरने पर बैठ गई। भाजपा विधायक कन्हैयालाल चौधरी पर विकास नहीं कराने का खुला आरोप लगा पुतला फुंका।

बाद में पुलिस ने शांतिभंग की धाराओं में घासीलाल चौधरी की गिरफ्तारी दिखा थाने पहुंचे एसडीएम महिपाल सिंह के समक्ष पेश कर जमानत पर रिहा किया। साथ ही गिरफ्तार अन्य लोगों को भी रिहा किया। घासीलाल चौधरी के बाहर निकलते ही मौजूद समर्थकों ने जमकर नारेबाजी कर फूलमालाओं से लाद कंधों पर बिठा खुली जीप में सवार तीन किमी. वाहनों के काफिले के साथ विशाल जूलूस निकाला।

# पुलिस जीप को टक्कर मार भागा बदमाश

**बीकानेर, (निसं)।** बंगलानगर में एक बदमाश पुलिस की गाड़ी को टक्कर मारकर बोलेरो गाड़ी भगा ले गया। करीब चार किलोमीटर तक पीछा कर नाल और मुक्ता प्रसाद पुलिस ने ऊन मंडी स्थित ओवरब्रिज के पास दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी का नाम राजेश पुत्र रामस्वरूप जाट, निवासी रामसर, हाल शिव शक्ति गैस गोदाम के पास बंगला नगर है।

मुक्ता प्रसाद थाने के एसएचओ अरविंद भारद्वाज ने बताया कि शुक्रवार रात को अज्ञात लोगों ने शहर नथानिया की गोचर भूमि पर बनी दीवार को तोड़ दिया था। एसआई हंसराज मौका मुआयना करने के लिए गए थे। इस बीच लोगों ने उन्हें बताया कि दीवार शुक्रवार रात को मनीष पुत्र शंकर लाल जाट, राकेश पुत्र बाबूलाल, किशन पुत्र सीताराम तथा भगवानाराम पुत्र रामस्वरूप कस्वां सहित चार-पांच

■ नाल और मुक्ता प्रसाद पुलिस ने बदमाश को ऊन मंडी स्थित ओवरब्रिज के पास दबोचा

अन्य ने तोड़ी है। बंगला नगर में एसआई हंसराज ने बोलेरो चालक को रोककर पूछताछ करनी चाही तो उसने अपनी बोलेरो से थाने की जीप को दो-तीन बार टक्कर मारी। इसके बाद वह गाड़ी को तेज गति से भगाकर ले गया। जिसे बाद में ऊन मंडी के पास काबू किया गया। बोलेरो चालक ने अपना नाम राजेश पुत्र रामस्वरूप बताया, जिसे गाड़ी सहित गिरफ्तार कर लिया गया है।

डूडी पेट्रोल पंप के पास नाल थाने की गाड़ी को टक्कर मारने के बाद बोलेरो चालक राजेश जाट ने बंगला नगर की गलियों में गाड़ी को भगा लिया। उसके पीछे नाल थाने की गाड़ी ने पीछा करना शुरू कर दिया। थाने के एसआई हंसराज ने वायरलेस से घटनाक्रम की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। इसके बाद मुक्ता प्रसाद थाने की पुलिस भी बदमाश के पीछे लग गई। सदर, बीछवाल, जामसर, और नाल थाने की पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए नाकाबंदी की। एसआई हंसराज ने बताया कि आरोपी राजेश जाट की गाड़ी का टायर ऊन मंडी के पास ब्लास्ट हो गया। इसके बाद पुलिस ने घेरा बनाकर आरोपी को काबू किया। मुक्ता प्रसाद थाने के एसएचओ अरविंद भारद्वाज और नाल थाने के एसआई हंसराज ने बताया कि पुलिस की गाड़ी को टक्कर मारने और गोचर की दीवार तोड़ने वाले आरोपी को गाड़ी सहित गिरफ्तार कर लिया है। एसपी तेजस्वनी गौतम के निर्देश पर शेष आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए टीमें गठित की है।

# नोखा में लगेंगे एक लाख से ज्यादा पौधे

**नोखा, (निसं)।** कस्बे को हरा भरा बनाने के उद्देश्य से इस बार वन विभाग ने एक लाख से अधिक पौधे तैयार किए है। इसके लिए वन विभाग की नोखा में स्थिति दोनों नर्सरियों में पौधे तैयार किए जा रहे हैं। विभाग की ओर से आम लोगों को फार्म फॉरेस्ट नीति के तहत 20 हजार पौधे और फॉर्म नीति के तहत शहरी क्षेत्र की नगर पालिका, पंचायतों व स्कूलों को को 84 हजार पौधे सशुल्क बांटेगा। इसके अलावा ग्राम पंचायत क्षेत्रों की चारगाह भूमि व सरकारी भूमि पर भी पौधे लगेंगे। नोखा में 75 हेक्टेयर में करीब 1 लाख 5 हजार पौधे लगाए जाएंगे।

इसके अलावा वन विभाग स्कूलों, सामाजिक संस्थाओं व अपने स्तर पर जहां हरियाली कम है, वहां पर पौधे लगाएगा। साथ ही नोखा में फलदार और छायादार पौधों का रोपण भी किया जाएगा। इस बार वन विभाग की ओर फूलों वाले खुशबूदार पौधों सहित स्थानीय स्तर पर लगने वाले पौधे तैयार किए गए हैं। इस बार दो-चार बार अच्छी बारिश होने व मौसम अनुकूल होने से कई लोग तो पौधे लगाने के लिए पहुंचने भी लगे है। पौध वितरण एक जुलाई से शुरू कर दिया जाएगा।

वन विभाग की नोखा में नेशनल हाइवे पर स्थित नर्सरी व नोखागांव में नर्सरियां है। इनमें नीम, खेजड़ी, जामुन, बेलपत्र, गुलाब, मेहंदी, बोगन बेल, कनेर, दिन का राजा, रात की रानी, चांदनी, नींबू, पपीता सहित विभिन्न प्रजाति के पौधे है। वन विभाग की ओर से पौधों की कीमत में इस साल भी फिलहाल कोई ज्यादा परिवर्तन नहीं किया गया है। विभाग के अधिकारियों के अनुसार, एक फीट हाइट तक का पौधा आमजन को पांच रुपए में, दो फीट तक का आठ रुपए में, तीन फीट तक का 15 रुपए में कीमत में उपलब्ध करवाया जाएगा। वहीं सामाजिक संस्थाओं को 2 से 15 रुपए में पौधे उपलब्ध करवाए जाएंगे। आमतौर पर निजी नर्सरियों में सरकारी नर्सरी की तुलना पौधों की कीमत 25 फीसदी ज्यादा रहती है।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**करौली, (निसं)।** मामचारी थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने बाले आरोपी हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर लिया है। मामचारी थानाधिकारी ओमेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने का आरोपी पिंटू उर्फ करण पुत्र घनश्याम जाटव निवासी मामचारी कई दिनों से पुलिस गिरफ्त से दूर था जिसके लिए पुलिस तलाश में थी जिसकी सूचना पर टीम गठित कर पीछा किया गया और यहां के गंगापुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया

# बजरंगलाल शर्मा सुसाइड मामले में नया मोड़ आया

## बजरंग शर्मा को आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के माण्डल थाना क्षेत्र में गत दिनों गणेशपुरा के बजरंगलाल शर्मा सुसाइड मामले में आज नया मोड़ आया है। एक युवती के खिलाफ पुलिस ने खुदकुशी के लिए मजबूर करने का केस दर्ज किया है। मृतक के भाई ने यह केस दर्ज करवाया है।

मांडल पुलिस ने बताया कि गणेशपुरा निवासी भैंरूलाल पुत्र पूरणमल शर्मा ने थाने में रिपोर्ट दी कि 9 जून को उसका भाई बजरंगलाल शर्मा सुबह चाय पीकर कमरे में गया, जो वापस कमरे से बाहर नहीं आया। बंद कमरे की खिड़की से देखने पर वह साड़ी के फंदे से लटका मिला। इसे लेकर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया। भैंरूलाल ने आरोप लगाया कि इस घटना के बाद जानकारी करने पर पता चला कि बनेड़ा तहसील क्षेत्र की चंदा ने बजरंग को सरकारी नौकरी में होने से प्रेमजाल में फंसा लिया। चंदा व उसके परिवारजन मिलकर बजरंग को ब्लैकमेल करने लगे। अवैध राशि नहीं देने पर झूठे मामले में फंसाने की धमकियां देकर भयभीत कर मरने पर मजबूर करने लगे। गत 9 जनू को बजरंग ने आत्महत्या कर ली। इससे पहले चंदा ने उसे कई बार फोन किये। उसे मरने को मजबूर किया। इसी के चलते उसने आत्महत्या की है।

घटना के दिन चंदा ने अभिषेक शर्मा निवासी गणेशपुरा को इंस्टाग्राम पर कॉल किया व इसके पश्चात पुनः वॉईस कॉल कर कहा कि बजरंग शर्मा आत्महत्या कर रहा है, तू वहां पर पहुंच। इस पर अभिषेक ने जयपुर होना बताया व उसने कॉन्फ्रेंस पर ही राजू बलाई को फोन किया व राजू बलाई घर पर पहुंचा, तब तक बजरंग ने आत्महत्या कर ली थी। आरोप है कि इसके कुछ देर बाद ही कथित तौर पर चंदा सबूत मिटाने की नियत से वहां पर आ गई व घर में घुसी। मौके पर लोगों के जमा होने से वहां से चली गयी थी। वह सीसीटीवी फुटेज में कैद है। भैंरूलाल ने रिपोर्ट में बताया कि बजरंग शर्मा के मित्र अनिल कुमार शर्मा ने उसे बताया कि बजरंग ने 8 जून को उसे (अनिल कुमार शर्मा) को बताया कि चंदा नामक महिला है जो उसे काफी समय से झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकियां देकर निरन्तर ब्लैकमेल कर अवैध रूपयों की मांग कर रही है। भैंरूलाल का आरोप है कि कथिततौर पर चंदा, उसके परिवारजन व अन्य ने मिलकर बजरंग को ब्लैकमेल कर अवैध राशि ऐंठने की नियत से डरा धमकाकर बलात्कर के मामले में फंसाने का भय बताकर मरने पर मजबूर किया है।

# शांतिभंग में चार गिरफ्तार

**टोंक, (निसं)।** पुलिस अधीक्षक टोंक व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मालपुरा के आदेशानुसार व पुलिस उपाधीक्षक वृत्त देवली के सुपरविजन में भूमि सम्बंधी विवादों को लेकर शांतिभंग करने वालो के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही के प्राप्त आदेश की पालना मेंअभियान के दौरान थाना दूनी के लाका से भूमि सम्बंधी विवाद को लेकर शांतिभंग करने वाले आरोपी किशन लाल मीणा निवासी सीतापुरा थाना दूनी जिला टोंक, पप्पूलाल मीणा निवासी सीतापुरा हाल राजनगर थाना दूनी जिला टोंक, भागीरथ मीणा निवासी सीतापुरा हाल राजनगर थाना दूनी एवं खुशराज उर्फ बबलू मीणा निवासी सीतापुरा हाल राजनगर थाना दूनी टोंक को धारा 151 सीआरपीसी में गिरफ्तार किया।

# जमीन विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट

## मारपीट का वीडियो वायरल होने पर पुलिस कुछ युवकों को पकड़ने का प्रयास कर रही है

**बीकानेर, (कासं)।** गंगाशहर थाना क्षेत्र के श्री रामसर के राधाकिशन मंदिर के समीप निजी जमीन पर अपने-अपने दावे को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई।

मारपीट की इस घटना में कई घायल हुए हैं। मारपीट की इस घटना में शिवलाल, जगदीश गहलोत, महेन्द्र भाटी के चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार श्रीरामसर के पास स्थित राधाकिशन मंदिर के पास दो पक्षों के बीच निजी जमीन पर पिछले कई सालों से विवाद चल रहा था। विवाद के चलते आज एक पक्ष के लोग प्लाट पर पहुंच गए और लोहे की रॉड से किसमीदेसर निवासी कुछ लोगों पर हमला बोल दिया। रॉड से जमकर पिटाई की गई जिससे उनके शरीर के कई हिस्सों पर गंभीर चोट आई है।

■ मामले में अब तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई

शिवलाल गहलोत, जगदीश गहलोत, महेन्द्र भाटी पर हमला बोल दिया। मारपीट में शिवलाल गहलोत को गंभीर चोटें आई हैं। फिलहाल घायलों का पीबीएम अस्पताल में इलाज जारी है। इस मामले में अब तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। पुलिस मौके पर पहुंच गई है और पता लगा रही है कि किस-किस ने झगड़ा किया। इस मारपीट का एक वीडियो भी वायरल हो गया है। इसी आधार पर पुलिस कुछ युवकों को पकड़ने का प्रयास कर रही है। वायरल वीडियो सोशल मीडिया पर भी चल रहा है।

# रेल के आगे छलांग लगाई

**बीकानेर, (कासं)।** सूडसर गांव निवासी एक युवक ने दिल्ली सराय रोहिल्ला से बीकानेर आने वाली एक्सप्रेस ट्रेन के आगे छलांग लगा दी। हादसे में युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा सूडसर रेलवे स्टेशन एक किलोमीटर दूर बेनीसर तरफ दोपहर साढ़े तीन बजे हुआ।

एसएचओ रामचंद्र ढाका ने बताया कि मृतक पहचान सूडसर निवासी जितेन्द्र सांसी (28) के रूप में हुई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। जानकारी के अनुसार सूडसर रेलवे क्रॉसिंग के पास दोपहर तीन बजे ट्रेन आते देख एक युवक अचानक पटरी पर आया और लेट गया। ट्रेन के पायलट ने उसे देखकर ट्रेन को रोकने का प्रयास किया। परंतु युवक ट्रेन से कट गया और मौत का शिकार हो गया।

# अवैध विस्फोटक सामग्री बरामद

**टोंक, (निसं)।** पुलिस अधीक्षक राजर्षिराज वर्मा व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीता एवं वृत्ताधिकारी वृत्त टोक सलेह मोहम्मद के निर्देशन में पुरानी टोक थानाधिकारी ओमप्रकाश उप निरीक्षक के नेतृत्व में मुखबीर की इत्तला पर अवैध विस्फोटक सामग्री जब्त की। पुलिस को सूचना मिली कि खिड़की दरवाजा थाना पुरानी टोंक में शानु देशवाली के मकान में विस्फोटक सामग्री रखी है। उक्त इत्तला मय जाप्ते के शानु देशवाली के मकान पर दबिश देकर आरोपी के मकान से अवैध विस्फोटक सामग्री जब्त कर मुकदमा दर्ज किया। जिसमें आरोपी शानु देशवाली पुत्र अन्सार अहमद निवासी खिडकी दरवाजा थाना पुरानी टोंक को गिरफ्तार किया।

# सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार का भंडार खोला

## भंडार से 6 करोड़ 41 लाख 25 हजार रुपए नगद प्राप्त हुए

**मंडफिया, (निसं)।** मेवाड़ अंचल के प्रमुख तीर्थ स्थल भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार का भंडार चतुर्दशी को मंदिर बोर्ड अध्यक्ष भैरू लाल गुर्जर एवं मंदिर के मुख्य निष्पादन अधिकारी अभिषेक गोयल एवं मंदिर बोर्ड सदस्यों की उपस्थिति में खोला गया।

मंदिर बोर्ड अध्यक्ष भैंरूलाल गुर्जर

■ 'भंडार से बची राशि एवं भंडार से निकले सोने-चांदी का तोल होना बाकी है'

ने बताया कि चतुर्दशी को खोले गए भंडार से 6 करोड़ 41 लाख 25 हजार रुपए नगद प्राप्त हुए। उन्होंने बताया कि भंडार से बची राशि एवं भंडार से निकले सोने चांदी का तोल होना बाकी है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा मंदिर कार्यालय में विभिन्न भक्तों द्वारा भेंट किए गए सोने चांदी का तोल एवं भक्तों द्वारा भेंट रुपयों की गिनती होना भी शेष है। इस मौके पर मंदिर मंडल की ओर



भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार के भंडार से निकली राशि की गिनती की।

से यात्रियों की सुविधाओं के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई। भंडार गिनती में मंदिर बोर्ड सदस्य अशोक शर्मा, संजय कुमार मंडोवरा, ममतेश शर्मा, भेरूलाल सोनी, भादसोड़ा सरपंच एवं बोर्ड सदस्य शंभू लाल सुथार, श्रीलाल पाटीदार, कांग्रेस युवा नेता सुरेश चंद्र गुर्जर, प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर, कनिष्ठ लेखाकार भवानी शंकर तिवारी, मंदिर के पूर्व प्रभारी राजेंद्र शर्मा, लेहरी लाल गाडरी सहित मंदिर एवं विभिन्न बैंकों के कर्मचारी उपस्थित थे।

# हादसे में युवक की मौत

**करौली, (निसं)।** करौली मंडरायल सड़क मार्ग स्थित लांगरा पुलिस थाने के सामने शनिवार की रात्रि को एक पिकअप और मोटरसाइकिल में आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें मोटरसाइकिल सवार की मृत्यु हो गई जिसके शव को पुलिस करौली लेकर आई जहां उसे मृत घोषित करते हुए शव मोर्चरी में रखवाया जिसका रविवार को प्रातः पोस्टमार्टम कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

करौली सामान्य चिकित्सालय के पुलिस चौकी प्रभारी महेश शर्मा ने बताया कि विजय सिंह 27 पुत्र रामगोपाल मीणा निवासी गुवारीकाडंडा अपनी मोटरसाइकिल पर करौली से मंडरायल जा रहा था इस दौरान लांगरा थाने से आगे एक मोड़ पर तेज रफ्तार से आ रही पिकअप ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी हादसे में युवक की मौके पर ही मृत्यु हो गई सूचना मिलने पर लांगरा थाना अधिकारी मुकेश कुमार मीणा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जिला अस्पताल लेकर आए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया और शव पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया। प्रत्याशियों ने बताया कि पिकअप और मोटरसाइकिल दोनों की रफ्तार तेज थी जो टकरा गई। मृतक का रविवार को प्रातः पोस्टमार्टम कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर की पति की हत्या

## हत्या से पहले शराब पार्टी के दौरान पति ने जब आपत्ति जताई तो विवाद गहरा गया

कोटा, (निसं)। कोटा शहर में एक पत्नी ने ही अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की निर्मम हत्या कर दी। इस हत्या से पहले शराब पार्टी के दौरान पति ने जब आपत्ति जताई तो विवाद गहरा गया। इस दौरान पत्नी और उसके प्रेमी ने पति को बार-बार शराब पिलाते रहे। जब वह पूरी तरह से नशे में चूर हो गया तब हथौड़े से उसके सिर पर वार कर हत्या कर दी और घटनास्थल से फरार हो गए।

अनंतपुरा थानाधिकारी पुष्पेन्द्र झाझड़िया का कहना है कि इस मामले में पत्नी और उसके प्रेमी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना के बाद मौके पर एफएसएल टीम और डॉग स्क्वायड को भी बुलाया गया। मौके से पुलिस ने साक्ष्य एकत्रित किए हैं। साथ ही शव का पोस्टमार्टम करा कर भी परिजनों को सौंप दिया है। यह पूरा घटनाक्रम अनंतपुरा थाना इलाके की बॉम्बे योजना में हुआ है जहां पर एक मकान में गोविंद अपनी पत्नी लक्ष्मी के साथ रहता था। पड़ोसियों को यह जानकारी थी कि सुनील, लक्ष्मी और

■ मामले में पत्नी और उसके प्रेमी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया

गोविंद तीनों देर रात को घर पर मौजूद थे लेकिन सुनील और लक्ष्मी ही ताला लगाकर फरार हुए थे। ऐसे में पड़ोसियों को यह जानकारी थी कि गोविंद भी घर पर ही था लेकिन वह नजर नहीं आया।

इस पर उन्होंने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने रविवार को दोनों हत्यारों को डिटेन कर लिया साथ ही गोविंद के परिजनों को भी बुलाया और शव को एमबीएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया जहां पर पोस्टमार्टम हुआ है। मृतक गोविंद के भांजे अरविंद का कहना है कि सुबह पुलिस ने उन्हें सूचना दी थी। जिसके बाद वे घटनास्थल पर पहुंचे थे। पुलिस ने लक्ष्मी और सुनील दोनों को हिरासत में ले लिया है। अरविंद का कहना है कि उसके मामा के पास जमीन का पैसा आया था। गोविंद कारीगरी का काम करता था जिसका भी काफी पैसा उसके पास आता था। यह सब देख लक्ष्मी गोविंद के पास रही और प्रेम का नाटक करती रही। बाद में उसके ही दूर के रिश्ते के भाई और प्रेमी के साथ भी उसने अवैध संबंध जारी रखे और इसी के चलते उसके मामा की हत्या की गई है। इस पूरे मामले में सामने आ रहा है कि हत्या में शामिल लक्ष्मी का प्रेमी सुनील मृतक गोविंद का जानकार भी था। गोविंद की पहले शादी पूजा नाम की महिला के साथ साल 2005 में हुई थी। उससे एक बेटा भी गोविंद को हुआ था। बाद में पूजा अपने बेटे को लेकर किसी अन्य व्यक्ति के साथ रहने लग गई और उसने विवाह कर लिया। पूजा का सगा भाई सुनील है।

ऐसे में सुनील गोविंद का साला ही है। इसके साथ ही लक्ष्मी उर्फ ललिता भी गोविंद के पहली पत्नी पूजा की दूर की बहन लगती है। ऐसे में सुनील और लक्ष्मी भी दूर के रिश्ते में भाई-बहन लगते हैं।

## संक्षिप्त

### शिविर में 400 रोगियों की जांच

**मालपुरा** (निस) जेएनयू मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्प्टिल जयपुर व पीआरओ रामफुल गुर्जर के संयुक्त तत्वधान मे रविवार को लावा कस्बे मे नि:शुल्क मल्टीस्पेशलिस्टी चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर मे 15 विशेषज्ञ डॉक्टर व मेडिकल स्टाफ ने 400 से अधिक रोगियों की जांच कर परामर्श देते हुए नि:शुल्क दवाईयां वितरित की। जेएनयू हॉस्पिटल डायरेक्टर राजेन्द्र निठारवाल, राज्य उपभोक्ता आयोग सदस्य रामफुल गुर्जर सहित नर्सिंग स्टाफ का ग्राम पंचायत लावा की और से स्वागत सम्मान किया गया।

### दिग्विजय सिंह चौटाला का स्वागत

**कोटपूतली।** जननायक जनता पार्टी हरियाणा के महासचिव दिगविजय सिंह चौटाला का रविवार को ग्राम बुढवाल, नांगल चौधरी में आयोजित रैली में भाग लेने जाते वक्त कार्यकर्ताओं ने पार्टी के प्रदेश मुख्य महासचिव रामनिवास यादव के नेतृत्व में निकटवर्ती ग्राम पनियाला मोड़ पर स्वागत किया। इस दौरान बद्री नेताजी, अमीचंद यादव, राकेश खोला, मक्खन गुरूजी आदि मौजूद थे।

# राज्य सरकार की सभी योजनाएं केंद्र सरकार के सहयोग से हो रही संचालित : जसकौर

**लालसोट ।** उपखंड मुख्यालय पर नव मतदाता अभियान पंजीयन संपर्क संवाद वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम के दौरान प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए दौसा सांसद जसकौर मीणा ने कहा कि राजस्थान सरकार की सभी योजनाएं केंद्र सरकार के सहयोग से संचालित हो रही है ।

सांसद मीणा ने राज्य की गहलोत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य सरकार चलाई जा रही योजनाओं का श्रेय खुद लेकर केंद्र सरकार को

■ वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ आयोजित

हमेशा आडे हाथ लेती रही है.. लेकिन राजस्थान सरकार द्वारा चलाई जा रही हर योजनाओं का सच यही है कि इन योजनाओं के संचालन के लिए केंद्र सरकार भी सहयोग राशि राजस्थान सरकार को दे रही है । सांसद मीणा ने कहा कि चाहे जल जीवन मिशन हो या बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ या फिर महिला साक्षरता योजना सहित कोई योजना हो राज्य सरकार की सहयोग राशि से ही संचालित हो रही है । सांसद मीणा ने कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा प्रदेश को इस प्रकार दिवालिया किया है कि आने वाले लंबे समय में भी इस नुकसान की भरपाई नहीं हो सकती है । प्रेस वार्ता को उपमहापौर मनीष पारीक भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ प्रभु दयाल शर्मा द्वारा भी संबोधित किया गया। जिला मीडिया प्रभारी दीपक शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे सेवा सुशासन गरीब कल्याण के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे , दौसा जिले के लालसोट मैं खंडेलवाल सेवा सदन पर आयोजित वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा जिला अध्यक्ष डॉक्टर प्रभु दयाल शर्मा की अध्यक्षता में व सांसद जसकौर मीणा की मौजूदगी में अनेकों कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दुपट्टा पहन भाजपा की सदस्यता ठाहण की गई । भाजपा की सदस्यता ठाहण करने में लालसोट के गिर्राज सैनी कल्या वाली ढाणी, गौरव अग्निहोत्री रामगढ पचवारा संजय उपाध्याय लालसोट हरिनारायण सैनी फडकल्या रामेश्वर जांगिड़ समेल मुरारी लाल सैनी खारीवाड़ा ने कांठोस की सदस्यता छोड़ भाजपा की सदस्यता ठाहण की। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता रामविलास मीणा एवं भाजपा नेता सतपाल मीणा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने टिफिन पर चर्चा के दौरान चल रही देश विरोधी गतिविधियों को लेकर भी चर्चा की गई ।



लालसोट उपखंड मुख्यालय पर नव मतदाता अभियान व वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

### निधि इंजिनियरिंग एडवांस में अव्वल

**मालपुरा** (निस) शहर के प्रमुख समाजसेवी व भामाशाह एडवोकेट सुरेन्द्र मोहन जैन की पौत्री व एडवोकेट पीयूष जैन की पुत्री निधि जैन ने

■ कक्षा 12 परीक्षा परिणामों में 94.2० प्रतिशत अंक प्राप्त कर जेईई एडवांस की तैयारी में जुटी थी निधि

इंजिनियरिंग एडवांस मे मालपुरा का परचम लहराते हुए ऑल इंडिया परीक्षा परिणामों में 7153 की रैंक प्राप्त कर जिले में अव्वल रही।

तिलक बाल विद्यापीठ सीनियर सैकेण्डरी स्कुल अंग्रेजी माध्यम के कक्षा 12 परीक्षा परिणामों में 94.2० प्रतिशत अंक प्राप्त कर जेईई एडवांस की तैयारी में जुटी छात्रा निधि जैन ने कडी मेहनत व लग्न से यह सफलता हासिल की। रविवार को आये परिणामो मे निधि के अव्वल रहने पर संस्था सचिव प्रकाश चन्द पाटनी,प्रधानाचार्य शैलेन्द्र पारीक, निदेशक रेखा पाटनी, नरेन्द्र पारीक, राजेन्द्र मीणा,भागचन्द चौधरी, आदित्य पारीक, मालपुरा अभिभाषक संघ सहित विभिन्न सामाजिक संगठनो,समाजसेवी संगठनो व शिक्षाविदो ने छात्रा को बधाई दे उज्जवल्ल भविष्य की कामना की।

## सार-समाचार

### गल्ले से रूपये लूटने का आरोपी पकड़ा

**कोटपूतली ।** स्थानीय थाना पुलिस ने कस्बे के एलबीएस मार्केट में दुकान में घुस कर मारपीट, तोडफोड़ व गल्ले से रूपये लूट कर ले जाने की घटना के मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। एसएचओ मांगे लाल ने बताया कि गत 15 जून को ग्राम अमरपुरा नई कोठी निवासी परिवादी राजेश पुत्र नन्चूराम सैनी ने थाने पर उपस्थित होकर दर्ज करवाया था कि वह अपने भाई सहित एलबीएस मार्केट स्थित दुकान पर 15 जून को प्रात: 08 बजे बैठा हुआ था। इतनी ही देर में ग्राम सुन्दरपुरा निवासी देशराज गुर्जर व संतराम 08-10 अन्य लडकों के साथ हाथों में लाठी, सरिया आदि से लैस होकर आये व दुकान में घुसकर सामान बाहर फेंकते हुए परिवादी के साथ मारपीट व तोड़फोड़ की। साथ ही गल्ले से 1500 रूपयों की नकदी लूट कर ले गये। इस पर थाना पुलिस ने मुख्य अभियुक्त देशराज (31) पुत्र रामनिवास गुर्जर निवासी ग्राम सुन्दरपुरा को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। उक्त अभियुक्त आदतन अपराधी है। जिस पर स्थानीय थाने में मारपीट, चोरी, लूट, अनाधिकृत प्रवेश, हत्या समेत विभिन्न संगीन धाराओं के 08 प्रकरण स्थानीय थाने पर दर्ज है।

### शपथ दिलाई

**राजगढ़ ।** राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा राजगढ की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह उत्साह एवं उल्लास के साथ आयोजित हुआ । क्षेत्रीय विधायक जोहरी लाल मीणा की मौजूदगी में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा सहित 32 पदाधिकारियों ने शपथ ली। उपशाखा की ओर से आगंतुक अतिथि विधायक जोहरी लाल मीणा उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश मीणा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष संत ज्ञानेश्वर शर्मा एवं जिला अध्यक्ष मधुसूदन शर्मा सहित अन्य का माल्यार्पण एवं साफा बांध स्वागत किया । इस अवसर पर विधायक मीणा ने राजस्थान सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का पेंशनर समाज से अधिक से अधिक लाभ उठाने का आ ान किया। उपशाखा की ओर से कार्यक्रम में मौजूद सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। पंचायती पुस्तकालय के भूपेंद्र शर्मा, लायंस क्लब के खेम सिंह आर्य, निजी शिक्षण संस्थान संघ के अध्यक्ष मदनलाल शर्मा, एवं अन्य प्रतिनिधियों का सम्मान किया। पेंशनरों ने भवन निर्माण सहित पार्क की स्थापना अन्य मांगों को लेकर मांग पत्र विधायक को सौंपा। इस कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश मीणा ने कहा कि सेवानिवृत्त हो चुके कर्मचारी अधिकारियों की वजह से ही आज सेवा में बेहतरी संभव हो सकी है। उन्होंने सभी के उज्जवल भविष्य एवं सुखद जीवन की कामना की। इस अवसर पर राधेश्याम मीणा, राजेश शर्मा मंत्री, रूप नारायण शर्मा, रामअवतार सिद्ध, श्याम सुंदर विजय, सतीश मित्तल, शिव प्रसाद गुप्ता, दिनेश शास्त्री, मुरारी लाल शास्त्री, नंद लाल बेरवा एवं अन्य पेंशनर मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन किशोर मुखर्जी ने किया।

### विद्यार्थियों ने किया शैक्षिणक भ्रमण

**श्रीमाधोपुर ।** कस्बे की महात्मा गाँधी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के बीएड द्वितीय वर्ष के विधार्थियो द्वारा उत्तराखंड का शैक्षिणक भ्रमण का आयोजन किया गया। कार्यालय प्रभारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि भ्रमण दल तीन दिवसीय भ्रमण के लिए उत्तराखंड के विभिन्न प्राकृतिक स्थल व ऐतिहासिक स्थलों, शैक्षिणक संस्थान व धार्मिक स्थलों के भ्रमण के लिए रवाना किया। भ्रमण प्रभारी सुशीला देवी ने बताया कि भ्रमण दल सर्वप्रथम हरिद्वार पहुंचा जहां हर की पौड़ी पर स्नान कर गंगा दर्शन किए तथा गंगा नदी में हो रहे प्रदूषण का अध्ययन करके रिपोर्ट तैयार की उसके पश्चात हरिद्वार में विवेकानंद पार्क, महादेव मंदिर, भारत माता मंदिर में दर्शन कर जानकारी प्राप्त की तथा ऋषिकेश में परमार्थ निकेतन और शत्रुघ्न घाट पर गंगा आरती में भाग लिया। ऋषिकेश में स्थित राम झूला, लक्ष्मण झूला व जानकी (सीता) झूला का आनंद उठाया। बताया गया है कि दूसरे दिन भ्रमण दल देहरादून पहुंचा जहां सहस्त्रधारा के प्राकृतिक वादियों का अवलोकन किया तथा गंधक युक्त पानी में स्नान किया और गंधक युक्त पानी के गुणों के बारे में विद्यार्थियों को अवगत करवाया गया। प्राचीन द्रोण गुहा में शिव मंदिर के दर्शन किए।

## चिकित्सा शिविर से 1241 मरीज लाभान्वित

**कोटपूतली।** राजमार्ग स्थित मोरीजावाला धर्मशाला में शेखावाटी हॉस्पिटल एवं रक्तमणि अभियान के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को विशाल नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में कुल 1241 मरीज लाभान्वित हुये। शेखावाटी हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. सर्वेश जोशी, कार्यकारी निदेशक डॉ. एस. पी. यादव व शिविर आयोजक मुकेश गोयल एवं कार्यक्रम संयोजक रामकरण सूद ने बताया कि शिविर प्रात: 10 बजे से प्रारम्भ हुआ जो दोपहर तक चलता रहा। जिसमें शेखावाटी हॉस्पिटल की विशेषज्ञ चिकित्सक टीम द्वारा मरीजों की नि:शुल्क जाँच कर परामर्श दिया गया। चिकित्सा शिविर के सह संयोजक प्रमोद गुरूजी एवं दयाराम प्रजापत ने बताया कि शिविर में बी पी, शुगर, ई सी जी, लिपिड प्रोफाइल जैसी जाँच नि:शुल्क की गई। शिविर में शिशु रोग व शिशु शल्य चिकित्सा विभाग विशेषज्ञ एवं हॉस्पिटल निदेशक डॉ. सर्वेश जोशी, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. नितेश पंसारी, जनरल फिजिशियन डॉ. मोहित चतुर्वेदी, एडवांस न्यूरोट्रोमा व न्यूरो सर्जिकल विशेषज्ञ डॉ. अंशुल कुलश्रेष्ठ, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. सरोज बेनीवाल, कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ डॉ. सुष्मिता गुप्ता द्वारा नि:शुल्क परामर्श दिया गया। रक्तमणि संयोजक मुकेश गोयल ने कहा कि गरीब एवं दीन दु:खियों की सेवा करना मनुष्य का प्रथम धर्म है। शिविर से कोटपूतली क्षेत्रवासियों को निश्चित ही लाभ मिलेगा। रक्तमणि अभियान मानवता की सेवा में 07 वर्ष 09 माह से स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र मे जरूरतमंद लोगों की सेवा में निरन्तर तत्पर हैं। इस दौरान महावीर सांखला, सुन्दर लाल सैनी, सावित्री चौधरी, गोपाल सिंह राजावत, लक्ष्मण यादव, सचिन, अक्षय, मनीषा, कैलाश शर्मा, सुनील चौधरी, सरपंच महावीर सांखला, विजय आर्य, कृष्ण छावडी, प्रवीण बंसल, कमल सैनी, अमित सैनी, सुरेश सूद, महेश सैनी, प्रफुल्ल रमन, हंसराज सैनी, बिजेन्द्र सैनी, रमन सैनी, दिनेश सैनी समेत अन्य मौजूद रहे।

# आरएसएस के जिला प्रचारक को भावभीनी विदाई

**चाकसू** (निस) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संगठनात्मक संरचना के अनुसार गठित सांगानेर ज़िले का मुख्यालय चाकसू में है।

विगत दो वर्षों से क्षेत्र में संघ कार्य के कार्य विस्तार को पंचायत स्तर तक गति देने वाले जिला प्रचारक सुभाषजी को सांभर एवं प्रचारक भरत भैया को टोंक जिले में नवीन दायित्व दिया गया है। चाकसू संघ कार्यालय पर आयोजित एक सादा लेकिन गरिमामय समारोह में विभिन्न क्षेत्रो में कार्यरत जनप्रतिनिधियों ने संघ कार्यकर्ताओं ने दोनों ही प्रचारकों की कार्य कुशलता एवं व्यवहार की सराहना करते हुए भावभीनी विदाई दी। तिलक निकाल कर साफा बंधवाकर राजस्थान के गौरव वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर भारतीय सेना से सेवानिवृत्त कप्तान बलराम शर्मा, केशव गौतम, डाक्टर मधुसूदन सिंह, पार्षद दिनेश शर्मा, पूर्व पार्षद के बी शर्मा, एडवोकेट अर्जुनसिंह, नवरतन प्रजापति, प्रहलाद भगत,देशराज गुर्जर, श्याम शर्मा, एस पी गोस्वामी, लालचंद सैन, गोपालसिंह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के शुभारंभ में हनुमान चालीसा के सामुहिक पाठ किया गया। कार्यक्रम में नव नियुक्त जिला प्रचारक कमलेशजी का स्वागत किया गया। इस अवसर पर बगरु के विस्तारक मनीष जी, फागी विस्तारक विपिन जी भी उपस्थित रहे। सुभाष जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि संघ का कार्य ईश्वरीय कार्य है, चाकसू के अधिकांश गांवों में जाने का अवसर मिला है, सभी स्थानों पर संघ के प्रति लोगों की सकारात्मक सोच नजर आई। सभी का सहयोग एवं स्नेह मिला।



चाकसू के आरएसएस कार्यालय में जिला प्रचारक को भावभीनी विदाई दी ।

## 'ईमानदार प्रयास से हर लक्ष्य मुमकिन'

**कोटपूतली।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी, जिलाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा एवं जिला संगठन प्रभारी सतवीर यादव के निर्देशानुसार रविवार को जिला जयपुर देहात उत्तर के कार्यकर्ताओं सहित आमजन ने मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 102 वें एपिसोड में बढ़ चढकर हिस्सा लिया।

जिला प्रभारी एड. योगी अशोक सुरेलिया ने बताया कि जिले की सभी 06 विधानसभा क्षेत्रों के समस्त 27 मंडलों के 179 शक्ति केन्द्रों पर 281 बूथों पर कार्यकर्ताओं ने रेडियों, टीवी, मोबाईल फोन एवं लैपटॉप कम्प्युटर के माध्यम से मोदी के मन की बात सुनी। मोदी द्वारा बताई गई जनकल्याणकारी योजनाऐं एवं रचनात्मक कार्य जन जन तक पहुँचे इसके लिए भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता घर घर जाकर निष्ठापूर्वक कार्य कर रहा है। योगी ने बताया कि मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 102 वें एपिसोड को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला।

# माधवदास क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम सरूण्ड में रविवार को 13 वीं संत माधवदास क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि भाजपा नेता मुकेश गोयल ने फीता काटकर किया।

गोयल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को तराशने में ऐसी प्रतियोगिताएं बहुत महत्वपूर्ण है। ऐसी प्रतियोगिताओं से ग्रामीण क्षेत्र के खिलाडियों को अवसर तथा प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य तय कर निरन्तर अभ्यास करने से निश्चय ही सफलता मिलती है। खेलों इण्डिया का जिक्र करते हुए गोयल ने कहा कि केन्द्र में मोदी सरकार आने के बाद खेलो इण्डिया जैसी विभिन्न योजनाओं का शुभारम्भ हुआ जिसमें क्षेत्र के युवा चयनित होकर विश्व स्तर पर पदक जीतकर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। इस प्रकार केन्द्र की मोदी सरकार ने खेल प्रतिभाओं को आगे लाने का काम किया है।

विशिष्ठ अतिथि कृषि उपज मंडी के पूर्व चौयरमैन महेश मीणा ने कहा कि खेलों से शरीर मजबूत एवं मन प्रसन्न रहता है। खेलों के माध्यम से युवा ना केवल अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते है बल्कि अच्छा खेलकर वे अपना कैरियर भी बना सकते है। आयोजक रोहिताश मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच संत माधवदास क्रिकेट टीम सरूण्ड एवं भोजावास क्रिकेट क्लब टीम के मध्य हुआ। जिसमें माधवदास क्रिकेट टीम विजयी रही। प्रतियोगिता में डेढ़ दर्जन से अधिक टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 21 हजार व उपविजेता टीम को 7100 रूपये की नकद राशि एवं ट्रॉफी पुरूस्कार के रूप में प्रदान की जायेंगी। ग्रामीणों ने अतिथियों का माला एवं साफा पहनाकर तथा पुष्प वर्षा कर स्वागत अभिनन्दन किया गया। इससे पूर्व अतिथियों ने श्री श्री 1008 श्री माधवदास जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किये। संचालन मनीष सैनी ने किया। इस मौके पर पूर्व सरपंच रामनारायण विजयवर्गीय, भाजपा नेता पैप सिंह तंवर, सुरेन्द्र मीणा, पं.स.स. प्रतिनिधि देशराज सिंह तंवर, कप्तान ज्ञानेन्द्र सिंह, रामौतार गुर्जर, अजय सैनी, विक्रम मीणा, मनीष सैनी, यादराम मीणा, कृष्ण यादव, मोनू सिंह तँवर, बन्टी सैनी, रोहित शर्मा, सन्तलाल सैन, अभिषेक सैनी, चेतन कुमार आर्य तथा विभिन्न टीमों के खिलाडियों सहित बडी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

■ ग्रामीणों ने अतिथियों का माला एवं साफा पहनाकर तथा पुष्प वर्षा कर स्वागत अभिनन्दन किया गया



कोटपूतली कस्बे के निकटवर्ती ग्राम सरूण्ड में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# मुख्यमंत्री गहलोत सोचते है कि भ्रष्टाचार कांग्रेस पार्टी का जन्मसिद्ध अधिकार है : पीयूष गोयल

**कोटपूतली , पावटा ।** केन्द्र की मोदी सरकार के 09 वर्षो का कार्यकाल पूर्ण होने व प्रदेश में होने वाले 2023 के विधानसभा चुनावों एवं वर्ष 2024 के आम चुनाव को लेकर भाजपा सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 09 वर्ष नारे के साथ मैदान में है।

इसको लेकर भाजपा सांसदों द्वारा अपने-अपने संसदीय क्षेत्रों में जनसम्पर्क अभियान एवं विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को कोटपूतली आये मोदी सरकार के कैबिनेट मंत्री पीयूषगोयल ने कस्बा स्थित आरटीएम होटल में जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ द्वारा आयोजित पत्रकारों से संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रेस के सवालों का जवाब दिया। इस दौरान गोयल ने केन्द्र की मोदी सरकार की 09 वर्षो की उपलब्धियां गिनवाई। गोयल ने कहा कि 2014 में भाजपा की प्रचण्ड जीत के साथ ही देश में बदलाव की लहर आई है। उन्होंने कहा कि गरीबी में अपना जीवन बीता रहे 4.5 करोड जरूरतमंद लोगों को पीएम आवास योजना के तहत 08 लाख करोड रूपयों की लागत से आवास उपलब्ध कराए गये हैं। इसके अलावा 11.70 लाख लोगों को शौचालय, आयुष्मान योजना में 60 करोड लोगों का पंजीयन, 3.5 करोड परिवारों को बिजली कनेक्शन, आयकर गणना में भ्रष्टाचार समाप्त कर छूट, रोजमर्रा, स्वास्थ, किसानों को सम्मान निधि, फसलों के बीज, खाद्य और सस्ते लोन बांटे हैं। वहीं 80 करोड़ लोगों को लगातार खाद्यान उपलब्ध करवाया जा रहा है। मोदी सरकार ने जहाँ संवेदनशील योजनायें बनाकर गरीबों के लिए कार्य किया है वहीं कड़े निर्णय भी लिये है। जिससे कमजोर अर्थव्यवस्थाओं की श्रेणी में आने वाला भारत विश्व की 05 वीं सबसे बडी आर्थिक महाशक्ति बन चुका है। आज देश आधारभूत सुविधाओं में अपने पैरों पर खड़ा है। बिना भेदभाव के कोने-कोने तक विकास कार्य पहुँचाये है। गोयल ने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, जल जीवन मिशन योजना जैसी योजनायें गिनवाई। साथ ही कहा कि गरीब को योजनाओं का लाभ सीधे मिले इसके लिए सभी के बैंक खाते खोले गये।

वहीं दुसरी ओर उन्होंने प्रदेश की गहलोत सरकार पर भी जमकर निशाने साधे। गोयल ने कहा कि पिछले 4.5 वर्षो का कांग्रेस सरकार का कार्यकाल भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। राजस्थान में कानून व्यवस्था चौपट हो गई। इसके बावजूद भी मुख्यमंत्री रेवडियां बांटकर सत्ता में आना चाहते है, जबकि राजस्थान की जनता बेहद समझदार है। आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को इसका नजारा देखने को मिलेगा। सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि अलवर को नहर से जोडने के लिए दिये गये 05 हजार करोड़ रूपये राजस्थान सरकार खर्च नहीं कर पाई। जबकि वे जल जीवन मिशन पर सवाल उठा रहे है। केन्द्रिय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत पर मुख्यमंत्री गहलोत द्वारा लगाये गये आरोपों को गोयल ने सीएम की बौखलाहट बताया। उन्होंने कहा कि जल्द ही ऐसा दिन आने वाला है जब मुख्यमंत्री को अपने आरोपों के लिए शेखावत से माफी मांगनी पड़ेगी। गोयल ने सीएम पर पलटवार करते हुए कहा कि उन्हें गिरेबान में झांक कर देखना चाहिये राजस्थान में 16 बार विभिन्न सरकारी भर्तियों के पेपरलीक हो चुके है। उस पर सीएम कुछ बोलना नहीं चाहते। कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार की जननी है। स्वयं इनके पीएम कहा करते थे कि दिल्ली से चलने वाले एक रूपये में से महज 15 पैसे ही गरीब तक पहुँचते है। सीएम गहलोत को लगता है कि भ्रष्टाचार कांग्रेस पार्टी का ही जन्मसिद्ध अधिकार है।



कोटपूतली में केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री पीयुष गोयल ने पत्रकारों से बातचीत की।

**Office of Gram Panchayat Kesumbala Bhatiyan**
Panchayat Samiti Gida (Barmer)
क्रमांक: ग्रापं/निविदा/2023-24/65 दिनांक :- 04.06.2023
**NOTICE INVITING E-BID**
E-Bids for the procurement of Construction Material and related equipments services are invited from interested Bidder/Dealers/Suppliers up to 06.00 PM on 20.06.2023. Other particulars of bid may be visited on the State Public Procurement Portal (www.sppp.rajasthan.gov.in) and www.eproc.rajasthan.gov.in
**UBN - PLP2324GLRC00033**
Village Development Officer, Gram Panchayat Kesumbala Bhatiyan, Panchayat Samiti Gida (Barmer)
Sarpanch, Gram Panchayat Kesumbala Bhatiyan, Panchayat Samiti Gida (Barmer)

**Office of Gram Panchayat Kanod**
Panchayat Samiti Gida (Barmer)
क्रमांक: ग्रापं/निविदा/2023-24/34 दिनांक :- 10.06.2023
**NOTICE INVITING E-BID**
E-Bids for the procurement of Construction Material and related equipments services are invited from interested Bidder/Dealers/Suppliers up to 06.00 PM on 21.06.2023. Other particulars of bid may be visited on the State Public Procurement Portal (www.sppp.rajasthan.gov.in) and www.eproc.rajasthan.gov.in
**UBN - PLP2324GLRC00032**
Village Development Officer, Gram Panchayat Kanod, Panchayat Samiti Gida (Barmer)
Sarpanch, Gram Panchayat Kanod, Panchayat Samiti Gida (Barmer)

**Office of Gram Panchayat Jawa**
Panchayat Samiti Gida (Barmer)
क्रमांक: ग्रापं/निविदा/2023-24/14 दिनांक :- 10.06.2023
**NOTICE INVITING E-BID**
E-Bids for the procurement of Construction Material and related equipments services are invited from interested Bidder/Dealers/Suppliers up to 06.00 PM on 19.06.2023. Other particulars of bid may be visited on the State Public Procurement Portal (www.sppp.rajasthan.gov.in) and www.eproc.rajasthan.gov.in
**UBN - PLP2324GLRC00029**
Village Development Officer, Gram Panchayat Jawa, Panchayat Samiti Gida (Barmer)
Sarpanch, Gram Panchayat Jawa, Panchayat Samiti Gida (Barmer)

**Office of Gram Panchayat Gida**
Panchayat Samiti Gida (Barmer)
क्रमांक: ग्रापं/निविदा/2023-24/15 दिनांक :- 10.06.2023
**NOTICE INVITING E-BID**
E-Bids for the procurement of Construction Material and related equipments services are invited from interested Bidder/Dealers/Suppliers up to 06.00 PM on 21.06.2023. Other particulars of bid may be visited on the State Public Procurement Portal (www.sppp.rajasthan.gov.in) and www.eproc.rajasthan.gov.in
**UBN - PLP2324GLRC00031**
Village Development Officer, Gram Panchayat Gida, Panchayat Samiti Gida (Barmer)
Sarpanch, Gram Panchayat Gida, Panchayat Samiti Gida (Barmer)

**Office of Gram Panchayat Devpura**
Panchayat Samiti Gida (Barmer)
क्रमांक: ग्रापं/निविदा/2023-24/13 दिनांक :- 10.06.2023
**NOTICE INVITING E-BID**
E-Bids for the procurement of Construction Material and related equipments services are invited from interested Bidder/Dealers/Suppliers up to 06.00 PM on 19.06.2023. Other particulars of bid may be visited on the State Public Procurement Portal (www.sppp.rajasthan.gov.in) and www.eproc.rajasthan.gov.in
**UBN - PLP2324GLRC00030**
Village Development Officer, Gram Panchayat Devpura, Panchayat Samiti Gida (Barmer)
Sarpanch, Gram Panchayat Devpura, Panchayat Samiti Gida (Barmer)

## संक्षिप्त

### हथकड़ शराब के साथ आरोपी पकड़ा

**टोंक।** अवैध शराब के विरुध्द चलाये जा रहे अभियान के दौरान दूनी थाना थानाधिकारी विजय सिंह के निर्देशन में शंकर लाल सउनि॰ मय जाप्ता रामावतार कानि, विजय सिंह कानि, मय जीप सरकारी चालक महावीर धाकड कानि के द्वारा दौराने गश्त मुखबीर खाश की इत्तला पर नन्द सिंह पुत्र शिवराज सिंह जाति राजपुत उम्र 53 साल निवासी चांदसिंहपुरा थाना दूनी जिला टोंक को मय 5 लीटर अवैध हथकड शराब के पकडा जाकर हथकड शराब को जप्त किया गया व आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर आरोपी के विरुद्ध प्रकरण एक्सा एक्ट में दर्ज कर अनुसंधान जारी है। अवैध शराब परिवहन व खरिद-फिरोकत मे लिप्त लोगों के विरुद्ध कार्यवाही जारी रहेगी।

### शिविर के पोस्टर का विमोचन

**फागी ।** कस्बे में आयोजित रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन रविवार को किया गया। गौरतलब है कि आगामी 24 जून को स्व आनन्दपाल सिंह की पुण्यतिथि पर लाडनू में आयोजित होन वाले 51 हजार यूनिट रक्त एकत्रित होने वाले रक्तदान महाकुम्भ के पोस्टर का विमोचन रविवार को शहीद मेजर दलपत सिंह विकास समिति तहसील फागी के तत्वावधान में तहसील अध्यक्ष आनन्द सिंह कच्छावा द्वारा समजाजनों की गरिमामय उपस्थिति में किया गया। आयोजित कार्यक्रम में दीपेन्द्र सिंह सुल्तानिया सहित सैकडों लोग उपस्थित रहे।

### फागी में कलश यात्रा आज

**फागी ।** कस्बे में विश्वकर्मा महामण्डल एवं तहसील सभा फागी की ओर से रघुनाथ मन्दिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के लिए कलश यात्रा निकाली जावेगी। जांगिड समाज के फागी अध्यक्ष जगदीश प्रसाद गोठवाल शेरगढ़ वालों ने बताया कि रघुनाथ मन्दिर में समाज द्वारा तीन दिवसीय धर्म अनुष्ठान कलश यात्रा से सोमवार प्रात कस्बे स्थित चारभुजा मन्दिर से प्रारम्भ होकर रघुनाथ जी मन्दिर पहुंचेगी । जहां मूर्ति स्थापना के विभिन्न आयोजन होने के साथ 21 जून को पूर्ण आहूति के साथ महाप्रसादी का आयोजन किया जावेगा।

# उदित आर्य के अभिनंदन समारोह ने छोड़ी अपनत्व की छाप

**राजगढ़ ।** कस्बे के होनहार शख्सियत उदित आर्य के अभिनंदन समारोह ने अपनत्व की अमिट छाप छोड़ी। लायंस क्लब एवं समाज सेवा से जुड़े खेमसिंह आर्य के पुत्र उदित आर्य की कामयाबी पर शुभकामनाओं का तांता लगा रहा। केंद्रीय सचिवालय सेवा संगठन में उदित आर्य के अध्यक्ष पद पर काबिज होने को लेकर राजगढ में शानदार एवं अनूठा अभिनंदन समारोह आयोजित हुआ।

आम से खास आदमी तक समान व्यवहार करने वाले खेम सिंह आर्य के पुत्र उदित आर्य के ऊंचे पद पर पहुंचने को लेकर संस्कारों की भी चर्चा रही। अवधूत आश्रम में महंत स्वामी श्याम भारती एवं अमन भारती महाराज के चरणों में शीश झुका उदित ने आशीर्वाद ग्रहण किया।



राजगढ़ कस्बे के होनहार शख्सियत उदित आर्य के अध्यक्ष बनने पर स्वागत सम्मान किया।

अभिनंदन समारोह में उदित आर्य के युवा साथियों ने ढोल नगाडों के साथ नृत्य कर कार्यक्रम को परवान चढ़ाया एवं उत्साह वर्धन किया स्वागत समारोह के दौरान अनेक जगह शीतल पेय पदार्थ वितरण कर मिठाइयां बांटी गई। कस्बे के चौपड बाजार से लेकर खंडेलवाल धर्मशाल तक भव्य स्वागत के साथ लोगों ने पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया। अभिनंदन समारोह में कस्बे की प्रमुख सामाजिक स्वयंसेवी व्यवसायिक एवं महिला संगठनों के साथ अन्य संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। खंडेलवाल धर्मशाला में स्वागत कार्यक्रम देर रात्रि तक चला ।शख्सियत के स्वागत को देखने प्रमुख बाजारों में लोगों का हुजूम उमडा। इस अवसर पर मदनलाल शर्मा, प्रदीप महावर, रामरतन तांबी, नगर पालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया, राजेश शर्मा ठेकेदार, वीरेंद्र दाधीच, एन एल वर्मा समाजसेवी अमरचंद फौजी, गिर्राज प्रजापत अनिल गुप्ता ,महिला समिति के संरक्षक नीरज शर्मा, भाजपा महिला मोर्चा की मीना खंडेलवाल, प्रीति विजय, रश्मि विजय, रमा आर्य, शहर कांठोस अध्यक्ष संत ज्ञानेश्वर शर्मा, लायंस क्लब के अजय यादव, लोकेश रावत लाली सर्राफ, अंकित मांमोडीया, निखिल अठावाल जगदीश आर्यभट्ट, नवीन अटोलिया, शेखर खुटेटा, प्रदीप शर्मा, प्रकाश दीक्षित, भूपेंद्र शर्मा एवं अनेक गणमान्य जन, व्यापारी सहित महिला पुरुष मौजूद रह।

## सैनी समाज की महासभा चौरासी की बैठक

**चाकसू** (निस)। माली सैनी समाज की महासभा चौरासी की बैठक का आयोजन रविवार को रामपुरा गांव स्थित बालाजी मंदिर में किया गया। बैठक की अध्यक्षता तेजराम सैनी चारणवास ने की महात्मा ज्योतिबा फूले सेवा समिति रामपुरा के तत्वावधान में

गत 5 मई को रामपुरा गांव मे स्थित सैनी समाज की भूमि पर किये गये सामुहिक विवाह सम्मेलन की आय व्यय का ब्योरा महासभा चौरासी के समक्ष पेश किया गया। बैठक मे रामपुरा गांव मे स्थित समाज की भूमि पर शीघ्र ही चारदीवारी का कार्य शुरू करने के निर्देश समिति को दिये गए। इस दौरान महासभा मे मोजूद समाज बन्धुओ द्वारा विवाह सम्मेलन की सफलता को लेकर आयोजन समिति के पदाधिकारियो सहित सभी सदस्यो व रामपुरा गांव के निवासियो के कार्यो की सराहना कर आगामी वर्ष मे 24 अप्रैल को फिर से समाज के 51 जोडो का विवाह सम्मेलन करने का निर्णय सर्वसम्मति से लेकर समिति के पदाधिकारियो को फिर से जिम्मेदारी सोपी गई। इस मौके पर समाज के भामाशाह राजूलाल बडोढिया, अध्यक्ष गिरिराज सैनी,सहित लालसोट, कोटखावदा, छादेल, निवाई, गुन्सी, चाकसू, माधोराजपुरा, शिवदासपुरा सहित आसपास के क्षेत्र से बडी संख्या मे सैनी समाज के लोग मौजूद थे।

## सार-समाचार

### 45 प्रगतिशील महिला किसान पहुंचे महोत्सव में



**अलवर ।** खैरथल- किशनगढ बास क्षेत्र से 45 प्रगतिशील महिला किसान जयपुर में चल रहे तीन दिवसीय राजस्थान किसान महोत्सव में भाग लेने के लिए किशनगढ बास से सहायक कृषि अधिकारी दिनेश तक्षक, कृषि पर्यवेक्षक चंचल गुप्ता और मनीषा बसवाल के नेतृत्व में बस द्वारा रवाना हुऐ। किसान महोत्सव में कृषक कृषि, उद्यानिकी व पशुपालन के क्षेत्र में प्रदेश में हो रहे नवाचारों, उन्नत कृषि तकनीकी और सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से प्रत्यक्ष रूप से रूबरू होकर जानकारी प्राप्त करेंगे साथ ही साथ पूरे देश से पधारे कृषि वैज्ञानिको, कृषि विश्वविद्यालयों के शिक्षको और विषय विशेषज्ञो से संवाद करेगें।

### शिवदयाल राणा अध्यक्ष मनोनीत

**बौंली-बामनवास ।** नगरपालिका चौराहे परस्थिति लोक देवता हीरामन जी मंदिर प्रांगण में रविवार को बौंली के मजदूर यूनियन की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें सर्वसम्मति से शिवदयाल राणा को अध्यक्ष मनोनीत किया गया एवं गोपाल लाल योगी को उपाध्यक्ष बनाया गया। इस दौरान मजदूर यूनियन के प्रवक्ता मेहताब खान पठान ने नवनियुक्त अध्यक्ष शिव दयाल राणा का का माल्यार्पण कर एवं साफा पहना कर अभिनंदन किया एवं उपाध्यक्ष गोपाल योगी का भी माल्यार्पण किया। इस दौरान कार्यकारिणी में नारायण माली को महामंत्री एवं मुन्ना लाल रेगर को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। बेढक अनेकों मजदूर उपस्थित थे। मजदूरों ने अपनी बैठक में विचार विमर्श करते हुए बताया कि पूर्व अध्यक्ष प्रेम जांगिड़ के स्वर्ग लोक हो जाने के बाद काफी समय से कार्यकारिणी की बैठक नहीं हो पाई थी एवं अध्यक्ष का पद खाली चल रहा था। प्रवक्ता मेहताब खान पठान ने बताया कि सभी मजदूरों ने शिवदयाल राणा को सर्वसम्मति से अध्यक्ष नियुक्त किया है एवं 1 जुलाई से मजदूरी भी बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

### अवैध पत्थरों से भरे 2 डम्पर जब्त

**टोंक।** पुलिस अधीक्षक टोंक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मालपुरा के आदेशानुसार व पुलिस उपाधीक्षक वृत्त देवली के सुपरविजन में थाना दूनी क्षेत्र में अवैध खनन व परिवहन के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान बीते दिन 18 जून को आईसी थाना शंकर लाल सउनि मय जाप्ता जिसमें रामावतार कानि, कैलाश कानि के द्वारा दौराने गश्त मुखबीर खाश की इत्तला पर देवपुरा ढाणी रोड पर दो पिले रंग के डम्पर आर जे 06 जीसी 0261 व आर जे 06 जीबी 0261 के चालक पुलिस जाप्ता को देखर अपने अपने डम्परो को रोड पर खडा कर डम्परों से उतर कर पुलिस के डम्परो के पास पहुंचने से पहले ही बम्बुलो की आड लेते हुये दोनों चालक भागने में सफल हो गये। दोनो डम्परों को चौक किया तो दोनों डम्परों मे सफेद रंग के चौजा पत्थर भरे हुये मिले दोनो डम्परो को जप्त किया जाकर प्रकरणएमएमडीआर एक्ट में अज्ञात चालकों के विरुद्ध दर्ज कर अनुसंधान व अज्ञात चालकों कि तलाश जारी है।

### जगन्नाथ महाराज दर्शन देंगे

**राजगढ़ ।** जन-जन के आराध्य देव भगवान जगन्नाथ महाराज 15 दिन के बाद गर्भ गृह से निकलकर सोमवार को श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे । सोमवार प्रात: 9:00 बजे भगवान श्री जगन्नाथ जी महाराज का नेत्र उत्सव कार्यक्रम और साईं काल माताजानकी मैया के द्वारा गणेश पूजनऔर मंदिर महाजन का कार्यक्रम आयोजित होगा । मंदिर महंत पूर्ण दास पंडित मदन मोहन शास्त्री ने बताया कि यह परंपरा एवं मान्यता जगन्नाथपुरी की तर्ज पर चलती आ रही है । भगवान जगन्नाथ जो 15 दिनों तक गर्भ गृह में रहते हैं । वह स्वस्थ होकर आषाढ़ शुक्ला प्रतिपदा को बाहर आकरभक्तों को दर्शन देते हैं 20 जून को भगवान श्री जगन्नाथ जी महाराज को प्रात: 9:00 श्री जगन्नाथ जी महाराज का कंगन डोरा बांधने की रस्म अदा होगी । इसके उपरांत दोष पूजन तथा 10:15 बजे श्री जगन्नाथ जी महाराज को हल्दी की रस्म अदा की जाएगी। रात्रि 8:भव्य ऐतिहासिक रथयात्रा चौपड़ बाजार स्थित मंदिर से गंगाबाग को प्रस्थान करेगी।

### सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ हुए

**श्रीमाधोपुर ।** कस्बे के बाईपास पर स्थित वार्ड नबर 4 गुरु कॉलोनी में बीती रात हनुमान भक्त मंडली द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया । हनुमान भक्त मंडली के संयोजक सत्यनारायण सेन ने बताया रविवार प्रातः खेड़ापति दरबार से महंत इंद्र महाराज व किशन दास महाराज के सानिध्य में महिलाओ द्वारा कलश यात्रा निकाली गई व शिव परिवार , हनुमान जी की मूर्ति का नगर भ्रमण करवाया गया। सेन ने बताया कि लवली पंजाबी पुत्र खुशीराम पंजाबी ने मंदिर निर्माण हेतु अपनी जगह दान में दी है व शंकर लाल कुमावत के अथक प्रयासों से मंदिर निर्माण तथा मूर्ति स्थापना आचार्य पंडित मुकेश कुमार मिश्रा के द्वारा विधिवत पूजन करवा कर स्थापित करवाई गई। विश्व हिंदू परिषद के मुकेश शर्मा के अनुसार इस अवसर पर पुजारी श्रवण तिवाड़ी , हनुमान सेनी , महेंद्र सिंह गोदारा,राजेश सेन,केदारमल सैनी ,शिवपाल योगी , उमाशंकर ठठेरा , रवि प्रजापत, दीपू योगी, मुकेश कुमार शर्मा ,रामजी लाल शर्मा,मुकेश कुमार खांडल आदि उपस्थित थे। विशाल भंडारा आज सोमवार को आयोजित किया जाएगा।

## होटलों में दबिश, युवक-युवतियां हिरासत में

■ बहरोड़ कस्बे के नेशनल हाईवे 48 पर स्थित होटलों और रेस्टोरेंट में पुलिस ने दी दबिश

**बहरोड़ / नीमराना** (निस)। बहरोड़ कस्बे के नेशनल हाईवे 48 पर स्थित होटलों और रेस्टोरेंट में पुलिस द्वारा अचानक से सीकर में हुई किसी घटना के मामले में बदमाशों की छिपे होने की सूचना के आधार पर दबिश में होटलों में वेश्यावृत्ति तथा अवैध गतिविधियों में संलिप्तता के आधा दर्जन से अधिक जोड़े सामने आए । जिसमें युवक-युवतियों से होटल व्यवसायी वेश्यावृत्ति का धंधा करते करीब आधा दर्जन युवक-युवतियों के जोड़े पकड़े गए।

जिनको पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बाद 151 के तहत ही कार्यवाही की गई। लेकिन पुलिस द्वारा कस्बे के जिन होटल और रेस्टोरेंट में कार्यवाही की गई उनमें आपराधिक किस्म के लोगों को संरक्षण देने की पोल आखिर पुलिस की कार्यवाही से एकाएक बिना कहे बयान होते दिखाई दी। वहीं दबिश देकर होटलों में पकड़े गए लोगों में अवैध गतिविधियों में संलिप्त युवक-युवतियों को हिरासत में लिया गया। कार्रवाई के दौरान बहरोड़ डीवाईएसपी तेज कुमार पाठक के अनुसार सामने आया कि पुलिस द्वारा उच्च अधिकारियों के निर्देश पर सीकर में हुई किसी घटना के बदमाशों की धरपकड़ के तहत पुलिस द्वारा कस्बे के होटलों पर दबिश दी गई थी। जिसमें कार्यवाही के दौरान अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों पर 151 के तहत ही कार्यवाही की गई।

## ग्रामीणों ने लगाए मोदी-मोदी जिंदाबाद के नारे

**टोंक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण में केन्द्र सरकार के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में टोंक पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन द्वारा चलाई गई धन्यवाद मोदी रथ यात्रा ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचने पर ग्रामीण कर रहे स्वागत मोदी जी की जनकल्याणकारी योजनाए किसान सम्मान निधि, पेंशन, घर-घर शौचालय जल जीवन मिशन आदि योजनाओं के प्रचार प्रसार करने पहुंची रथ यात्रा।

यात्रा संयोजक दुर्गेश गुप्ता ने बताया कि पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन द्वारा टोंक विधानसभा क्षेत्रों में धन्यवाद मोदी जी रथ यात्रा मैं छरू रथ चलाए गए जो घर घर जाकर योजनाओं का प्रचार कर रहे। रथयात्रा ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचने पर



केन्द्र सरकार के 9 साल पूरे होने पर गांवों में प्रचार किया ।

मोदी जी जिंदाबाद के लगा रहे नारे। पूर्व सभापति द्वारा नई पहल करने की हो रही तारीफ यात्रा ग्राम चुली, इंदौकिया, हमीरपुर ,कुहाड़ा खुर्द अलियारी, लम्बा, नया गांव, बावडी, हरभआवतआ,वहन, गेदया आदि क्षेत्रों में पहुंचकर मोदी जी की योजना का गुणगान किया जिसके उपरांत पूजा बेरवा, शालू बेरवा, समीना, सुमन बेरवा, रोमी बेरवा रोशन, सोनू ,सागर, आदि ग्रामीणों ने यात्रा को बेहतर बताते हुए यात्रा का स्वागत किया।

# कांग्रेस के भ्रष्ट कुशासन को उखाड़ फैंकेगी भाजपा : जाटव

**अलवर ।** राजस्थान में कांग्रेस की सरकार लगातार भ्रष्टाचार और कुशासन के लिए बदनाम हो चुकी है । चाहे प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक के मामले हो चाहे बड़े प्रशासनिक अधिकारियों की रिश्वतखोरी के मामले हो निरंतर उजागर हो रहे हैं ।

अलवर जिले में तत्काल पंचायत समिति उमरैण के प्रधान दौलतराम जाटव और मालाखेडा प्रधान वीरबति जाटव ने विधानसभा अलवर ग्रामीण से विधायक और राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली पर लगातार भ्रष्टाचार के आरोपों की बौछार कर दी है। दौलतराम जाटव और बीरबती जाटव ,दोनों प्रधानों ने कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रभारी सुखविंदर सिंह रंधावा के सम्मुख शिकायत की है कि अलवर ग्रामीण से विधायक और राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली ने अलवर में भ्रष्टाचार को चरम सीमा पर पहुंचा दिया है। उनके खिलाफ निरंतर चाहे बीना गुप्ता पूर्व चेयरमैन नगर परिषद अलवर के द्वारा लगाए गए गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप हो ,चाहे मुस्लिम समाज के द्वारा कब्रिस्तान का मामला हो ,केंद्रीय मंत्री भ्रष्टाचार के मामलों में लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं । दौलतराम जाटव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अगर केंद्रीय मंत्री को टिकट दिया तो कांग्रेस पार्टी की विधानसभा अलवर ग्रामीण से हार निश्चित है। दौलतराम जाटव ने कैबिनेट मंत्री पर जाटव समाज के साथ भेदभाव करने के भी गंभीर आरोप लगाए हैं। इस संदर्भ में भारतीय जनता पार्टी की युवा नेत्री सरिता राज जाटव जोकि जिला परिषद अलवर की सदस्य हैं ग्रामीण विकास समिति सदस्य जिला परिषद अलवर, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अलवर दक्षिण, जिला सह संयोजक पंचायत राज प्रकोष्ठ भाजपा अलवर दक्षिण से चर्चा की । उन्होंने कहा कि विधानसभा अलवर ग्रामीण ही नहीं बल्कि पूरे जिले में कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार और कुशासन को लेकर के बदनाम हो चुकी है ऐसी परिस्थिति में अगर भारतीय जनता पार्टी ने सभी विधानसभाओं में जातीय समीकरणों को साद कर कुशल रणनीति का परिचय दिया तो निश्चित रूप से अलवर जिले की 11 विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा हो सकता है। सरिता राज ने कहा कि विशेष रूप से अलवर जिले की विधानसभा अलवर ग्रामीण और विधानसभा कठूमर दो ऐसे विधानसभा क्षेत्र हैं जिनके आधार पर अलवर जिले की 6 विधानसभा सीधे तौर पर प्रभावित होती है । विधानसभा रामगढ, अलवर शहर, अलवर ठामीण, किशनगढ बास, राजगढ लक्ष्मणगढ, कठूमर क्षेत्रों में विशेष रुप से जाटव समाज, बैरवा समाज लगभग सभी विधानसभा क्षेत्रों में 40,000 से लेकर 70,000 निर्णायक वोटों का प्रतिनिधित्व करता है ।अगर वर्तमान परिस्थितियों में भारतीय जनता पार्टी, जाटव समाज जो कभी बहुजन समाज पार्टी का मुख्य गढ़ माना जाता था अपने पक्ष में साधने की रणनीति पर प्रयास करती है तो निश्चित रूप से इन सभी विधानसभा सीटों में इस समाज की मुख्य भूमिका हो सकती है। इसके लिए भारतीय जनता पार्टी को विधानसभा अलवर ग्रामीण और विधानसभा कठूमर पर गंभीर चिंतन व सोच विचार कर जातीय समीकरण को बैठाकर अगर टिकट वितरण किया तो निश्चित रूप से अलवर जिले में सभी विधानसभा सीटों पर अपना परचम लहरा पाएगी और राजस्थान की इस भ्रष्ट कांग्रेस सरकार को बडी आसानी से उखाड फेंकने में सफल हो जाएगी।

## तीन आरोपी गिरफ्तार

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती सरूण्ड थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए ग्राम नारेहड़ा में एक पैट्रोल पम्प पर दो दिनों पूर्व सैल्समैन से मारपीट कर डरा धमका कर जबरन डीजल भरवाने के मामले में तत्परता से कार्यवाही करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

एसएचओ इन्द्राज सिंह ने बताया कि विगत 16 जून को अल सुबह 05 बजे एक बोलेरो कैम्पर नं. आरजे 32 जीडी 0421 में सवार होकर ग्राम कल्याणपुरा कला निवासी धर्मपाल गुर्जर व सुभाष उर्फ डल्लू ग्राम नारेहड़ा स्थित शिव फिलिंग स्टेशन पर आये एवं सैल्समैन अशोक गुर्जर से कैम्पर में डीजल डालने के लिए कहा तो सैल्समैन ने कहा कि पहले भी 3 हजार रूपयों का डीजल उधार में डाला था अब नहीं डालुगा, इस पर उक्त अभियुक्तों व उनके साथियों ने सैल्समैन के साथ मारपीट करते हुए उसे डराया धमका एवं मौके से फरार हो गये। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने अभियुक्तों की तलाश तेज कर दी। एसएचओ इन्द्राज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबीर की सूचना पर रामपुरा, प्रागपुरा के ईलाके के जंगल से उक्त अभियुक्त क्रमशः धर्मपाल उर्फ डीपी (24) पुत्र बहादुर मल गुर्जर व लेखराम (25) पुत्र तोताराम गुर्जर दोनों निवासी ग्राम कल्याणपुरा कलां एवं कृष्ण (37) पुत्र मनभर गुर्जर निवासी ग्राम किशोरपुरा, पाटन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जबकि फरार अभियुक्त सुभाष उर्फ डल्लू व अन्य बदमाशों की तलाश जारी है।

**आदतन अपराधी है अभियुक्त** : एसएचओ इन्द्राज सिंह ने बताया कि अभियुक्तों में शामिल धर्मपाल उर्फ डीपी गुर्जर व कृष्ण गुर्जर दोनों आदतन अपराधी है। इनमें धर्मपाल उर्फ डीपी गुर्जर के विरूद्ध कोटपूतली सहित सरूण्ड, प्रागपुरा व सीकर के पाटन में मारपीट, चोरी, हत्या के प्रयास, हत्या, एससी-एसटी एक्ट, आर्म्स एक्ट समेत अन्य गंभीर धाराओं के सात मामले दर्ज है। वहीं अभियुक्त कृष्ण गुर्जर के विरूद्ध सीकर के पाटन में 12 व हरियाणा के नांगल चौधरी थाने में एक को मिलाकर कुल 13 मामले आर्म्स एक्ट, मारपीट, हत्या के प्रयास सहित अन्य गंभीर धाराओं के विचाराधीन है।

# सैनी समाज के सामूहिक विवाह समिति के प्रताप सैनी अध्यक्ष नियुक्त

**अलवर ।** सैनी समाज सामूहिक विवाह एवं समाज उत्थान समिति, अलवर की कार्यकारिणी, सदस्यों की वार्षिक बैठक रविवार को आयोजित हुई।

समिति महामंत्री पदमचन्द सैनी ने बताया कि सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के सम्मुख समिति कोषाध्यक्ष रतनलाल सैनी ने गत 26वाँ सैनी सामुहिक विवाह का आय-व्यय का ब्योरा पेश किया जिसे सर्वसम्मति से सभी सदस्यों ने पारित किया। तत्पश्चात समिति अध्यक्ष प्रताप सैनी (धारा भाई) ने संविधान अनुसार अपना 3 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर अपना त्यागपत्र कार्यकारिणी की सम्मुख प्रस्तुत किया।

प्रस्तुत सभी सदस्यों ने त्यागपत्र को स्वीकार करते हुए नये अध्यक्ष के निर्वाचन का निर्णय लिया जिस पर उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने विचार-विमर्श करते हुए सैनी समाज सामूहिक विवाह एवं समाज उत्थान समिति, अलवर का पुन: आगामी 3 वर्षों के लिये प्रताप सैनी (धारा भाई) को अध्यक्ष नियुक्त किया और आगामी कार्यकारिणी स्वयं



सैनी समाज सामूहिक विवाह एवं समाज उत्थान समिति, अलवर की कार्यकारिणी की बैठक हुई । जिसमे अध्यक्ष प्रताप सैनी का स्वागत किया।

■ 26वाँ सैनी सामूहिक विवाह के आय-व्यय का ब्योरा पेश किया जिसे सर्वसम्मति से सभी सदस्यों ने पारित किया

विवेकानुसार शीघ्र ही घोषित करने की बात कही।

नवनियुक्त महोदय ने संविधान की पालना और परम्परानुसार कार्य करने की पद्वित पर प्रत्येक कार्यकर्ता को चलने की बात कहते हुए सभी भामाशाह, दानदाताओं एवं कार्यकर्ताओं का धन्यवाद प्रकट किया।

इस अवसर पर संरक्षक पूर्व अध्यक्ष इंजि. निरंजन लाल सैनी, पूर्व अध्यक्ष घनश्याम सैनी फूलवाले, संरक्षक सुरेन्द्र सैनी टेन्ट हाऊस, महामंत्री पदमचन्द सैनी, कोषाध्यक्ष रतनलाल सैनी, संयोजक रूपकिशोर सैनी, संगठन मंत्री कमल सैनी, प्रवक्ता जितेन्द्र खुराडिया, दुर्गा प्रसाद सैनी, बाबूलाल सैनी पी.ए., प्रचार मंत्री रामजीलाल खुराडिया, महेन्द्र सैनी, कन्हैया लाल सैनी, अलवर फलसब्जी मण्डी आढती युनियन अध्यक्ष कैलाश सैनी, पंकज सैनी, रोशनलाल सैनी, हेमन्त सैनी, ललत प्रसाद सैनी, राजू सैनी बीपीएल, राजेन्द्र सैनी सौनावा, देवेन्द्र सैनी, लक्ष्मीनारायण सैनी, भगावन सैनी, जगदीश प्रसाद, धर्मचन्द सैनी, सुबेदार सुरेश चन्द सैनी, बनवारी सैनी, तेजपाल सैनी, मनीष सैनी, धर्मचन्द सैनी, मदनलाल खौहरा, प्रदीप सैनी, रामगपोल सैनी सहित विभिन्न पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सम्मान समारोह एक को

**श्रीमाधोपुर ।** रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज का इस वर्ष का पद स्थापना एवं सम्मान समारोह का आयोजन 1 जुलाई को स्व. चौधरी नाथू राम भामू रोटरी भवन श्रीमाधोपुर में आयोजित होगा। क्लब के दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि इस समारोह के मुख्य अतिथि 2024-2025 की डिस्ट्रिक गवर्नर श्रीमती राखी गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि डॉक्टर अंकुर राठी होंगे। कार्यक्रम में रोटरी क्लब द्वारा हर वर्ष दिए जाने वाले आयुष मेमोरियल आउटस्टेंडिंग स्पोर्ट्स अवार्ड खेल के लिए भँवर सिंह शेखावत एजुकेशन अवार्ड 10वीं क्लास में राजस्थान बोर्ड में अधिकतम अंक अर्जित किए जाने वाले विद्यार्थी को देवांश इंदौरा एजुकेशन अवार्ड, 12वीं क्लास में अधिकतम अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थी को नाथू राम भामू प्रतिभा सम्मान अवार्ड ,यु पी एस सी में सफलतम अभिर्थी को रुक्मणि देवी हरलालका समाज सेवी के लिए उत्क्रष्ट काम करने वाले समाज सेवी को तथा समस्त रोटेरियन्स में अधिकतम योगदान देने वाले रोटेरियन्स को ओ पी कयाल बेस्ट रोटेटियन अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा । रोटरी की पब्लिक इमेज आम जनता तक पहुचाने के लिए पत्रकार बन्धु व मीडिया कर्मियो का तथा वर्ष भर में विभिन्न प्रोजेट्स के आधार पर रोटेरोयन्स का तथा नए रोटेरियन्स साथियो का भी सम्मान किया जाएगा।

## मरणासन्न व्यक्ति को समय रहते सीपीआर देंवे : डॉ मधुसूदन



चाकसू में चिकित्सा सुविधाओं पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया ।

**चाकसू** (निस) । रविवार को राष्ट्र समर्पित युवा मंच के तत्वावधान में हरसुलिया मोड स्थित निजी लाइब्रेरी में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया

इस दौरान सवाई मानसिंह अस्पताल ट्रॉमा सेंटर प्रभारी एवं राष्ट्र समर्पित युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मधुसूदन ने उपस्थित लोगों को सीपीआर चिकित्सा की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि सीपीआर आज के युग की प्रमुख आवश्यकता है। वर्तमान में प्रत्येक व्यक्ति को प्राथमिक उपचार एवं देने में प्रशिक्षित होना चाहिए, ताकि जरूरत पड़ने किसी की जान बचाई जा सके। राष्ट्र समर्पित युवा मंच की इस मुहिम के माध्यम से क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों एवं अन्य संस्थानों के कर्मचारियों एवं छात्रों को की ट्रेनिंग देता आ रहा है एवं आमजन को जागरूक करने में प्रयासरत हैं।

इस दौरान डॉ मधुसूदन ने बताया कि हार्ट अटैक, रोड एक्सीडेंट, पानी मे डूबने, करंट लगने के दौरान जान बचाने के मौके बेहद कम होते हैं। ऐसे में समय रहते अगर मरीज को उपचार नहीं मिला, तो मरीज की जान चली जाती है। कई बार सुविधाओं के अभाव में समय पर उपचार नहीं मिलता पाता। ऐसे में इमरजेंसी के दौरान मरीज को समय रहते देकर बचाया जा सकता है। दरअसल, यह एक ऐसी प्रणाली है जिसमें हार्ट अचानक काम करना या धड़कना बंद कर देने पर अगर आसपास खड़ा कोई व्यक्ति ऐंबुलेंस आने से पहले पीड़ित व्यक्ति को सीपीआर दे दें तो मरीज की जान बच सकती है।



"भारतीय क्रिकेट में कई मजेदार चीजें हो रही हैं। रणजी ट्रॉफी में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज को दक्षिण क्षेत्र की टीम के लिए भी नहीं चुना जाना उतना ही चौंकाने वाला है। इससे यह पता चलता है कि रणजी ट्रॉफी को बेकार टूर्नामेंट समझा जाता है। कितनी शर्म की बात है।" **वेंकटेश प्रसाद**

**पूर्व भारतीय गेंदबाज, केरल के स्पिनर जलज सक्सेना का दिलीप ट्राफी में चयन ना होने पर**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी ▶**

## अजिंक्य रहाणे



भारत के अनुभवी बल्लेबाज रहाणे वेस्टइंडीज के खिलाफ उसकी सरजमीं पर दो टेस्ट की श्रृंखला के बाद इंग्लिश काउंटी टीम लीसेस्टरशर की ओर से डिविजन दो में खेलेंगे। पूर्व भारतीय कप्तान रहाणे ने इसी महीने की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के साथ भारतीय टीम में सफल वापसी की थी। रहाणे ने जनवरी में लीसेस्टशर के साथ करार किया था और आईपीएल में चेन्नई सुपरकिंग्स का प्रतिनिधित्व करने के बाद उन्हें जून से सितंबर के बीच टीम के लिए आठ प्रथम श्रेणी मैच के अलावा पूरा रॉयल लंदन कप (50 ओवर का घरेलू टूर्नामेंट) खेलना था।

**क्या आप जानते हैं ?...** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मो. सामी ने एक ओवर में 17 गेंदें फेंककर एक ओवर में सर्वाधिक गेंद फेंकने वाले पाकिस्तानी खिलाड़ी बने।

## ओलंपियास्टेडियन में हुआ स्पेशल ओलंपिक खेलों का भव्य उद्घाटन

बर्लिन, 18 जून। बर्लिन के प्रतिष्ठित ओलंपियास्टेडियन में जोरदार और उत्साही दर्शकों के बीच 255 सदस्यीय भारतीय दल ने शनिवार रात स्पेशल ओलंपिक विश्व खेलों के उद्घाटन समारोह में मार्च किया।

जर्मनी के राष्ट्रपति फ्रैंक-वाल्टर स्टीनमीयर, चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ और स्पेशल ओलंपिक के अध्यक्ष टिमोथी श्राइवर उद्घाटन समारोह में बतौर अतिथि शामिल हुए। भारत के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रोलर स्केटर आर्यन नागल्ली ने किया। नगल्ली को बचपन में एक विशेष आवश्यकता वाला एथलीट होने के कारण एक रोलर-स्केटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के अवसर से वंचित कर दिया गया था। इस घटना ने उनके माता-पिता को एक रोलर-स्केटिंग अकादमी स्थापित करने के लिये प्रेरित किया। इस अकादमी में कई विशेष एथलीट प्रशिक्षण ले रहे हैं, जबकि युवा आर्यन राज्य स्तर पर सबसे सफल एथलीटों में से एक बन गये है।

## हैलेंड के गोल के बावजूद स्कॉटलैंड से हारा नॉर्वे

लिस्बन, 18 जून। एर्लिंग हैलेंड ने नॉर्वे की टीम में वापसी करते हुए गोल दागा लेकिन इसके बावजूद स्कॉटलैंड ने अगले साल होने वाली यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो) की क्वालीफाइंग स्पर्धा में पिछडने के बाद 2-1 से जीत दर्ज की।

पुर्तगाल ने महान खिलाडी क्रिस्टियानो रोनाल्डो के 199वें अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में ब्रूनो फर्नांडिज के दो गोल की मदद से बोस्निया-हर्जेगोविना को 3-0 से शिकस्त दी। बेल्जियम की टीम ने चोटिल केविन डि ब्रून के बिना खेलते हुए ऑस्ट्रिया को 1-1 से बराबरी पर रोका। ग्रुप ए में नॉर्वे को हराने के बाद स्कॉटलैंड शीर्ष पर चल रहा है और उसकी नजरें 1996 के बाद पहली बार लगातार दूसरी बार यूरोपीय चैंपियनशिप में जगह बनाने पर टिकी हैं।

मार्च में चोटिल होने के बाद पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे हैलेंड ने 61वें मिनट में पेनल्टी पर गोल दागकर नॉर्वे को बढ़त दिलाई लेकिन इसके बाद कोच ने उन्हें बदल दिया जिसका फायदा उठाकर स्कॉटलैंड ने दो मिनट में दो गोल दागकर जीत सुनिश्चित की।

इस हार से नॉर्वे की क्वालीफाई करने की उम्मीदों को झटका लगा है। टीम का दो मैच में सिर्फ एक अंक है। स्पेन के दो मैच में तीन अंक हैं। टीम को स्कॉटलैंड के खिलाफ हार झेलनी पडी थी। ग्रुप के एक अन्य मैच में जॉर्जिया ने साइप्रस को 2-1 से हराया।

# भारत ने जीता इंटरकॉन्टिनेंटल कप

भुवनेश्वर, 18 जून । भारत ने रविवार को इंटरकॉन्टिनेंटल कप के फाइनल में लेबनान को 2-0 से हराकर दूसरी बार यह खिताब अपने नाम कर लिया।

कलिंगा स्टेडियम पर 12,000 फुटबॉल प्रेमियों के बीच खेले गये खिताबी मुकाबले में सुनील छेत्री (46वां मिनट) और लल्लियंज़ुआला छांगटे (66वां मिनट) ने भारत के गोल किये। उल्लेखनीय है कि चार टीमों के टूर्नामेंट में भारत के खिलाफ एक भी गोल नहीं हुआ।

भारत और लेबनान के बीच गुरुवार को खेला गया लीग चरण मुकाबला शून्य गोल पर समाप्त हुआ था। फाइनल के पहले हाफ में भी दोनों में से कोई टीम गेंद को नेट में नहीं पहुंचा सकी। लेबनान पर लगातार दबाव रखने के बावजूद भारत को खाता खोलने के लिये संघर्ष करना पड़ा।

कप्तान छेत्री ने पांचवें मिनट में सहल अब्दुल समद को क्रॉस दिया लेकिन लेबनान के बॉक्स में खड़े सहल इसका फायदा नहीं उठा सके। मैच के 22वें मिनट में लेबनान के कप्तान हसन मातूक भारतीय गोल के पास आये लेकिन उनका खराब निशाना भारत के लिये हानिरहित था।

पहले हाफ में गोल पर एक भी निशाना न लगा सकने वाली भारतीय टीम ने दूसरा हाफ शुरू होते ही खाता खोल लिया। भारत का पहला गोल करने के लिये निखिल पुजारी ने बॉल छांगटे को पास की। छांगटे ने बॉल को ड्रिबल करते हुए छेत्री के पास पहुंचाया, जिन्होंने अपना 87वां गोल दागते हुए भारत को बढ़त दिला दी। कोच इगोर स्टिमच की टीम को अब बस अपनी बढ़त बरकरार रखने पर ध्यान देना था, हालांकि छांगटे के लिये रात अब भी बाकी थी। महेश ने सबसे पहले भारत की बढ़त दोगुनी करने का प्रयास किया, लेकिन लेबनान के गोलकीपर को पार नहीं कर सके।



लेबनान के गोलकीपर सबेह बॉल को अपनी पकड़ में नहीं रख सके और पहले गोल में दर्शनीय असिस्ट करने वाले छांगटे ने धैर्य के साथ बॉल को नेट में पहुंचाकर भारत का स्कोर 2-0 कर दिया। मैच के आखिरी 10 मिनटों में लेबनान के कप्तान मातूक के अलावा टीम कोई अवसर नहीं बना सकी। आखिरी मिनट में सबेह द्वारा महेश का हेडर रोके जाने के बावजूद भारत ने 2-0 से मुकाबला अपने नाम कर लिया।

## आईसीसी आचार-संहिता के उल्लंघन के लिये मोईन पर लगा जुर्माना

बर्मिंघम, 18 जून। इंग्लैंड के हरफनमौला खिलाडी मोईन अली को ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध पहले टेस्ट के दौरान आईसीसी की आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाए जाने के कारण उनपर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने रविवार को यह जानकारी दी।

मोईन अली को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी कर्मियों के लिये आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.20 का उल्लंघन करते पाया गया। यह अनुच्छेद खेल भावना के विपरीत आचरण प्रदर्शित करने से संबंधित है। आईसीसी आचार संहिता के स्तर एक के उल्लंघन के लिये मोईन के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है। पिछले 24 महीनों में यह इंग्लैंड के हरफनमौला खिलाडी का पहला अपराध था। यह घटना एजबेस्टन में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के 89वें ओवर के दौरान हुई जब बाउंड्री के पास फील्डिंग के लिये खड़े मोईन अपनी उंगली पर मरहम लगाते हुए नज़र आये। मोईन ने अपना अपराध मानते हुए मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट द्वारा प्रस्तावित सजा को स्वीकार कर लिया। आईसीसी की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, पाइक्रोफ्ट इस बात से संतुष्ट थे कि मोईन ने वह क्रीम सिर्फ अपना हाथ सुखाने के लिये लगायी थी। वह क्रीम गेंद पर मलने के लिये हाथ में नहीं ली गयी थी, इसलिये मोईन पर आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 41.3 (अनुचित खेल, गेंद के साथ छेड़छाड़) के उल्लंघन का आरोप नहीं लगाया गया। मैदानी अंपायर अहसान रजा और मराइस इरास्मस, तीसरे अंपायर क्रिस गैफनी और चौथे अंपायर माइक बर्न्स ने मोईन पर यह आरोप लगाया। स्तर एक के उल्लंघन पर कम से कम आधिकारिक फटकार, खिलाडी की मैच फीस का अधिकतम 50 फीसदी जुर्माना और एक या दो डिमेरिट अंक का प्रावधान है।

## चित्रवेल को मोनाको डायमंड लीग में पहुंचने की उम्मीद

भुवनेश्वर, 18 जून । राष्ट्रीय अंतरराज्यीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान एशियाई खेलों के लिये क्वालीफाई करने वाले लंबी कूद एथलीट प्रवीण चित्रवेल को अब अगले महीने होने वाले मोनाको डायमंड लीग में पहुंचने की उम्मीद है। हाल ही में चोट से उभरने के बावजूद चित्रवेल ने 17.07 मीटर की छलांग के साथ चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। इसी के साथ उन्होंने एशियाई खेलों के 16.60 मीटर के क्वालीफिकेशन निशान को पार करके एशियाड में भी जगह बना ली। इंस्पायर इंस्टिट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स में उनके साथी अब्दुल्ला अबूबकर ने 16.88 मीटर की छलांग के साथ रजत जबकि एल्डहोज पॉल ने 16.75 मीटर की सर्वश्रेष्ठ छलांग के साथ कांस्य पदक जीता।

हवाना में 17.37 मीटर की छलांग के साथ विश्व चैंपियनशिप के लिये पहले ही क्वालीफाई कर चुके चित्रवेल ने अंतरराज्यीय चैंपियनशिप के लिये अपनी तैयारी पर कहा, मैं एक चोट के बाद वापस आ रहा था, इसलिए मेरा उद्देश्य एशियाई खेलों के लिये सुरक्षित रूप से क्वालीफाई करना था। मैंने खुद पर ज्यादा मेहनत नहीं की। इसके अलावा, हमारे पास कई प्रतियोगिताओं के साथ एक व्यस्त सीजन है और मुझे जीत का सिलसिला जारी रखना है। मुझे आगे बढ़ाने में मदद करने के लिये मैं कोच और पूरी टीम का शुक्रगुजार हूं। उन्होंने कहा, "मैंने कोच बेटनजोस से बात की है और उन्हें उम्मीद है कि हमें 21 जुलाई, 2023 को होने वाली मोनाको डायमंड लीग में प्रवेश मिलेगा। मैं अगले महीने के अंत में (होने वाली डायमंड लीग में) संभावित उपस्थिति की प्रतीक्षा कर रहा हूं।" डायमंड लीग का अगला आयोजन लुसाने में 30 जून को होगा, जबकि मोनाको से पहले स्कॉटहोम और सिलेसिया में भी लीग का एक-एक चरण आयोजित किया जायेगा। पूरी तरह फिट होने के बाद चित्रवेल को आगामी आयोजनों में मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद है। उन्होंने कहा, "पिछले महीने मुझे मांसपेशियों में खिंचाव हुआ था और तब से मैं ठीक हो रहा हूं। मुझे खुशी है कि मैं अब पूरी तरह से फिट महसूस कर रहा हूं और मैं आने वाली प्रतियोगिताओं में जाने के लिए बेताब हूं।

## इंग्लैंड ने पहली पारी में बनायी बढ़त

बर्मिंघम, 18 जून । इंग्लैंड ने स्टुअर्ट ब्रॉड (68/3) और ओली रॉबिनसन (55/3) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत पहले एशेज़ टेस्ट की पहली पारी में रविवार को ऑस्ट्रेलिया को 386 रन पर ऑलआउट कर दिया।

पहली पारी में 393/8 का स्कोर खडा करने वाली इंग्लैंड ने इसी के साथ सात रन की बढ़त भी बना ली। उस्मान ख्वाजा ने ऑस्ट्रेलिया के लिये सर्वाधिक 141 रन बनाये। उन्होंने अपनी 321 गेंद की पारी में 14 चौके और तीन छक्के लगाये। इसके अलावा एलेक्स कैरी ने 66 रन की, जबकि ट्रैविस हेड ने 50 रन की पारी खेली। कैमरन ग्रीन और पैट कमिंस ने 38-38 रन का योगदान दिया।

ऑस्ट्रेलिया ने दिन की शुरुआत 311/5 के स्कोर से की। ख्वाजा ने मोईन अली को एक छक्का जडकर अपने हाथ खोले। कैरी ने भी जेम्स एंडरसन को दो चौके जडे, लेकिन तीसरी गेंद पर वह बोल्ड हो गये। छह विकेट गिरने के बावजूद सलामी बल्लेबाज ख्वाजा अच्छी लय में दिख रहे थे। आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे कप्तान कमिंस ने पिच पर उनका साथ दिया। दोनों बल्लेबाज़ों ने ऑस्ट्रेलिया को 350 रन के पार ले जाते हुए सातवें विकेट के लिये 44 रन की साझेदारी की।

यह जोडी ऑस्ट्रेलिया को बढत दिला सकती थी, लेकिन कप्तान बेन स्टोक्स ने ख्वाजा का बहुमूल्य विकेट लेने के लिये अजीबोगरीब फील्ड सजाई। वह कवर्स के क्षेत्र के छह फील्डरों को 30 गज़ के दायरे में ले आये। ख्वाजा ने रॉबिनसन की गेंद को आगे बढ़कर फील्डरों के ऊपर से खेलना चाहा लेकिन इस प्रयास में वह बोल्ड हो गये।

ख्वाजा का विकेट गिरने के बाद इंग्लैंड ने अंतिम तीन बल्लेबाजों को मात्र 14 रन के अंदर पवेलियन भेज दिया। रॉबिनसन ने कमिंस और नेथन लायन का विकेट लिया, जबकि ब्रॉड ने स्कॉट बोलैंड को चलता किया।

## बंग्लादेश वनडे के लिये फिट हुए राशिद

काबुल, 18 जून। अनुभवी लेग-स्पिनर राशिद खान को बंग्लादेश के खिलाफ पांच जुलाई से शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय शृंखला के लिये टीम में चुना गया है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने रविवार को यह जानकारी दी।

अफगानिस्तान और बंगलादेश के बीच पिछले हफ्ते खेले गये एकमात्र टेस्ट में चोटग्रस्त राशिद हिस्सा नहीं ले सके थे, हालांकि अब उन्हें फिट घोषित कर दिया गया है।

एकदिवसीय शृंखला के लिये युवा स्पिनर नूर अहमद अफगानिस्तान टीम में जगह नहीं बना सके, हालांकि लेग-स्पिनर इज़हारुल हक़ नवीद को पहली बार वनडे टीम में तलब किया गया है।

शाहिदुल्लाह, जिया-उर-रहमान, वफादार मोमंद, मोहम्मद सलीम और सैयद शिरजाद को भी पहली बार टीम में जगह दी गयी है। एसीबी ने बंगलादेश शृंखला के लिये टीम घोषित करने के अलावा आगामी एकदिवसीय विश्व कप के लिये 10 अतिरिक्त खिलाड़ियों को भी चुना है।

बंग्लादेश वनडे के लिये अफगानिस्तान टीम : हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, रियाज हसन, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, इकराम अलीखिल, राशिद खान, अजमतुल्ला उमरजई, मुजीब उर रहमान, फजलहक फारूकी, अब्दुल रहमान, इजहारुलहक नवीद, शाहिदुल्लाह, जिया-उर-रहमान, वफ़ादार मोमंद, मोहम्मद सलीम, सैयद शिरज़ाद। अफगानिस्तान अतिरिक्त खिलाडी : करीम जन्नत, जुबैद अकबरी, कैस अहमद, इहसानुल्लाह जनत, गुलबदीन नायब, शराफुद्दीन अशरफ, नवीन-उल-हक, फरीद मलिक, दरवेश रसूली, इशाक रहीमी।

# सात्विक-चिराग ने जीता इंडोनेशिया ओपन

जकार्ता, 18 जून । सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने रविवार को इंडोनेशिया ओपन 2023 के फाइनल में गत विश्व चैंपियन मलेशिया के आरोन चिया और सूह वूईयिक को हराकर ऐतिहासिक खिताब जीत लिया।

सात्विक-चिराग ने विश्व की नंबर तीन मलेशियाई जोड़ी को 21-17, 21-18 से हराने में सिर्फ 43 मिनट का समय लिया। सात्विक-चिराग इंडोनेशिया ओपन का युगल खिताब जीतने वाले पहले भारतीय हैं। यह बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर बैडमिंटन में इस जोडी का पहला सुपर 1000 खिताब भी है।

इस ऐतिहासिक जीत के लिये हालांकि भारतीय युगल को संघर्ष करना पड़ा। खिताबी मुकाबले में सात्विक-चिराग की शुरुआत अच्छी नहीं रही, जबकि मलेशियाई जोडी ने 7-3 की बढ़त ले ली। सात्विक-चिराग ने जल्द ही लय हासिल करते हुए 7-7 पर बराबरी की और ब्रेक तक 11-9 की बढ़त बना ली। इसके बाद सात्विक-चिराग ने अपने मलेशियाई प्रतिद्वंदियों को वापसी का मौका नहीं दिया और पहला गेम 21-17 से जीतने में सफल रहे। दूसरे गेम में भी आरोन-सूह ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन भारतीय युगल ने जल्द ही मुकाबले पर काबू पा लिया। स्कोर 6-6 पर बराबर होने के बाद सात्विक-चिराग ने दो पॉइंट स्कोर किये, जबकि मलेशियाई जोडी ने एक पॉइंट अपने पक्ष में किया। आरोन-सूह हालांकि लगातार प्रयासों के बावजूद बढ़त नहीं बना सके।

सात्विक-चिराग 20-14 की बढ़त बनाकर चैम्पियनशिप जीतने से सिर्फ एक पॉइंट दूर थे। मलेशियाई युगल ने इस समय आक्रामकता दिखाई लेकिन भारतीय जोड़ी को 21-18 से गेम और चैंपियनशिप जीतने से नहीं रोक सके।




## रिकॉर्ड तोड़ छलांग के साथ विश्व चैंम्पियनशिप में पहुंचे श्रीशंकर

भुवनेश्वर, 18 जून। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन श्रीशंकर मुरली ने रविवार को यहां 62वीं राष्ट्रीय अंतर राज्य सीनियर एथलेटिक्स चैंपियन शिप की लंबी कूद प्रतियोगिता में रिकॉर्डतोड़ छलांग लगाते हुए विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के लिये क्वालीफाई कर लिया।

केरल के 24 वर्षीय श्रीशंकर ने क्वालीफिकेशन राउंड में 8.41 की छलांग लगाकर विश्व और एशियाई आयोजन में जगह बनायी। साथ ही उन्होंने अंतर-राज्य चैंपियनशिप में अपना ही बनाया हुआ 8.23 मीटर का रिकॉर्ड भी तोड दिया। विश्व चैंपियनशिप में क्वालीफिकेशन चिह्न जहां 8.25 मीटर था, वहीं एशियाई खेलों के लिये एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया का योग्यता मानदंड 7.95 मीटर पर निर्धारित था। भुवनेश्वर का कलिंगा स्टेडियम श्रीशंकर के लिये भाग्यशाली रहा है। उन्होंने पहली बार 2018 में इसी स्थान पर आठ मीटर का निशान छुआ था। उनके पिता और कोच एस मुरली को उम्मीद है कि उनका बेटा सोमवार को अंतिम चरण में और बेहतर प्रदर्शन करेगा। श्रीशंकर के पिता ने कहा, "वह फाइनल में बेहतर प्रदर्शन भी कर सकता है।"

केरल के मोहम्मद अनीस यहया ने भी 7.71 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ अंतिम 12 में जगह बनायी। इसी बीच, महिलाओं के लंबी कूद क्वालिफिकेशन राउंड में अग्रणी एथलीट एंसी सोजान (6.49 मीटर) ने एशियाई खेलों के क्वालीफिकेशन मार्क 6.45 मीटर को पार किया।

नयना जेम्स (6.31 मी) और शैली सिंह (6.27 मी) एशियाड के लिये क्वालीफाई नहीं कर सकीं, लेकिन दोनों ने सोमवार को होने वाले फाइनल में जगह बना ली। पुरुष भाला फेंक क्वालिफिकेशन राउंड में ओडिशा के किशोर कुमार जेना (79.96 मीटर), शिवपाल सिंह (79.35 मीटर) और अनुज कालरा (79.04 मीटर) ने एशियाई खेलों के क्वालीफिकेशन मार्क (78.23 मीटर) को आसानी से पार किया।

## प्रदर्शन पर कोई सवाल न उठे इसलिए श्रीशंकर ने स्वयं ही डोप जांच के लिए नमूना दिया

भुवनेश्वर, 18 जून। लंबी कूद के एथलीट मुरली श्रीशंकर ने रविवार को 8.41 मीटर के प्रयास के साथ आगामी विश्व चैंपियनशिप का टिकट पक्का करने के बाद नाडा (राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी) अधिकारियों को 'स्वेच्छा से' डोप नमूना दिया ताकि 'काई उन पर संदेह ना करे'। श्रीशंकर के पिता और कोच एस मुरली ने यह जानकारी दी।

चौबीस साल के श्रीशंकर ने यहां राष्ट्रीय अंतरराज्यीय एथलेटिक्स चैम्पियशिप में अपने पहले ही प्रयास में 8.41 मीटर की छलांग लगायी। वह हालांकि जेस्विन एल्ड्रिन के 8.42 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी करने से सिर्फ एक सेंटीमीटर से चूक गए। एल्ड्रिन ने इसी साल राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। एल्ड्रिन इस स्पर्धा में 7.83 मीटर की छलांग के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

## सात्विक और चिराग के लिए मलेशियाई जोड़ी को हराना विशेष उपलब्धि

जकार्ता, 18 जून। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने रविवार को इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में मलेशिया के आरोन चिया और वूई यिक सोह की जोडी को हराकर इतिहास रच दिया।सात्विक और चिराग सुपर 1000 स्तर की प्रतियोगिता को अपने नाम करने वाली पहली भारतीय जोडी बन गयी।।

विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग ने 43 मिनट तक चले मुकाबले में मलेशियाई जोडी को 21-17, 21-18 से हराया। इस भारतीय जोडी ने मलेशिया की इस जोडी के खिलाफ नौ मैचों में पहली बार सफलता हासिल की है।

सात्विक ने मैच के बाद कहा, "टूर्नामेंट जीतने से ज्यादा उन्हें हराना बडी उपलब्धि है। अगली बार जब हम उनके खिलाफ खेलेंगे तो नयी शुरुआत करेंगे।"

चिराग ने अपने जोडीदार की बातों को आगे बढाते हुए कहा, " टूर्नामेंट जीतने से ज्यादा खुशी आरोन और सोह की जोडी को हराने की है। हम काफी समय से उन्हें हराने की कोशिश कर रहे थे लेकिन करीब आकर फिसल जा रहे थे। इस बार हमने खुद का समर्थन किया।" उन्होंने कहा, " इस बार हम अपनी योजनाओं पर बने रहे और उसका फायदा भी मिला। जैसा कि सात्विक ने कहा कि यह सिर्फ शुरुआत है, हमें और बडे मुकाबले जीतने हैं।

उन्होंने स्टेडियम में कोच पुलेला गोपीचंद की मौजूदगी का समर्थन करते हुए कहा कि वह यहां सिर्फ उनके फाइनल मुकाबले के लिए नहीं थे, बल्कि भारतीय टीम के लिए यहां थे। सात्विक ने कहा कि गोपीचंद की मौजूदगी से उनके खेल पर काफी असर पडा। उन्होंने कहा, "दो महीने तक खराब खेल के बाद हम इस प्रदर्शन से खुश है। हम 'चीजों के नियंत्रण' में होने के बारे में सोच कर आलसी हो रहे थे लेकिन पिछले दो टूर्नामेंटों में यह समझने में सफल रहे कि अगर हमारे खेल का स्तर ऊंचा नहीं हुआ तो हम शुरूआती दौर में ही बाहर हो जायेंगे।"

उन्होंने कहा, "हमने कोच, फिजियो और ट्रेनर के साथ काफी कडा अभ्यास किया। मेरा शरीर ऐसा है जिसके चोटिल होने की संभावना बनी रहती है लेकिन मैं टीम के पीछे किए गए प्रयासों को श्रेय देना चाहूंगा। यहां तक कि गोपी सर भी हमारे मैचों के लिए लंबे समय बाद आए, मुझे ऐसा लगा कि कोर्ट पर कोई जादूगर मौजूद है। जब वह वहां होते हैं तो मैं बहुत सकारात्मक महसूस करता हूं ।"

चिराग ने कहा उन्हें शानदार तरीके से मैच जीतने की खुशी है। उन्होंने कहा, "मैं यह नहीं कहूंगा कि यह सबसे अच्छा मैच था, लेकिन हम काफी आत्मविश्वास के साथ खेले।" उन्होंने कहा, " इस मैच में हम अपनी योजना पर टिके रहे। उनके खिलाफ इससे पहले के आठ मैचों में हम हावी होकर नहीं खेल पा रहे थे लेकिन इस मुकाबले में अपनी योजना पर डटे रहे।

# बृजभूषण के खिलाफ पहलवानों के विरोध पर साक्षी और बबीता के बीच वाकयुद्ध

नयी दिल्ली, 18 जून। साक्षी मलिक ने रविवार को पूर्व पहलवान और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता बबीता फोगाट पर आरोप लगाया कि भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ उनके विरोध में उन्होंने सरकार का साथ दिया। बबीता ने इसके जवाब में दावा किया कि रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साक्षी 'कांग्रेस की कठपुतली' बन गई हैं। साक्षी और उनके पति सत्यव्रत कादियान ने शनिवार को वीडियो पोस्ट करके कहा था कि पहलवानों का प्रदर्शन राजनीति से प्रेरित नहीं है और यह किसी भी तरह से कांग्रेस से प्रेरित नहीं है और बबीता तथा भाजपा के एक अन्य नेता तीरथ राणा ने शुरुआत में पहलवानों के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के लिए पुलिस से स्वीकृति लेने में मदद की थी।

रविवार को साक्षी ने शनिवार के अपने वीडियो का हवाला देते हुए कहा कि उन्होंने बबीता और राणा पर तंज कसा था कि कैसे उन्होंने अपने स्वार्थ के लिए पहलवानों का इस्तेमाल करने का प्रयास किया लेकिन हास्यबोध की कमी के कारण इस तंज को समझा नहीं गया।

साक्षी ने ट्वीट किया, "वीडियो (शनिवार को डाले गए) में हमने तीरथ राणा और बबीता फोगाट पर तंज कसा था कि कैसे वे अपने स्वार्थ के लिए पहलवानों को इस्तेमाल करना चाह रहे थे और कैसे पहलवानों पर जब विपदा पडी तो वे जाकर सरकार की गोद में बैठ गए।" उन्होंने कहा, "हम मुसीबत में जरूर हैं लेकिन हास्यबोध इतना कमजोर नहीं हो जाना चाहिए कि ताकतवर को काटी चुटकी पर आप हंस भी न पाएं।"

जनवरी में पहलवानों के तीन दिवसीय प्रदर्शन के दौरान पहलवानों और सरकार के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाली बबीता ने साक्षी को लंबा जवाब देते हुए ट्वीट में दावा किया कि उनका पहलवानों के प्रदर्शन से कोई लेना देना नहीं है क्योंकि वह पहले ही दिन से सडक पर आंदोलन के खिलाफ थीं। विरोध से दूरी बनाते हुए बबीता ने लिखा, "मुझे कल बडा दुख भी हुआ और हंसी भी आई जब मैं अपनी छोटी बहन (साक्षी) और उनके पति का वीडियो देख रही थी। सबसे पहले तो मैं ये स्पष्ट कर दूं की जो अनुमति का कागज छोटी बहन दिखा रही थी उस पर कहीं भी मेरे हस्ताक्षर या मेरी सहमति का कोई प्रमाण नहीं है और ना ही दूर-दूर तक इससे मेरा कोई लेना देना है।"

उन्होंने लिखा, "मैं पहले दिन से कहती रही हूं कि प्रधानमंत्री पर एवं देश की न्याय व्यवस्था पर विश्वास रखिए, सत्य अवश्य सामने आएगा।"

बबीता ने कहा, "मैंने बार-बार सभी पहलवानों से ये कहा कि आप प्रधानमंत्री या गृहमंत्री से मिलो, समाधान वहीं से होगा लेकिन आपको समाधान दीपेंद्र हुड्डा, कांग्रेस और प्रियंका गांधी में नजर आया जिनके साथ बलात्कार एवं अन्य मुकदमे में फंसे लोग आ रहे हैं।"

उन्होंने कहा, "आज जब आपका यह वीडियो सबके सामने है तो उससे अब देश की जनता को समझ में आ जाएगा कि नए संसद भवन के उद्घाटन के पवित्र दिन आपका विरोध और राष्ट्र के लिए जीता हुआ पदक गंगा में प्रवाहित करने की बात देश को कितना शर्मसार करने जैसा था।"

बबीता ने कहा, "देश की जनता समझ चुकी है कि आप कांग्रेस के हाथ की कठपुतली बन चुकी हो। अब समय आ गया है कि आपको आपकी वास्तविक मंशा बता देनी चाहिए क्योंकि अब जनता आपसे सवाल पूछ रही है।"

राणा ने हालांकि इन आरोपों को खारिज किया कि उन्होंने पहलवानों का इस्तेमाल निजी स्वार्थ के लिए किया। उन्होंने कहा, "पहलवान आए और मेरे से मिले (विरोध शुरू करने से पहले) और उन्होंने कहा कि उनका शोषण किया गया है। हमने कहा कि हम अपनी बहनों और बेटियों के साथ हैं। न्याय की लडाई में मैं खिलाड़ियों के साथ हूं। मैं पहले भी उनके साथ था और अब भी हूं।"

वीडियो को वट्सऐप ग्रुप में साझा किया गया था जिसे वीडियो से जुडी जानकारी प्रसारित करने के लिए बनाया गया था और बाद में राणा से जुडा वीडियो ग्रुप से डिलीट कर दिया गया। राणा ने वीडियो में कहा, "देखिए, पहलवान देश का गौरव हैं और भाजपा के लिए खिलाडियों का सम्मान सर्वोच्च है और मैं भी उनका काफी सम्मान करता हूं। मैंने हमेशा खिलाडियों का समर्थन किया है।" साक्षी, विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया सहित देश के शीर्ष पहलवानों ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीडन और डराने-धमकाने का आरोप लगाया है और उसे गिरफ्तार करने की मांग कर रहे हैं।

कादियान ने शनिवार को वीडियो में दावा किया था कि अगर वे पदकों को गंगा में विसर्जित करने का कदम उठाते तो हिंसा हो सकती थी। राणा ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, "इस तरह की कोई बात नहीं हुई कि ऐसा करने (पदकों को विसर्जित करने) से हिंसा होगी। खिलाड़ियों के बीच गुस्सा था और उन्होंने फैसला किया कि वे अपने पदक गंगा में विसर्जित करेंगे लेकिन देश के लोगों का मानना था कि खिलाड़ियों को ऐसा कदम नहीं उठाना चाहिए।"

# केजरीवाल की पहली सभा ने कांग्रेस की टैंशन बढ़ाई, जवाब देने के लिए उतारने पड़े दो विधायक

## केजरीवाल के आरोपों पर विधायक महेन्द्र चौधरी और रोहित बोहरा को देनी पड़ी बिंदुवार सफाई

जयपुर, 18 जून (का.प्र.)। आम आदमी पार्टी के प्रमुख और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की राजस्थान में पहली बड़ी रैली और उसमें दिए गए भाषण के बाद में कांग्रेस अब सतर्क हो गई है और केजरीवाल के दिए गए भाषणों के जवाब में कांग्रेस ने अपने दो विधायकों को उतारा है और उन्होंने अरविंद केजरीवाल की ओर से दिए गए भाषण पर बिंदुवार जवाब दिया है।

दरअसल यह अरविंद केजरीवाल की राजस्थान में चुनाव से पहले पहली सभा है और पहली सभा के जवाब देने के लिए ही राजस्थान सरकार ने आनन-फानन में अपने दो विधायकों को उतारा है। ऐसे में राजनीतिक क्षेत्रों में चर्चा है कि, अरविंद केजरीवाल को कांग्रेस अधिक गंभीरता से ले रही है।

अरविंद केजरीवाल के राजस्थान से रवाना होने के बाद दो विधायक उप मुख्य सचेतक महेंद्र चौधरी और

- **ऐसे में राजनीतिक क्षेत्रों में चर्चा है कि, अरविंद केजरीवाल को कांग्रेस अधिक गंभीरता से ले रही है।**

विधायक रोहित बोहरा ने मीडिया से कहा कि, केजरीवाल ने कहा कि, यहां अशोक गहलोत के पोस्टर लगे हैं, जो नीच हरकत है। इस पर चौधरी ने कहा कि, आर.टी. आई. से जानकारी मिली है कि, केजरीवाल ने शीला दीक्षित की सरकार के मुकाबले 4200 फीसदी विज्ञापन का बजट बढ़ाया है। ये कौनसी हरकत आप कर रहे हैं केजरीवालजी जो दिल्ली में एक नाला बनने पर भी अपना चेहरा लगाकर विज्ञापन देते हैं।

चौधरी और बोहरा ने कहा कि, केजरीवाल कह रहे थे कि, दिल्ली में कोई पेपर लीक नहीं होते, पर वो ये बताना भूल गए कि, दिल्ली में सरकारी नौकरी ही नहीं दी जाती। 2015 से 2023 तक आप सरकार ने केवल 440 नौकरियां दी हैं। वहीं पंजाब में तो 12वीं क्लास तक के पेपर लीक हो रहे हैं। पंजाब स्टेट टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट का पेपर रद्द करना पड़ा क्योंकि पेपर पर सवालों के साथ जवाब तक प्रिंट कर दिए। पंजाब में नायब तहसीलदार भर्ती का पेपर रद्द करना पड़ा।

महेंद्र चौधरी ने कहा कि, केजरीवाल को किसी ने उनकी स्पीच में लिख दिया कि, राजस्थान में सिर्फ चिरंजीवी योजना से भर्ती होने पर फ्री इलाज होता है, उन्हें ये नहीं पता कि, राजस्थान में निरोगी राजस्थान योजना से सरकारी अस्पतालों में ओपीडी और आईपीडी का पूरा इलाज फ्री है।

चौधरी बोले कि, केजरीवाल भाषण दे रहे थे कि, राजस्थान में कोई स्कूल नहीं बना, अस्पताल नहीं बना, जिस गंगानगर में खड़े होकर वो भाषण दे रहे थे, वहीं इसी कार्यकाल में ही 300 करोड़ रुपये का मैडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल बन चुका है। केजरीवाल की ईमानदारी पर सवाल उठाते हुए दोनों विधायकों ने कहा कि, ईमानदारी की बात केजरीवाल ने की तो तिहाड़ जेल में भ्रष्टाचार के आरोपों में विराजमान मनीष सिसोदिया और सत्येन्द्र जैन को हंसी आ गई। स्वयं अरविंद केजरीवाल को सीबीआई की पूछताछ का सामना करना पड़ रहा है, वो भी शराब घोटाले के आरोपो में।

केजरीवाल जी कह रहे थे कि, दिल्ली में 200 और पंजाब में 300 यूनिट बिजली फ्री है। वो ये भी बता देते कि, 201 और 301 यूनिट बिजली पर क्या होता है, वहां यूनिट ज्यादा खर्च होते ही पूरा बिल देना पड़ता है, जबकि यहां 100 यूनिट की छूट सभी को मिलती है।

## राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेस के विशेष कार्यक्रम

नई दिल्ली, 18 जून (वार्ता)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जन्मदिन (19 जून) पर युवा कांग्रेस सोमवार को नई दिल्ली में रक्तदान एप लांच कर भारत जोड़ो यात्रा पर प्रदर्शनी लगाएगी और अन्य कई कार्यक्रम भी आयोजित करेगी।

युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी वरुण पांडे ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इस

- **युवा कांग्रेस, 19 जून को रक्त-दान शिविर व 'भारत जोड़ो यात्रा' पर प्रदर्शनी आयोजित करेगी।**

अवसर युवा कांग्रेस अपने मुख्यालय से जंतर-मंतर तक भारत जोड़ो यात्रा आयोजित कर भारत जोड़ो यात्रा पर प्रदर्शनी भी लगाएगी।

उन्होंने बताया कि इस अवसर पर आम नागरिकों की सुविधा के लिए ब्लड बैंक एप भी लांच किया जाएगा। भारत जोड़ो यात्रा प्रदर्शनी सुबह 11 बजे से संगठन के मुख्यालय में आयोजित की जाएगी।

# सतपाल मलिक ने खुद को गिरफ्तार किये जाने की आशंका जाहिर की

## सतपाल मलिक ने अलवर में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि, मेरे पीछे पूरे जाट समाज की ताकत है, मुझे परेशान किया तो, आग लग जायेगी

अलवर, 18 जून। पूर्व राज्यपाल सतपाल मलिक ने राजस्थान के अलवर जिले में जाट समाज के एक कार्यक्रम में कहा- मुझे गलत तरीके से बंद किया गया तो आग लग जाएगी। हम 4 राज्यों में है। आज हमारी आर.ए.एस. लड़की को देखकर लोग खम्मा घणी कहते हैं, जो कभी हमें घोड़ी पर नहीं बैठने देते थे। मलिक ने मृत्यु भोज, दहेज और मकान पर पैसे खर्च नहीं करने की अपील की। बच्चों को शिक्षा दिलाने की बात कही। मलिक ने जाट सी.एम. पर कहा कि राजस्थान में हम इतनी संख्या में है फिर जाट सी.एम. नहीं बना सके। हमारी मांग जारी रहेगी।

पहलवानों के मुद्दे पर पूर्व राज्यपाल ने कहा कि यह शर्म की बात है जब पहलवान जीत कर आते हैं, तो उनको बुलाया जाता है और उनको सम्मानित किया जाता है। उस समय उन्हीं पहलवानों को बहन बेटी कहा

- **मलिक ने राजस्थान में जाट मु.मंत्री के मुद्दे पर कहा कि, राजस्थान में हम इतनी बड़ी संख्या में हैं फिर भी जाट मु.मंत्री नहीं बना सके, जाट मु.मंत्री की हमारी अहम मांग जारी रहेगी।**
- **उन्होंने पहलवानों के विरोध प्रदर्शन के संबंध में कहा कि, खाप पंचायत अपनी जगह है, लेकिन एक बार अगर राजस्थान में पहलवानों ने मीटिंग की, तो केंद्र सरकार नाक रगड़कर उनसे बातचीत करेगी।**

जाता है। उन्होंने कहा कि खाप पंचायत अपनी जगह है, लेकिन एक बार अगर राजस्थान में पहलवानों ने मीटिंग की, तो केंद्र सरकार नाक रगड़ कर उनसे बातचीत करेगी। सतपाल मलिक ने कहा कि मैं किसी पार्टी में नहीं जाऊंगा और न चुनाव लड़ूंगा, लेकिन जो अच्छा कैंडिडेट होगा उसके समर्थन में प्रचार जरूर करूंगा। मलिक ने कहा कि अगर आने वाले तीनों विधानसभा चुनाव में भाजपा को नहीं हराया गया, तो मणिपुर जैसे हालात इन राज्यों में भी होंगे। मणिपुर में हिंसा हो रही है। देश जल रहा है और देश के प्रधानमंत्री अमेरिका जा रहे हैं। आखिर अमेरिका में ऐसा क्या रखा है ? केंद्र सरकार मणिपुर के मुद्दे पर चुप है। मोदी ने अभी तक मणिपुर के मुद्दे पर कोई बयान नहीं दिया है। मणिपुर में लोगों को मारा जा रहा है व उनके घरों को जलाया जा रहा है।

## 'यूनिफॉर्म...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने कहा कि वह समान नागरिक संहिता को गैरजरूरी, अव्यावहारिक और देश के लिए बेहद हानिकारक मानता है। बोर्ड की तरफ से जारी बयान के मुताबिक बोर्ड को लगता है कि अपने रुख को दोहराना जरूरी है कि मुस्लिम पर्सनल लॉ कुरान और सुन्नत से लिया गया है। इसलिए मुसलमान भी कोई बदलाव करने के लिए अधिकृत नहीं हैं।

## हिमाचल...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

झटके महसूस किए गए थे।

भूकंप विशेषज्ञों का कहना है कि बीते कुछ समय से धरती के नीचे प्लेट्स में हलचल के कारण भूकंप के झटके महसूस किए जा रहे हैं। जब एक बार प्लेट्स अपनी स्थिति बदलती हैं तो बार-बार भूकंप आना स्वाभाविक है।

# 'सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के निजीकरण की साजिश तेज कर दी है केन्द्र सरकार ने'

नई दिल्ला, 18 जून (वार्ता)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि सरकार सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों (पी.एस.यू.) के निजीकरण की साजिश करके नागरिकों के आरक्षण के संवैधानिक अधिकार को खत्म करने में जुटी है।

गांधी ने कहा है कि जो पी.एस.यू. कभी भारत की शान हुआ करते थे और रोज़गार के लिए होते थे हर युवा का सपना वे अब सरकार की प्राथमिकता में ही नहीं हैं। पी.एस.यू. में रोज़गार, 2014 में 16.9 लाख से कम हो कर 2022 में मात्र 14.6 लाख रह गए हैं। क्या एक प्रगतिशील देश में रोज़गार घटते हैं। बी.एस.एन.एल. में

- **राहुल गांधी ने कहा कि, पी.एस.यू. में रोजगार, 2014 में 16.9 लाख से कम हो कर 2022 में मात्र 14.6 लाख रह गए हैं, क्या एक प्रगतिशील देश में रोज़गार घटते हैं**
- **राहुल गांधी ने कहा कि, बी.एस.एन.एल. में 181127 रोज़गार घटे, सेल में 61928, एम.टी.एन.एल. में 34997, एस.ई.सी.एल. में 29140 एफ.सी.आई. में 28,063 और ओ.एन.जी.सी. में 21,120 रोजगार घट चुके हैं।**

181127 रोज़गार घटे, सेल में 61928, एम.टी.एन.एल. में 34997, एस.ई.सी.एल. में 29140 एफ.सी.आई. में 28,063 और ओ.एन.जी.सी. में 21,120 रोजगार घटे।"

उन्होंने कहा, "हर साल 2 करोड़ रोज़गार का झूठा वादा करने वालों ने नौकरियां बढ़ाने की जगह 2 लाख से ज़्यादा खत्म कर दीं! इसके ऊपर इन संस्थानों में कॉन्ट्रैक्ट भर्तियां लगभग दोगुनी कर दीं। क्या कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारी बढ़ाना आरक्षण का संवैधानिक अधिकार छीनने का तरीका नहीं है। क्या ये आखिर में इन कंपनियों के निजीकरण की साज़िश है।"

उन्होंने सवाल किया "जो सरकार पी.एस.यू. की निजी करण की साजिश में लगी है। वह बड़े उद्योगपतियों का ऋण माफ कर पी.एस.यू. से सरकारी नौकरियां साफ कर रही है। ये कैसा अमृतकाल। अगर यह वाकई में अमृतकाल है तो नौकरियां इस तरह गायब क्यों हो रही हैं। देश इस सरकार के दौर में रिकॉर्ड बेरोज़गारी से जूझ रहा है क्योंकि लाखों युवाओं की उम्मीदों को कुछ पूंजीपति मित्रों के फायदे के लिए कुचला जा रहा है।"

## केजरीवाल का...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

श्रीगंगानगर जिले में बड़ी जनसभा आयोजित की है।

आप का कहना है कि राजस्थान की सभी 200 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेंगी। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि पानी यहां की सबसे बड़ी समस्या है। 18 हजार क्यूसेक पानी हम देते हैं। मान ने राजस्थान सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि मई-जून में सरकार ने नहर बंदी ली। पानी की जरुरत थी। तब नहर बंदी ली। हमने जुलाई-अगस्त में नहरबंदी लेने के कहा था। दूषित पानी को लेकर मान ने कहा कि हमने बुड्ढा नाला गंदा पानी को लेकर 600 करोड़ रुपये का बजट बनाया है। अगले तीन महीने में साफ पानी मिलने लगेगा। मान ने कहा कि श्रीगंगानगर की धरती पंजाब की धरती है। हमारी रिश्तेदारी, हमारी रिश्तेदारी श्रीगंगानगर से है। हमने करप्शन पर पंजाब में कानून बनाया है।

## गीता प्रेस को गांधी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

गांधी शांति पुरस्कार केन्द्र सरकार द्वारा स्थापित एक वार्षिक पुरस्कार है। वर्ष 1995 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 125वीं जयंती के अवसर पर उनके आदर्शों के प्रति श्रद्धांजलि स्वरूप इस पुरस्कार की स्थापना की गई थी। यह पुरस्कार राष्ट्रीयता, नस्ल, भाषा, जाति, पंथ या लिंग के भेदभाव के बगैर सभी व्यक्तियों के लिए खुला है।

पुरस्कार में एक करोड़ रुपए की राशि, एक प्रशस्ति पत्र, एक पट्टिका और एक उत्कृष्ट पारंपरिक हस्तकला एवं हथकरघा विशिष्ट कृति प्रदान की जाती है।इस पुरस्कार को पाने वाले विजेताओं में इसरो, रामकृष्ण मिशन, बांग्लादेश के ग्रामीण बैंक, विवेकानंद केंद्र (कन्याकुमारी), अक्षय पात्र (बेंगलुरु), एकल अभियान ट्रस्ट (भारत) और सुलभ इंटरनेशनल (नई दिल्ली) जैसे संगठन शामिल हैं। यह पुरस्कार प्राप्त करने वाले विशिष्ट व्यक्तियों में दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. नेल्सन मंडेला, तंजानिया के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. जूलियस न्येरेरे, श्रीलंका के सर्वोदय श्रमदान आंदोलन के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. ए.टी. अरियारत्ने, जर्मनी संघीय गणराज्य के डॉ. गेरहार्ड फिशर, बाबा आमटे, आयरलैंड के डॉ. जॉन ह्यूम, चेकोस्लोवाकिया के पूर्व राष्ट्रपति वाक्लेव हवेल, दक्षिण अफ्रीका के आर्कबिशप डेसमंड टूटू, चंडी प्रसाद भट्ट और जापान के योही ससाकावा शामिल हैं।हाल के वर्षों में 2019 में ओमान के सुल्तान कबूस बिन सैद अल सैद और 2020 में बांग्लादेश के बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान को गांधी शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

वर्ष 1923 में स्थापित गीता प्रेस विश्व में सबसे बड़े प्रकाशकों में से एक है। इसने 14 भाषाओं में 41.7 करोड़ पुस्तकों का प्रकाशन किया है।

TRUE VALUE MARUTI SUZUKI




Download on the App Store | Google play
अपनी कार बेचने के लिए स्कैन करें
यहाँ ऐप डाउनलोड करें।

- घर पर मूल्यांकन
- कीमत निर्धारण के लिए AI आधारित इंजन
- विस्तृत डिजिटल मूल्यांकन
- सरल पेपरवर्क
- 376 चेक पॉइंट
- 1 वर्ष तक की वारंटी और 3 मुफ्त सर्विस*
- कार का जांचा-परखा इतिहास

पूछताछ के लिए, कॉल करें 1800 102 1800 | www.marutisuzukitruevalue.com/hi-in/ पर जाएं

TRUE VALUE CERTIFIED

*Terms and Conditions apply. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. Creative visualization. Images used are for illustration purposes only. Car colour may vary due to printing on paper.

**JAIPUR: PADMAWATI COLONY- II, OPPOSITE METRO PILLAR NO 25, MANSAROVER METRO STATION JAIPUR,** VIPUL MOTORS PVT. LTD.: 9829351470, 9509157505, 9351044999 | **E-101, ROAD NO. 8, VKIA AREA, JAIPUR,** PREM MOTORS: 8058794068, 8058791634, 8058794091 | **E-197(A), RIICO INDUSTRIAL AREA, MANSAROVAR, JAIPUR,** KP AUTOMOTIVIES: 9116190342, 9116190346 | **B 1 GOVIND MARG, RAJAPARK OPP. PINK SQUARE MALL,** KP AUTOMOTIVE: 9549650533, 9116190344 | **A-209, RAJENDRA PRASAD NAGAR, 200FT BYPASS, AJMER ROAD, JAIPUR,** SATNAM MOTOCORP: 7413900007, 7413900009, 7821823626 | **13 JHOTWARA INDUSTRIAL AREA, NEAR JHOTWARA POLICE STATION, JAIPUR,** KTL: 7412068475, 9209056789.

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com **कोटा कार्यालय:**-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 **बीकानेर कार्यालय:**-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 **उदयपुर कार्यालय:**-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 **अजमेर कार्यालय:**-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 **जालोर कार्यालय :-** जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :-** जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 **चूरू कार्यालय:** एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908